क) स्वर्ण/चाँदी के आभूषणों/वस्तुओं की हॉलमार्किंग से उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा देने हेतु भामाब्यूरो ने देश भर में अपने क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से ज्वैलरों/उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष के दौरान, 40 ऐसे ज्वैलर्स के कार्यक्रम आयोजित किये गये।



HALLMARKING

HALLMARKING SCHEME OF GOLD/SILVER JEWELLERY

(i) Hallmarking of jewellery

Hallmarking of gold jewellery was started by BIS in April 2000 to provide third party assurance to consumers on the purity of gold jewellery or its fineness. The scheme for Hallmarking of silver jewellery/ artefacts was launched in October 2005. Under the Scheme, while the jewellers are granted licence to sell hallmarked jewellery, Assaying & Hallmarking centres are recognized to assay the purity of the jewellery submitted by the licensed jeweller, along with declaration of purity and to apply hallmark on such jewellery which is found conforming to relevant Indian Standard including declared fineness.

As on 31 March 2015, the number of operative licences for Hallmarking of gold and silver jewellery was 13112 and 936 respectively. The number of operative BIS recognized assaying and hallmarking centres was 331. During the year, 3.05 crore articles of gold and silver jewellery/ artefacts were hallmarked.

(ii) Implementation of the Scheme for setting up of gold Assaying and Hallmarking (A&H) centres in India with central assistance

Under the Government Scheme for Central Assistance for creating infrastructure, 1st instalment was provided to one centre, and 2nd instalment to four centres during the year, making the total number of such centrally assisted A&H centres to 47.

(iii) Promotion of Hallmarking

To promote hallmarking in the country for effective consumer protection in gold jewellery trade, awareness programmes for jewellers are organized by BIS through its various Regional and Branch offices across the country. During the year, 40 such jewellers' awareness programmes were organized.

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

प्रबंध पद्धतियों के संगत अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुसार भामाब्यूरो ने स्थिर गति से निम्नलिखित प्रमाणन सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा।

क) आईएस/आईएसओ 9001:2008 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस) प्रमाणन योजना

भामाब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (क्यूएमएससीएस) सितम्बर 1991 में आरंभ की गई थी। यह योजना आईएसओ/आईईसी 17021 'अनुरूपता मूल्यांकन – प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट करने वाले और प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाओं' के अनुसार प्रचालित की जाती है।



वर्ष के दौरान 53 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2015 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 905 हो गई। इनमें रसायन, धातु एवं धातु उत्पाद, सीमेंट, निर्माण, डेयरी संयंत्र, शिक्षा, विद्युत उत्पादन, इंजीनियरिंग सेवाएं, खनन, मशीनरी, पैट्रोलियम,प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल, वस्त्रादि और सेवा क्षेत्र जैसे वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, परिवहन इत्यादि औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

ख) आईएस/आईएसओ 14001:2004 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध प्रमाणन (ईएमएस) पद्धति योजना

भामाब्यूरो ने आईएस/आईएसओ 14001 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (ईएमएस) प्रारंभ की । यह भी आईएसओ/आईईसी 17021 में निर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार प्रचालित है। अप्रैल 2014–2015 के दौरान 27 नए ईएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए जिससे प्रचालन लाइसेंसों की संख्या 207 हो गई। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, ताप बिजली संयंत्र, विमान उद्योग, परमाणु बिजली घर, वैगन वर्कशाप, फार्मस्यूटिकल, मशीनरी, खनन, लोक प्रशासन इत्यादि शामिल हैं।

ग) आईएस/आईएसओ 18001:2007 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस) प्रमाणन योजना

भामाब्यूरो ने आईएस 18001 : 2007 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एव सुरक्षा प्रबंधन पद्धति (ओएचएसएमएस) प्रमाणन योजना आरंभ की थी। इससे कोई संगठन अपनी गतिविधियों से प्रभावित होने वाले उसके कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करने के लिए ऐसे महत्त्वपूर्ण खतरों और जोखिमों से जुड़ी

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION

BIS continued to provide the following Management Systems Certification services as per the corresponding standards and there has been a steady growth.

a) Quality Management System (QMS) Certification Scheme as per IS/ISO 9001:2008

BIS Quality Management System Certification Scheme (QMSCS) was launched in September 1991. The Scheme is being operated in accordance with standard ISO/IEC 17021 'Conformity assessment – Requirements for bodies providing audit and certification of management systems'.

During the year, 53 Quality Management System Certification licences were granted. As on 31 March 2015 the total number of operative licenses were 905, covering industrial sectors such as chemicals, metal and metal products, cement, construction, dairy plants, education, electricity generation, engineering services, mining, machinery, petroleum, plastic, pharmaceuticals, textiles, and service sector such as financial sector, health sector, insurance, information technology, telecommunications, transport etc.

b) Environmental Management System (EMS) Certification Scheme as per IS/ISO 14001:2004

The Environmental Management System (EMS) Certification Scheme was launched by BIS as per IS/ISO 14001. It is also operated as per the International criteria laid down in ISO/IEC 17021. During 2014-15, 27 new EMS licenses were granted making the total number of operative licenses to 207. These licenses cover technology areas like integrated steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power, wagon workshops, pharmaceuticals, machinery, mining, public administration etc.

c) Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) Certification Scheme as per IS 18001:2007

BIS launched Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) Certification Scheme as per IS 18001:2007, which essentially enables an organization to define, plan and manage policies and objectives, taking into account the legislative requirements and the

विधायी अपेक्षाओं एवं जानकारी को ध्यान में रखते हुए नीति और उद्देश्य तय कर सकता है, योजना बना सकता है, और प्रबंधन कर सकता है, जिन खतरों और जोखिमों को संगठन नियंत्रित कर सकता हो और जिनका प्रभाव कर्मचारियों पर पड़ने की संभावना है। वर्ष के दौरान 13 ओएचएसएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2015 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 87 हो गई। इन लाइसेंसों में ताप बिजली संयंत्र, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस पॉवर स्टेशन और स्वास्थ्य सेवाएं तथा कर्मचारी विकास केन्द्र, वस्त्रादि, प्लास्टिक, सीमेंट, निर्माण, विद्युत एवं दूरसंचार केबल, पैट्रोलियम रिफाइनरी, कीटनाशक, औद्योगिक और विस्फोटक रसायन, रेलवे आदि शामिल हैं।

घ) खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिन्दु (एचएसीसीपी) योजना

भा.मा.ब्यूरो आई.एस. 15000 के अनुसार स्टैंड एलोन एचएसीसीपी प्रमाणन योजना भी प्रदान करता है। 31 मार्च 2015 को 2 एचएसीसीपी स्टैंड एलोन लाइसेंस तथा 38 क्यूएमएस के साथ एकीकृत 38 लाइसेंस प्रचालन में थे।

ङ) आईएस/आईएसओ 22000:2005 के अनुसार खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति (एफएसएमएस) प्रमाणन योजना

भामाब्यूरो ने आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (एफएसएमएस) प्रारंभ की थी। इस पद्धति को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि खाद्य श्रृंखला में आने वाले सभी प्रकार के संगठन खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति को क्रियान्वित कर सकते हैं। 31 मार्च 2015 को 10 लाइसेंस प्रचालन में थे।

च) आईएस 15700:2005 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एसक्यूएमएस) प्रमाणन योजना

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एसक्यूएमएस) योजना अप्रैल 2007 में आरंभ की गई थी। यह आईएस 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धतियां – जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' पर आधारित है। यह मानक एक्रोस द काउंटर गुणता सेवा की सुपुर्दगी पर बल देता है। जो संगठन इस मानक को कार्यान्वित कर रहे हैं उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है। 2014–15 अवधि के दौरान 17 नए लाइसेंस स्वीकृत किए गए। 31 मार्च 2015 को कुल 40 लाइसेंस प्रचालन में थे।

छ) आईएस 50001 : 2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबंध पद्धति (ईएनएमएस) प्रमाणन योजना

भामाब्यूरो ने आईएस 50001 : 2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना 2013 में प्रारंभ की । किसी भी संगठन में इस योजना के कार्यान्वयन से उस संगठन को आवश्यक रूप से अनुकूलतम ऊर्जा प्राप्त होती और उपयोगीकरण, जिसके द्वारा ऊर्जा खर्च न्यूनतम करने तथा पर्यावरण संबंधी प्रभावों को कम करने में सहायता मिलती है। 31 मार्च 2015 को प्रचालन में 06 ईएनएमएस लाइसेंस प्रचालन में थे ।

information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. During the year, 13 OHSMS licenses were granted making the total operative licenses to 87 as on 31 March 2015. The licenses cover technology areas like thermal power plants, ceramic industry, cycle industry, gas power station, health services and employee development centres, textiles, plastic, cement, construction, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides, industrial and explosive chemicals, railways etc.

d) Hazards Analysis and Critical Control Point (HACCP) Scheme

BIS also offers a standalone HACCP Certification Scheme as per IS 15000. As on 31 March 2015, 02 HACCP stand-alone licences and 38 licences integrated with QMS, were in operation.

e) Food Safety Management System (FSMS) Certification Scheme as per IS/ISO 22000:2005

BIS has launched Food Safety Management System (FSMS) as per IS/ISO 22000:2005. This system is designed to allow all types of organization within the food chain to implement a food safety management system. As on 31 March 2015, 10 FSMS licences were in operation.

f) Service Quality Management System (SQMS) Certification Scheme as per IS 15700:2005

The Service Quality Management System (SQMS) Certification was launched by BIS in April 2007, based on the Indian Standard IS 15700:2005. This standard focuses on delivery of quality service across the counter by Public Service Organisations. Further, the organizations implementing this standard can be certified by BIS. During the period 2014-15, 17 new licenses were granted. As on 31 March 2015, total number of operative licenses were 40.

g) Energy Management System (EnMS) Certification Scheme as per IS 50001:2011

BIS launched the Energy Management Systems Certification Scheme as per IS/ISO 50001 in 2013. Implementation of this scheme essentially enables an organization to achieve and maintain optimum energy procurement and utilization, throughout the organization thereby minimizing energy costs and mitigating environmental effects. As on 31 March 2015, 06 EnMS licences were in operation.

ज) क्यूएमएस और ईएमएस का प्रत्यायन

भामाब्यूरो का गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन और पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाएं प्रमाणन निकायों का राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) के कार्यान्वयन पर विभिन्न सार्वजनिक सेवा सरकारी संगठनों में व्याख्यान दिए गए । विदेश मंत्रालय और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ बैठकें भी आयोजित की गईं । उद्योग के बीच ऊर्जा प्रबंध पद्धति (ईएनएमएस) के संवर्धन के भाग के रूप में क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों की बैठकों के साथ ईएनएमएस पर जागरूकता कार्यक्रम चंडीगढ़, नई दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई और चैन्नई में आयोजित किए गए ।

झ) प्रबंध पद्धति प्रमाणन का संवर्धन

विभिन्न सार्वजनिक सेवा सरकारी संस्थानों में आईएस 15700 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन(एसक्यूएमएस) के कार्यान्वयन पर व्याख्यान दिए गए । विदेश मंत्रालय और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ बैठकों का आयोजन भी किया गया। चंडीगढ़, नई दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई तथा चैन्नई में ऊर्जा प्रबंध पद्धति (ईएनएमएस) के संवर्धन के भाग के रूप में ईएनएमएस में जागरूकता कार्यक्रम क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों की बैठकों के साथ आयोजित किए गए ।

ञ) ऑडिटरों की बैठकें

इस अवधि के दौरान 05 ऑडिटरों की बैठकें आयोजित की गईं, जो मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालयों – प्रत्येक में एक बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पद्धति प्रमाणन ऑडिट करने के लिए पंजीकृत बाहरी ऑडिटरों और भामाब्यूरो के अधिकारियों ने भाग लिया ।

लाइसेंसधारियों की समीक्षा बैठक

भामाब्यूरो लाइसेंसधारियों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य के लिए तथा प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की समीक्षा तथा भामाब्यूरो की सेवाओं के बारे में लाइसेंसधारियों से फर्स्टहैंड प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की 5 समीक्षा बैठकें मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय और पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गई।

(कोलकाता में आयोजित प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की समीक्षा बैठक)

Management System Licensees Review Meeting organized at Kolkata

h) Accreditation of QMS and EMS

The Quality Management systems Certification and the Environmental Management Systems Certification Schemes of BIS are accredited by the National Accreditation Board for Certification Bodies (NABCB), Quality Council of India.

i) Promotion of Management Systems Certification:

Lectures were delivered on implementation of Service Quality Management Systems Certification (SQMS) as per IS 15700 in various public service government organizations. Meetings were also conducted with the Ministry of External Affairs and Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, New Delhi. As a part of promotion of Energy Management System (EnMS), awareness programmes on EnMS along with regional licensee meets were conducted in Chandigarh, New Delhi, Kolkata, Mumbai and Chennai.

j) Auditors' Meet

During the period, 05 Auditors' Meets were organized, one each by the Central Regional Office, Eastern Regional Office, Northern Regional Office, Southern Regional Office and Western Regional Office. These meets were attended by external auditors and BIS officers, registered for carrying out system certification audit.

k) Licensees' Review Meet

For the purpose of creating awareness and to receive first hand feedback about BIS services from the licensees, 05 Management Systems Licensees Review Meetings were organized, one each by the Central Regional Office, Eastern Regional Office, Northern Regional Office, Southern Regional Office and Western Regional Office.

अंतर्राष्ट्रीय तथा तकनीकी सूचना सेवाएं

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) एक स्वतंत्र गैर सरकारी सदस्यता वाला संगठन है और यह विश्व में स्वैच्छिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों का सबसे बड़ा विकासकर्ता है । भामाब्यूरो, आईएसओ का संस्थापक सदस्य है और विभिन्न तकनीकी समितियों, उपसमितियों, कार्यकारी समूह इत्यादि में सहभागी (पी) सदस्य अथवा पर्यवेक्षक(ओ) सदस्य के रुप में कार्य करके अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में सक्रिय रूप में कार्यरत है। मार्च 2015 को भामाब्यूरो, आईएसओ की 416 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का 'पी' सदस्य था और आईएसओ की 247 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का 'ओ' सदस्य था। भामाब्यूरो आईएसओ की नीति बनाने वाली विभिन्न समितियों की बैठकों में भी भाग लेता है और वर्तमान में आईएसओ तकनीकी प्रबंध बोर्ड (आईएसओ टीएमबी) का सदस्य है, जो आईएसओ में मानकीकरण के संदर्भ में विभिन्न नीति संबंधी मामले देखती है । भामाब्यूरो के पास आईएसओ की कुछ ऐसी महत्वपूर्ण समितियों का सचिवालय भी है, जिनसे भारत का व्यापारिक हित जुड़ा है ।

अंतर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी संगठन (आईईसी) की स्थापना 1906 में हुई थी और यह सभी विद्युत, इलैक्ट्रानिक तथा संबद्ध प्रौद्योगिकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक तैयार करने और प्रकाशित करने वाला अग्रणी संगठन है । भारत आईईसी में आईईसी की भारतीय राष्ट्रीय समिति के माध्यम से प्रतिनिधित्व करता है, भामाब्यूरो के महानिदेशक जिसमें अध्यक्ष हैं । राष्ट्रीय समिति के अन्य सदस्य, भारत में इलैक्ट्रो–प्रौद्योगिकी के विभिन्न स्टेकहोल्डरों के प्रतिनिधि हैं। मार्च 2015 तक आईईसी की 74 तकनीकी समितियों/उपसमितियों में भारत 'पी' सदस्य है तथा आईईसी की 79 तकनीकी समितियों/उपसमितियों में 'ओ' सदस्य था । अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में भामाब्यूरो की ऐसी भागीदारी से भारतीय व्यापार और उद्योग के हितों के संरक्षण में मदद मिलती है। आईईसी की भारतीय राष्ट्रीय समिति, आईईसी के मानकीकरण प्रबंध बोर्ड की सदस्य है, जो आईईसी के मानकीकरण से संबंधित नीति संबंधी मामलों को देखती है ।

भा मा ब्यूरो मानकीकरण, परीक्षण, प्रमाणन प्रशिक्षण इत्यादि संबंधी क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों में भी सक्रियता से शामिल हुआ । अब तक भा मा ब्यूरो ने 26 देशों के राष्ट्रीय मानक निकायों से समझौता ज्ञापन (एमओयू)/परस्पर मान्यता करार (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए हैं । भामाब्यूरो ने सार्क देशों के लिए सार्क सदस्य राज्यों की सरकारों द्वारा बनाये गए क्षेत्रीय निकाय सार्क मानक संगठनों के माध्यम से सार्क देशों के लिए अनुरुपता मूल्यांकन योजनाओं पर क्षेत्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई है । इस संबंध में सितम्बर 2014 के दौरान नई दिल्ली में एएआरएसओ की क्षेत्रीय तकनीकी समितियों की तीन बैठकों का आयोजन किया।

INTERNATIONAL AND TECHNICAL INFORMATION SERVICES

International Organization for Standardization (ISO) is an independent, non-governmental membership organization and the world's largest developer of voluntary International Standards. BIS is a founder member of ISO and is actively involved in development of International Standards by acting as Participating (P) member or Observer (O) member on various Technical Committees, Sub-Committees, Working Groups, etc. As on March 2015, BIS was a 'P' member in 416 Technical Committees/ Subcommittees of ISO, and 'O' Member in 247 Technical Committees/ Subcommittees of ISO. BIS also participates in various policy-making committees of ISO and is presently a member of the ISO Technical Management Board (ISO TMB) which deals with policy related matters w.r.t Standardisation in ISO. BIS holds the secretariat of some important ISO Committees dealing with subjects that are of trade interest to India.

International Electro-technical Commission (IEC) was founded in 1906 and is the world's leading organization for the preparation and publication of International Standards for all electrical, electronic and related technologies. India is represented in IEC through the Indian National Committee of IEC in which DG, BIS is the President. The other members of the National Committee represent the various stakeholders of electro-technology activity in India. As on March 2015, India was 'P' member in 74 Technical Committees/ Subcommittees of IEC, and 'O' Member in 79 Technical Committees/ Subcommittees of IEC. Such participation by BIS in the development of International Standards helps in protecting the interests of Indian trade and industry. Indian National Committee of IEC is a member of Standardisation Management Board of IEC, which deals with policy related matters concerning Standardisation in IEC.

BIS was also actively involved in the Regional and Bi-lateral Co-operation Programmes pertaining to standardization, testing, certification, training etc. So far, BIS has signed Memorandum of Understanding (MoU)/Mutual Recognition Agreements (MRA) with national standards bodies of 26 countries. BIS played an active role in formulation and implementation of regional standards on conformity assessment scheme for the SAARC countries through the regional body SAARC Standards Organisation created by Governments of SAARC member states. In this regard 3 meetings of Sectoral Technical committees of SARSO were conducted at New Delhi during September 2014.

डब्ल्यूटीओ–टीबीटी मामले

भामाब्यूरो ने डब्ल्यूटीओ–टीबीटी पूछताछ बिंदु के रुप में अपनी गतिविधियां जारी रखी । भामाब्यूरो ने राष्ट्रीय हित के विभिन्न मामलों पर वाणिज्य मंत्रालय एवं उद्योग के साथ परस्पर संपर्क कार्य किया। राष्ट्रीय एवं अन्य देशों, दोनों के मानकों एवं अनुरुपता मूल्यांकन पद्धतियों संबंधी सभी समुचित पूछताछों का उत्तर दिया।

भामाब्यूरो के वाणिज्य विभाग, भारत सरकार और सी आई आई की भागीदारी से 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मानकों की भूमिका, चुनौतियां, अवसर और मुद्दे' विषय पर नई दिल्ली में अप्रैल 16–17, 2014 को मानक कान्क्लेव का आयोजन किया ।

आईएसओ में सहभागिता

● 8–12 सितम्बर 2014 के दौरान आईएसओ महासभा तथा संबद्ध बैठकों में रियो डी जेनेरियो में 4 सदस्यीय भारतीय शिष्टमंडल ने भाग लिया । इस अवधि के दौरान शिष्ट मंडल ने एसएमई पर एसएबीआरएई संगोष्ठी, डेवको बैठकों तथा आईएसओ महासभा में सक्रिय रुप से भाग लिया । इस शिष्ट मंडल ने 10 सितम्बर 2014 को पीएएससी कार्यकारिणी की बैठक में भी भाग लिया । नई दिल्ली में पीएसी की अगली बैठक कार्यसूची का प्रस्ताव भी भारतीय शिष्ट मंडल ने रखा, जिसे पीएएससीईसी ने सिद्धांततः अनुमोदित किया । शिष्टमंडल ने सीईएन–सीईएनईएलईसी, यूरोप तथा जीआईएससी, जापान के साथ प्रासंगिक बैठकों में भी भाग लिया, जिनमें मानक और अनुरुपता मूल्यांकन के क्षेत्र से संबंधित पारस्परिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया ।

● भामाब्यूरो आईएसओ तकनीकी प्रबंध बोर्ड (टीएमबी) में तीन वर्ष, अर्थात् 1 जनवरी 2013 से 31 दिसम्बर 2015 के लिए चुना गया है । भामाब्यूरो ने क्रमशः जेनेवा में 3–5 जून 2014, ब्राजील में 8–9 सितम्बर 2014 तथा मियामी, एफएल, यूएसए में 23–24 फरवरी 2015 में हुई आईएसओ तकनीकी प्रबन्ध बोर्ड (टीएमबी) की 60वीं, 61वीं तथा 62वीं बैठक में भाग लिया । इन बैठकों में आईएसओ के कार्य में विकासशील अर्थव्यवस्था की सहभागिता बढ़ाना, बौद्धिक संपदा अधिकार, आईएसओ की नीतिगत योजना 2016–20, आई एस ओ की कार्यकारिता उपलब्धियों की समीक्षा, आई एस ओ तकनीकी समिति की स्थापना से संबंधित मामलों, आई एस ओ मार्गदर्शिका का पुनरीक्षण इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआ । आईएसओ तकनीकी समिति/उपसमितिया इसके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्यकारिता के लिए दिए जाने वाले एल. डी. आयशर लीडरशीप एवार्ड पर निर्णय लेने के लिए बनी समिति में भामाब्यूरो को एक सदस्य के रुप में नामित किया गया।

(आईएसओ/टीसी 229 नेनोटेक्नोलॉजी की 17वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।)
17th Meeting of ISO TC 229 'Nanotechnologies', organized at New Delhi

WTO-TBT Matters

BIS continued its activities as the WTO / TBT Enquiry Point. BIS worked in close interaction with the Ministry of Commerce and Industry on various issues of national interest. All valid queries pertaining to Standards and Conformity Assessment systems, both national and of other countries were replied.

BIS in partnership with Department of Commerce, Govt. of India, and CII organized a Standards Conclave on 'Role of Standards in International Trade: Challenges, Opportunities and Issues' on April 16-17, 2014 at New Delhi.

Participation in ISO

● A four member Indian delegation attended the 'ISO General Assembly' and related meetings at Rio-de-Janeiro during 8 - 12 September 2014. The delegation actively participated in the SABRAE Seminar on SMEs, DEVCO meeting and the ISO General Assembly held during this period. The delegation also participated in PASC Executive Committee Meeting on 10 Sep 2014. The agenda for the next PASC Meeting to be held in New Delhi was proposed by the Indian delegation which was approved in principle by the PASC EC. The delegation also had sideline meetings with CEN-CENELEC, Europe and JISC, Japan wherein matters relating to mutual co-operation in the field of Standards and conformity assessment were discussed.

● BIS has been elected to the ISO Technical Management Board (TMB) for three years i.e. 1 Jan 2013 to 31 Dec 2015. BIS attended the 60th, 61st and 62nd meeting of ISO Technical Management Board (TMB) held at Geneva during 3-5 June 2014, Brazil during 8-9 Sep 2014 and Miami, FL, USA during 23-24 Feb 2015 respectively. During these meetings important issues such as increasing participation of developing economies in ISO work, Intellectual Property rights, ISO Strategic Plan 2016-20, reviewing performance/ achievements of ISO, matters relating to establishment of ISO technical committees, revision of ISO guides etc were discussed. BIS was nominated as a member on the Committee to finalize the L.D. Eicher Leadership Award given to the ISO Technical Committee/Sub Committee for its significant contribution and superior performance.

● **आईएसओ / टीसी 229 'नैनोटेक्नोलॉजी'**

आईएसओ टीसी 229 नेनोटेक्नोलॉजी की 17वीं बैठक 3–7 नवम्बर 2014 में नई दिल्ली में हुई, जिसकी भामाब्यूरो और राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला ने संयुक्त रुप से इसकी मेजबानी की थी । इस बैठक में 25 विभिन्न देशों के लगभग 140 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नैनोटेक्नोलॉजी–चुम्बकीय नैनोपार्टिकल, अभिलक्षण तथा मापक के द्रव निलम्बन के विषय पर बैठक में व्यापक चर्चा हुई।

आईईसी में सहभागिता

● पांच सदस्यीय भारतीय शिष्टमंडल ने 10–14 नवम्बर 2014 के दौरान टोक्यो, जापान में आयोजित आईईसी जीएम 2014 में भाग लिया। आईईसी बैठकों के अलावा आईईसी महासचिव, मानकों तथा अनुरुपता मूल्यांकन के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आईईसी सेन्ट्रल आफिस अधिकारियों, जर्मन शिष्टमंडल तथा द सीईएन/सीईएनईएलएसी के शिष्टमंडल के साथ प्रासंगिक बैठकों का आयोजन भी किया गया ।

● आईईसी की भारतीय राष्ट्रीय समिति द्वारा नामित प्रतिनिधि आईईसी मानकीकरण प्रबंध बोर्ड (एसएमबी) के सदस्य के रू- में चुना गया यह 2015 –2017 की अवधि के लिए आईईसी का शीर्ष निकाय है।

आईएसओ/आईईसी तकनीकी समिति की बैठकों में सहभागिता

● भामाब्यूरो की तकनीकी समितियों के सदस्यों ने आईएसओ/आईईसी की विभिन्न तकनीकी समितियों की बैठकों में भाग लिया और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में प्रभावी रुप से योगदान दिया।

क्षेत्रीय सहयोग कार्यक्रम में सहभागिता

भामाब्यूरो ने निम्नलिखित क्षेत्रीय सहयोग कार्यक्रमों में भाग लिया :

● भामाब्यूरो के शिष्टमंडल ने 5–9 मई 2014 के दौरान कुआलालम्पुर, मलेशिया में आयोजित 37वीं पेसिफिक एरिया स्टैण्डर्डस कांग्रेस (पीएएससी) की बैठक में भाग लिया। पीएएससी सदस्यों में से 19 अन्य राष्ट्रीय मानक निकायों के प्रतिनिधियों के साथ भामाब्यूरो ने भाग लिया। आईएसओ, आईईसी, आईटीयू तथा सीओपीएएनटी, एसीसीएसक्यू, एपीएलएसी तथा पीएसी जैसे अन्य राष्ट्रीय निकायों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया ।

● मानक हेतु व्यापार सुविधा, तकनीकी विनियमों तथा अनुरुपता मूल्यांकन पर 4–5 सितम्बर 2014 के दौरान रियो डी जेनेरियो, ब्राजील में आईबीएसए समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन के लिए भविष्य की कार्यवाही की समीक्षा और विचार विमर्श करने के लिए आईबीएसए गुणता अवसंरचना संगठन की चौथी बैठक में तीन सदस्य भारतीय शिष्टमंडल ने भाग लिया ।

● भामाब्यूरो ने नई दिल्ली में 21–26 सितम्बर 2014 के दौरान निम्नलिखित सार्क सेक्टोरल तकनीकी समिति (एसटीसी) की बैठकों का आयोजन किया :

i) खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर एसटीसी की चौथी बैठक

● **ISO/TC 229 'Nanotechnologies'**

The 17th Meeting of ISO/TC 229, Nanotechnologies was held at New Delhi from 3-7 November 2014, jointly hosted by BIS and National Physical Laboratory. The meeting was attended by about 140 delegates from 25 different countries. The subject of Nanotechnology – 'Liquid Suspension of Magnetic Nanoparticles, Characteristic and Measurement', was discussed at length in the meeting.

Participation in IEC

● A five member Indian delegation participated in the IEC GM 2014 during 10-14 November 2014 at Tokyo, Japan. Apart from IEC meetings, sideline meetings with IEC General Secretary, IEC Central office officers, German delegation and the CEN/CENELAC delegation were held with a view to enhance bi-lateral co-operation in the fields of standards and conformity assessment.

● A representative, nominated by the Indian National committee of IEC was elected as member of IEC Standardization Management Board (SMB) which is the apex body of IEC for the period 2015-2017.

Participation in ISO / IEC Technical Committee Meetings

● Members of technical committees of BIS participated in various ISO/IEC Technical Committees and contributed effectively in the development of various International Standards.

Participation in Regional Co-operation Programmes

BIS participated in the following regional co-operation programmes:

● A delegation from BIS attended 37th Pacific Area Standards Congress (PASC) meeting during 5-9 May 2014, in Kuala Lumpur, Malaysia. BIS along with representatives of 19 other national standards bodies of the PASC members participated in the meeting. Representatives from the ISO, the IEC, the ITU and other regional bodies such as COPANT, ACCSQ, APLAC and PAC also attended the meeting.

● A three member Indian delegation participated in the fourth meeting of IBSA Quality Infrastructure Organization to review and discuss future actions for implementation of the IBSA MoU on Trade Facilitation for Standards, Technical Regulations and Conformity Assessment at Rio-de-Janeiro, Brazil during 4-5 Sep 2014.

● BIS organized the following SAARC Sectoral Technical Committee (STC) meeting during 21-26 Sep 2014 at New Delhi:

i) Fourth meeting of STC on Food and Agriculture Products,

ii) रसायन तथा रासायनिक उत्पादों पर एसटीसी की पहली बैठक

iii) विद्युत, इलैक्ट्रानिक्स, दूरसंचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर

एसटीसी की पहली बैठक

भारत ने सार्क देशों के बीच सहयोग और मानकीकरण गतिविधि, जो इस क्षेत्र में व्यापार को सुकर बनाने के माध्यमों में से एक है, को सक्रिय रुप से जारी रखा है । बैठक के दौरान पहचान किए गए विषयों, जो समिति के विषय क्षेत्र के अंतर्गत हैं, पर सदस्य देशों के राष्ट्रीय मानकों के सुमेलन के माध्यम से एसएआरएसओ मानक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

(खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर सार्क सेक्टोरल तकनीकी समिति की चौथी बैठक)
4th meeting of SAARC Sectoral Technical Committee on Food and Agriculture Products

ii) First meeting of the STC on Chemical and Chemical Products,

iii) First meeting of STC on Electrical, Electronics Telecom and IT,

India has been actively pursuing the co-operation among SAARC countries and the standardization activity is one of the means to facilitate trade within the region. During the meetings, it was decided to formulate SARSO standards on the identified subjects, covered under the scope of the Committee, by harmonizing National Standards of Member Countries.

द्विपक्षीय सहयोग में सहभागिता

• भामाब्यूरो ने वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के लिए घनिष्ठ संपर्क रखते हुए जर्मनी, जापान, बंगलादेश, रूस, ओमान, स्लोवा, ताईवान, किर्गिस्तान जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग की दिशा में कार्य करना जारी रखा ।

• इंडो–जर्मन द्विपक्षीय सहयोग के अंतर्गत खिलौनों की निरापदता और अनुरूपता मूल्यांकन, मानकीकरण और सहयोग के अन्य विषयों के साथ–साथ पहचाने गए क्षेत्रों में से एक क्षेत्र है। इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापार आसान बनाने के लिए भारतीय मानकों और डीआईएन मानकों में अंतराल की पहचान करने के लिए अंतराल विश्लेषण किया गया है ।

Participation in Bilateral Co-operation Programmes

• BIS continued to work towards closer bi-lateral co-operation with countries such as Germany, Japan, Bangladesh, Russia, Oman, Slovak, Taiwan, Kyrgyzstan in close association with the Ministry of Commerce and the Ministry of External Affairs.

• Under the Indo-German bilateral cooperation in the area of standardization and conformity assessment safety of toys has been identified as one of the areas along with other subjects for co-operation. Gap analysis has been done to identify gaps in Indian standards and DIN standards and regulation to facilitate trade in this area between the two countries.

• वर्ष के दौरान निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए :

• 29 अक्टूबर 2014 को भामाब्यूरो और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय, ओमान सल्तनत, जिसका प्रतिनिधित्व स्टैण्डर्डस एंड मैट्रॉलोजी सल्तनत के महानिदेशक (डीजीएसएम) कर रहे थे, द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । इस समझौता ज्ञापन के विषय क्षेत्र में मानकीकरण, गुणता, अनुरूपता तथा प्रमाणन को सुदृढ करने के आम उद्देश्य की दिशा में घनिष्ठ सहयोग

• The following Memorandum of Understanding (MoU's) were signed during the year:

• A MoU was signed between BIS and The Ministry of Commerce and Industry, Sultanate of Oman represented by the Directorate General for Standards and Metrology (DGSM), Sultanate of Oman on 29 October 2014. The scope of this MoU is to facilitate closer co-operation towards the common aim of strengthening standardization, quality,

भामाब्यूरो, भारत तथा डीजीएसएम ओमान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
Signing of MoU between BIS, India and DGSM, Oman

बढ़ाना शामिल है । इस समझौता ज्ञापन के विषय क्षेत्र में मापन और परीक्षण गतिविधियों और पारस्परिक व्यापार, आर्थिक और औद्योगिक विकास के हितों में विशेषज्ञता शेयर करना तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं को हटाना भी शामिल है ।

• भामाब्यूरो पारम्परिक रूप से आईएसओ और आईईसी के मानकों को अपनाता रहा है, किंतु स्टेकहोल्डरों के अनुरोध पर भामाब्यूरो ने अब आवश्यकता के आधार पर विशिष्ट क्षेत्रों में अन्य अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठनों (एसडीओ) के मानकों को अपनाने का निर्णय लिया है । इस संदर्भ में भामाब्यूरो ने 21 जनवरी 2015 को इंस्टीट्यूट ऑफ इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियर्स, यूएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ।

• भामाब्यूरो और जैपनीज इंडस्ट्रियल स्टैण्डर्डस कमेटी (जेआईएससी) के बीच वर्तमान समझौता ज्ञापन के अंतर्गत जैपनीज स्टैण्डर्डस एसोसिएशन (जेएसए/जेआईएससी), जापान के शिष्टमण्डल ने अपने युवा स्टाफ सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 03–05 नवम्बर 2014 के दौरान भामाब्यूरो का दौरा किया और भामाब्यूरो के विभिन्न विभागों के साथ विचार–विमर्श किया ।

• जैपनीज शिष्टमंडल ने सहयोग ज्ञापन (एमओसी) और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार–विमर्श की गतिविधि आरंभ करने के लिए 26 मई 2014 को भामाब्यूरो का दौरा किया ।

• ब्रिटिश स्टैण्डर्डस इंस्टीट्यूशन (बीएसआई) के मानकों के निदेशक ने 21 अक्टूबर 2014 को भामाब्यूरो का दौरा किया, जिसके दौरान मानकीकरण के क्षेत्र में भामाब्यूरो और बीएसआई के बीच सहयोग पर विचार–विमर्श हुआ ।

तकनीकी सूचना सेवायें

भामाब्यूरो उद्योग, आयातकों, निर्यातकों, व्यक्तियों और सरकारी एजेंसियों को उनकी पूछताछ के उत्तर में तकनीकी सूचना सेवा देता है। वर्ष के दौरान इस प्रकार की 400 से अधिक पूछताछों का उत्तर दिया गया है।

पहचान संख्या की स्पोंसरशिप

क) जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन)

अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ/आईईसी 7812 – 1 अंतर्राष्ट्रीय और/तथा अंतर उद्योग विनिमय में प्रयोग के लिए पहचान कार्डों के जारीकर्ता की पहचान के लिए एक नंबरिंग सिस्टम निर्दिष्ट करता है। यह मुख्य उद्योग और कार्ड जारीकर्ता की पहचान करता है। भामाब्यूरो आईएसओ 7812 – 1 के अनुसार अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) को बैंक/वित्तीय संगठनों के आवेदन स्पोंसर करने के माध्यम से आईआईएन जारी करना सुविधा जनक बनाता है। वर्ष के दौरान चार जारीकर्ता पहचान संख्याएं जारी की गईं।

ख) विश्व विनिर्माता पहचानकर्ता डब्ल्यूएमआई संख्या

सोसाइटी ऑफ आटोमोटिव इंजीनियर्स (एसएई), यूएसए के साथ समन्वय से भामाब्यूरो भारत में आटोमोबाइल विनिर्माता और निर्यातकों को आईएसओ 3780:1983 सड़क वाहन–विश्व विनिर्माता पहचानकर्ता (कोड) जारी करता। वर्ष के दौरान 72 डब्ल्यू एम आई कोड जारी किये गये

conformity assessment and certification. The MoU also includes in its scope measurements and testing activities and facilitate sharing of expertise in the interest of mutual trade, economic and industrial development and removal of technical barriers to trade.

• BIS, traditionally has been adopting standards of ISO and IEC. However, as requested by stakeholders, BIS has now decided to adopt Standards from other International Standards Development Organizations (SDOs) in specific areas based on the need. In this respect, BIS has signed an MoU with the Institute of Electrical and Electronics Engineers, US on 21 January 2015.

• Under the existing MoU between BIS and Japanese Industrial Standards Committee (JISC), Japan delegation from Japanese Standards Association (JSA)/ JISC Japan, visited BIS during 03-05 Nov 2014 under their Young staff member training programme and held discussions with various departments of BIS.

• A Japanese delegation visited BIS on 26 May 2014 for initiation of activation of the Memorandum of Co-operation (MoC) and discussions on other bilateral issues.

• Director of Standards, British Standards Institution (BSI) visited BIS on 21 Oct 2014 during which discussions were held regarding co-operation between BIS and BSI in the field of standardization.

TECHNICAL INFORMATION SERVICES

BIS provides Technical Information Services to industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. More than 400 such enquiries were responded during the year.

Sponsorship of Identification Numbers

(a) Issuer Identification Number (IIN)

The International Standard ISO/IEC 7812-1 specifies a numbering system for the identification of issuers of the identification cards used in International and/ or inter-industry interchange. It identifies the major industry and the card issuer. BIS facilitates issue of IIN as per ISO 7812-1 by sponsoring applications of Banks/ Financial Organizations to the American Bankers Association (ABA). Four Issuer Identification numbers were issued during the year.

(b) World Manufacturer Identifier (WMI) number

In co-ordination with the Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS issues WMI Codes as per ISO 3780: 1983 Road Vehicles - World Manufacturer Identifier (Code) to automobile manufacturers and exporters in India. In all 72 WMI Codes were issued during the year.

प्रशिक्षण सेवायें

उद्योग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा (निट्स) उद्योग जगत के लिए 53 इन–हाउस कार्यक्रम, उद्योग के लिए 7 लीड ऑडिटर पाठ्यक्रमों सहित 49 ओपन कार्यक्रम, उपभोक्ता संगठनों हेतु 4 कार्यक्रम एवं तकनीकी समिति के सदस्यों एवं मानक विकसित करने वाले संगठनों हेतु 5 कार्यक्रम आयोजित किये । इन कार्यक्रमों के माध्यम से निट्स ने लगभग 3.62 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया।

कुछ महत्वपूर्ण आयोजित किये गये कार्यक्रमों में निम्नलिखित पाठ्यक्रम शामिल थे :

क) प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस, ईएमएस, ओएचएसएमएस) , लीड असेसर का पाठ्यक्रम, जागरूकता एवं आंतरिक ऑडिट, सेवा गुणता प्रबंध पद्धतियां

ख) प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धतियां एवं चिकित्सा प्रयोगशाला क्यूएमएस

ग) मापन अनिश्चितता

घ) आईएलसी / पीटी एवं जेड–स्कोर का आंकलन

ड) भामाब्यूरो लाइसेंसधारक एवं आवेदकों हेतु

च) मानकीकरण

विकासशील देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईटीपी)

निम्नलिखित आईटीपी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय सहायता से आयोजित किए गए।

क) प्रबंध पद्धति पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (01–26 सितम्बर 2014) में 15 विकासशील देशों के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

TRAINING SERVICES

Training Programmes for Industry

During the year, National Institute of Training for Standardization (NITS) organized 53 In-house programmes, 49 Open programmes including 7 Lead Auditors courses for the industry, 4 programs for consumer organizations and 5 programs for Technical Committee Members and Standards Developing Organizations. NITS through these programme generated a revenue of around Rs. 3.62 crore.

Some of the important programs conducted included courses on:

a) Management Systems (QMS, EMS, OHSMS), Lead Assessor's courses, Awareness and Internal Audit, Service Quality Management Systems

b) Laboratory Quality Management Systems and Medical Labs QMS

c) Measurement Uncertainty

d) ILC/PT and evaluation of z-scores

e) For BIS licensees and applicants

f) Standardization

International Training Programmes (ITP) for Developing Countries

The following ITPs were organised with the financial support from Ministry of External Affairs, Government of India.

a. The 11th International Training Programme on Management Systems (01-26 September 2014), attended by 20 participants from 15 developing countries.

मानकीकरण एवं गुणता आश्वासन संबंधी 47वें आईटीपी के प्रतिभागी
Participants of 47th ITP on Standardization and Quality Assurance

ख) मानकीकरण और गुणता आश्वासन पर 47वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (13 अक्तूबर से 5 दिसम्बर 2014) में 17 विकासशील देशों के 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ग) विकासशील देशों हेतु प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति पर पाँचवे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (02–20 फरवरी 2015) में 19 विकासशील देशों के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

श्रीलंका स्टैण्डर्डस इस्टीट्यूट के विशेष अनुरोध पर नमूना लेने की तकनीक पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (31 मार्च से 04 अप्रैल 2014) आयोजित किया गया जिसमें 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इन कार्यक्रमों में 33 विभिन्न देशों से कुल 77 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भामाब्यूरो कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, विशेषत: भामाब्यूरो के कर्मचारियों के लिए 21 कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमे निम्नलिखित शामिल हैं:

क) नये भर्ती वैज्ञानिक बी के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

ख) नये भर्ती तकनीकी सहायकों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

ग) नये भर्ती सहायक निदेशक (ए एंड एफ) एवं उप निदेशक (ए एंड एफ) के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

घ) नये भर्ती कनिष्ठ आशुलिपिकों एवं निम्न श्रेणी लिपिकों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

ड) प्रमाणन गतिविधियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

च) हालमार्किंग एवं ए एंड एच केन्द्रों के ऑडिट संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

छ) हालमार्किंग के ट्रैनर कार्यक्रम का प्रशिक्षण

ज) प्रत्येक क्षेत्र के अधिकारियों के लिए निवारक सतर्कता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

झ) ग एवं घ ग्रेड कर्मचारियों के लिए कुशलता उन्नयन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

ण) अनुरूपता मूल्यांकन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

इन कार्यक्रमों में भामाब्यूरो के 398 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। भामाब्यूरो के 33 कर्मचारियों को अन्य ओपन कार्यक्रमों में भी प्रशिक्षित किया गया।

b. The 47th International Training Programme on Standardization and Quality Assurance (13 October to 5 December 2014), attended by 27 participants from 17 developing countries.

c. 5th International Training Programme on Laboratory Quality Management System for developing countries (02-20 February 2015), attended by 30 participants from 19 developing countries.

An International Training Programme was also organized on specific request from the Sri Lanka Standards Institute on Sampling Techniques (31 March to 04 April 2014) was attended by 07 participants. .

In these programs, a total of 77 participants from 33 different countries participated.

Training Programmes for BIS Employees

During the year, 21 programmes were exclusively organized for BIS officials, which included the following:

a. Induction Training Program for newly recruited Scientists B

b. Induction Training Program for newly recruited Technical Assistants

c. Induction Training Program for newly recruited ADs(A&F) and DDs(A&F)

d. Induction Training Program for newly recruited Junior Stenos and LDCs

e. Refresher Course in Certification Activities

f. Training Programme on 'Hallmarking and Audit of A and H Centres'

g. Training of Trainers program in Hallmarking

h. Training Programme on Preventive Vigilance for officers at each region

I. Training Program on Skill up-gradation for C & D grade employees

j. Training Program on Conformity Assessment

398 BIS employees were trained in these programmes. 33 BIS employees were also trained in other open programmes.

240

उपभोक्ता मामले

भामाब्यूरो, केन्द्रित एवं समयबद्ध तरीके से अपने सभी स्टेकहोल्डरों को मानकीकरण एवं प्रमाणन संबंधी अपनी सेवायें एवं लाभ उपलब्ध कराने का प्रयास करता है। उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता से संबद्ध विभिन्न गतिविधियों का निपटान करता है जिनमें भामाब्यूरो के स्टेकहोल्डरों हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार एवं विश्व मानक दिवस का आयोजन शामिल है।

क) उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम –

उपभोक्ताओं के बीच मानकीकरण, प्रमाणन एवं गुणता चेतना की अवधारणा को बढ़ाने के लिए, उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से तथा विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों के माध्यम से नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान देशभर में ऐसे 292 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

लखनऊ में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम
Consumer Awareness Program Organzed at Lucknow

ख) उद्योग हेतु जागरूकता कार्यक्रम –

उद्योगों में मानकीकरण की अवधारणा उत्पाद प्रमाणन, प्रबंध पद्धति प्रमाणन एवं अन्य भामाब्यूरो गतिविधियों को प्रचारित करने के लिए वर्ष के दौरान उद्योग जागरूकता के लिए 113 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में व्याख्यान एवं चर्चाएं शामिल थीं। उद्योग को ध्यान आकृष्ट करने के आधार पर विशेष औद्योगिक सैक्टरों से संबद्ध मानकों पर भी प्रकाश डाला गया।

कानपुर में आयोजित उद्योग जागरूकता कार्यक्रम
Industry awareness program organized at Kanpur

ग) मानक की शैक्षिक उपयोगिता पर कार्यक्रम –

भामा ब्यूरो मानकीकरण की अवधारणा एवं इसके लाभों को युवाओं के मस्तिष्क में बैठाने के लिए छात्रों और विद्यालय एवं कॉलेजों इत्यादि की फैकल्टी के लिए मानकों की शैक्षिक उपयोगिता (ईयूएस) पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। मानकीकरण के सिद्धांतों एवं व्यावहारिक रीतियों से तकनीकी संस्थानों के छात्रों को परिचित कराने की आवश्यकता एवं देश के औद्योगिक विकास में मानकीकरण की महत्ता की जरूरत भी महसूस की जा रही है। अवधि के दौरान भामाब्यूरो ने ईयूएस पर 62 कार्यक्रम आयोजित किए।

देहरादून में आयोजित मानकों की शैक्षिक उपयोगिता पर कार्यक्रम
Educational Utilization of Standards programme organized at Dehradun

घ) विश्व मानक दिवस :

भामाब्यूरो ने विश्वव्यापी हजारों विशेषज्ञों के सार्थक प्रयासों को सराहना देने के लिए दिनांक 14 अक्तूबर 2014 को विश्व

CONSUMER AFFAIRS

BIS endeavours to provide its services and the benefits of standardization and certification to all its stakeholders in a focused and time bound manner. The Consumer Affairs department handles various consumer related activities which includes organizing various awareness programmes for the stakeholders of BIS, organising Rajiv Gandhi National Quality Award and World Standards Day.

(a) Consumer Awareness Programmes:

For promoting the concept of standardization, certification and quality consciousness among consumers, awareness programmes were organized on a regular basis through various Regional and Branch Offices, some of them in association with Consumer Organizations. During the year, 292 such programmes were organized throughout the country.

(b) Industry Awareness Programmes:

To propagate the concept of standardization, product certification, management systems certification and other BIS activities amongst Industries, 113 Industry Awareness Programmes were organized during the year. These programme consisted of lectures and discussions. Standards relating to specific industrial sectors, depending on concentrations of industries in the area were also highlighted during these programmes.

(c) Educational Utilization of Standards Programmes:

BIS organizes Educational Utilization of Standards Programmes (EUS) for students and faculties of schools, colleges etc., to inculcate the young minds with the concepts and benefits of standardization. The need for familiarizing the students of technical institutions with the principles and practices of standardization is being increasingly felt due to the importance of standardization in the industrial development of our country. During the year, BIS has organized 62 EUS Programmes.

(d) World Standards Day:

BIS celebrated the World Standards Day on 14 Oct 2014 to pay tribute

मानक दिवस का आयोजन किया है जो ऐसे स्वैच्छिक तकनीकी करार विकसित करते हैं जो अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय मानकों के रूप में प्रकाशित होते हैं। विश्व मानक दिवस का इस वर्ष का विषय 'मानक प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देते हैं' था। मुख्यालय की संगोष्ठी का उदघाटन माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार ने किया। इस शीर्षक पर तीन प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये। भामाब्यूरो द्वारा तकनीकी संगोष्ठियां अपने क्षे.का./शा.का. एवं अपने मुख्यालय के माध्यम से देशभर में आयोजित की गईं, जिनमें काफी संख्या में प्रतिनिधियों ने इस विषय से संबद्ध विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर विचार–विमर्श किया।

ङ) सार्वजनिक शिकायतें – भामाब्यूरो प्रमाणित उत्पादों से संबद्ध शिकायतों की समीक्षा की जाती है और निपटान के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है। वर्ष के दौरान 96 शिकायतें (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) प्राप्त हुईं एवं 80 शिकायतें निपटाई गईं।

च) सिटिजन चार्टर – सिटिजन चार्टर कार्यान्वित किया गया है और प्रबंध नियंत्रण रिपोर्टों के माध्यम से प्रत्येक माह, समय–सीमा की मॉनिटरिंग की जा रही है।

छ) राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार (आरजीक्यूए)

उत्कृष्ट प्रयास करने के लिए विनिर्माताओं और सेवा संगठनों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 1991 में ब्यूरो द्वारा राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार स्थापित किए गए। इन वार्षिक पुरस्कारों की तुलना यूएसके मैल्कम बाल्रिज राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार एवं यूरोपियन गुणता पुरस्कार सदृश अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से की जाती है। इन पुरस्कारों का मूल्यांकन लीडरशिप, नीतियों, उद्देश्यों एवं कार्यनीतियों, मानव संसाधन प्रबंध, संसाधनों, प्रकमण, उपभोक्ता पर केन्द्रित परिणामों, कर्मचारियों की संतुष्टि, व्यवसाय के परिणाम एवं पर्यावरण तथा समाज पर प्रभाव –इन नौ मानदंडों के आधार पर किया जाता है। लघु स्तर के संगठनों के लिए आंकलन छह मानदंडों के आधार पर किया जाता है ।

वर्ष 2012 के लिए राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कारों की घोषणा की गई। इनमें 'सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार' एवं तीन पुरस्कार, जो बड़े निर्माण उद्योग, लघु सेवा उद्योग एवं लघु निर्माण उद्योग के तहत,



नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस 2014 समारोह का आयोजन
World Standards Day 2014 function organized at New Delhi

मुम्बई में आयोजित विश्व मानक दिवस
World Standards Day Organized at Mumbai

to the collaborative efforts of thousands of experts worldwide, who develop voluntary technical agreements that are published as International or National Standards. This year the theme for World Standards Day was 'Standards level the playing field'. The Seminar at headquarters was inaugurated by the Hon'ble Minister for Consumer Affairs, Food and Public Distribution, Government of India. Three eminent speakers presented technical papers on the theme. Technical seminars were organized by BIS all over the country through its ROs/BOs and its headquarters, where a large number of delegates deliberated over various technical issues relating to the subject.

(e) Public Grievances: Consumer complaints relating to BIS certified products are reviewed and monitored regularly for redressal within the stipulated time frame. During the year, 96 complaints (online & offline) were received and 80 complaints were redressed.

(f) Citizen Charter: Citizen's Charter has been implemented and time lines are being monitored every month through Management Control Reports.

(g) Rajiv Gandhi National Quality Award (RGNQA):

With a view to encourage manufacturers and service organizations to strive for excellence, Rajiv Gandhi National Quality Award was instituted by the Bureau in 1991. This annual award compares well with similar international awards such as the Malcolm Baldrige National Quality Award of US and the European Quality Award. The assessment for this award is made on the basis of nine parameters namely, Leadership; Policies, Objectives and Strategies; Human Resource Management; Resources; Processes; Customer focused results; Employees' satisfaction; Business results and Impact on environment and society. For small scale organizations the assessment is carried out on the basis of six parameters.

The Rajiv Gandhi National Quality Awards for the year 2012 were announced. The awards included 'Best of All Award' and three awards, one each under large scale manufacturing industry, large scale service industry and small scale

प्रत्येक के लिए एक शामिल है। इसके अतिरिक्त प्रशस्ति–पत्र देने के लिए नौ संगठन छांटे गये।

(ज) प्रवर्तन

भामाब्यूरो मानक मुहर (आईएसआई मुहर) गुणता की मुहर है। धोखेबाज विनिर्माता भामाब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त किये बिना अर्थात् आईएसआई मुहर का दुरूपयोग करके घटिया उत्पादों पर नकली आईएसआई मुहर लगाकर, उनका उत्पादन एवं उनकी मार्किटिंग करके उपभोक्ताओं को ठग रहे हैं। आईएसआई मुहर के दुरूपयोग की घटनाएं भामाब्यूरो के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। प्रवर्तन गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं बेहतर समन्वय के लिए प्रत्येक शाखा कार्यालय में नोडल प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

2.	आंतरिक नियंत्रण पद्धति की पर्याप्तता **Adequacy of Internal Control System**	• निट्स (प्रशिक्षण संस्थान) द्वारा यथा– निर्दिष्ट फार्मेट में कैश बुक का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। • NITS (training institute) was not maintaining Cash book in the format as prescribed. • 2009–10 से 2011–12 में निट्स में रू. 2,55,632 की राशि 2,55,632 की राशि की फुटकर देनदारियां है। यथाशीघ्र जिनकी वसूली आवश्यक है। • Sundry Debtors amounting to Rs. 2,55,632 were outstanding since 2009-10 to 2011-12 in NITS. This needs to be recovered at the earliest. • निट्स में जमा रू.5,72,100 की राशि की बयाना राशि है जो 2006–07 से 2013–14 की अवधि की है। इस राशि को भामाब्यूरो के लेखों से हटाना आवश्यक है। • Earnest Money amounting to Rs. 5,72,100 deposited with NITS pertained to the period 2006-07 to 2013-14. This needs to be cleared from the accounts of BIS. • केन्द्रीय परीक्षण और अंशशोधन केन्द्र, साहिबाबाद ने बाहरी प्रयोगशालाओं को 2014–15 की अवधि के लिए परीक्षण शुल्क के रूप में रू. 57,42,949 का भुगतान किया है किन्तु इस पर टीडीएस नहीं काटा गया। • Central Testing and Calibration Centre, Sahibabad has made a payment of Rs. 57,42,949 as testing fees to outside laboratories for the period 2014-15 but TDS was not deducted. उपर्युक्त को देखते हुए भामाब्यूरो की आंतरिक नियंत्रण पद्धति को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। In view of the above, the internal control system of BIS needs to be strengthened.
3.	परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन की पद्धति **System of physical verification of assets**	• मार्च 2015 तक स्थिर परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया है और इसे पर्याप्त पाया गया है। • The physical verification of fixed assets has been conducted up to March 2015 and found to be adequate
4.	इन्वेंटरी के भौतिक सत्यापन की पद्धति **System of physical verification of inventory**	मार्च 2015 तक इन्वेंटरी का भौतिक सत्यापन किया गया और कोई विसंगति नहीं पाई गई। Physical verification of inventory had been conducted up to March 2015 and no discrepancy was noticed.
5.	देयों के भुगतान की नियमितता **Regularity in payment of dues.**	सांविधिक देयताओं जैसे आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा–शुल्क, सेस, अंशदायी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा का छः माह से अधिक का कोई भुगतान 31.03.2015 को शेष नहीं था। No Payment over six month in respect of statutory dues like Income Tax, Sales Tax, service tax, custom duty, cess, contributory provident fund and employee's state insurance were outstanding as on 31.03.2015.

भा॰ मा॰ ब्यूरो की संरचना
Structure of BIS




INDIA
BIS - LOCATIONS
Jaipur
Bhopal
Mumbai
Patna
Guwahati
Durgapur
Jamshedpur
Kolkata
Raipur
Bhubaneshwar
Visakhapatnam
Chennai
Kochi
HEADQUARTERS
BRANCH OFFICES (32 IN 27 PLACES)
REGIONAL OFFICES (5)
LABORATORIES (8)
TRAINING INSTITUTE (NITS)
NORTHERN REGION
CENTRAL REGION
EASTERN REGION
WESTERN REGION
SOUTHERN REGION

299





Cover Page Theme : Standards level the playing field

Cover Page Designed By : Shreya Dhawan

मानक : पथप्रदर्शक :

भारतीय मानक ब्यूरो

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

मानक भवन, 9 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002
वेबसाइट : www.bis.org.in

Manak Bhavan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Website : www.bis.org.in

300

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2015-16

ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय (31मार्च 2016 को)
PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2016)

भारतीय मानक ब्यूरो	**BUREAU OF INDIAN STANDARDS**		
अध्यक्ष	**President**	**श्री राम विलास पासवान**	**Shri Ram Vilas Paswan**
		केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य	Union Minister for Consumer Affairs
		और सार्वजनिक वितरण मंत्री	Food and Public Distribution
अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति	**Chairperson, Executive Committee**	**श्रीमती अलका पंडा**	**Smt. Alka Panda**
		महानिदेशक, बीआईएस	Director General, BIS
महानिदेशक	**Director General**	**श्रीमती अलका पंडा**	**Smt. Alka Panda**
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	**श्री सी बी सिंह**	**Shri C. B. Singh**
मुख्य सतर्कता अधिकारी	**Chief Vigilance Officer**	**श्री आलोक शर्मा**	**Shri Alok Sharma**
उपमहानिदेशक (गतिविधि)	**Deputy Director General (Activity)**		
प्रमाणन	Certification	श्री सी.के. माहेश्वरी	Shri C. K. Maheshwari
मानकीकरण	Standardization	श्री डी.के. नैय्यर	Shri D. K. Nayyar
उपभोक्ता मामले	Consumer Affairs	श्रीमती परमिन्दर बजाज	Smt. Parminder Bajaj
प्रशिक्षण संस्थान	Training Institute	श्री पी.के. बत्रा	Shri P. K. Batra
परियोजना प्रबंधन एवं कार्य	Project Management and Works	श्री आर के मित्तल	Shri R. K. Mittal
नीति, योजना एवं समन्वय	Policy, Planning & Co-ordination	श्री आर के मित्तल	Shri R. K. Mittal
हॉलमार्किंग	Hallmarking	श्री राहुल कुमार	Shri Rahul Kumar
प्रबंधन पद्धतियाँ	Management Systems	श्री देश दीपक	Shri Desh Deepak
प्रयोगशाला	Laboratory	श्री अनिल कुमार	Shri Anil Kumar
वित्त	Finance	श्री एच.आर. आहूजा	Shri H. R. Ahuja
प्रशासन	Administration	कैप्टन अनुज कुमार	Captain Anuj Kumar
उपमहानिदेशक (क्षेत्रीय)	**Deputy Director General (Region)**		
उत्तरी क्षेत्र	Northern Region	श्री ए.के. सैनी	Shri A. K. Saini
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री ई. देवेन्दर	Shri E. Devendar
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री राहुल कुमार	Shri Rahul Kumar
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	श्री राकेश कुमार	Shri Rakesh Kumar
पश्चिमी क्षेत्र	Western Region	श्री आर के शर्मा	Shri R. K. Sharma

302

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2015-16

मानकः पथप्रदर्शकः
भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
मानक भवन, 9 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110 002
Manak Bhavan, 9 Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi – 110 002
वेबसाइट / website: www.bis.org.in

३०३

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	सिंहावलोकन	1
2.	मानकीकरण	8
3.	प्रमाणन	17
4.	प्रयोगशाला सेवाएँ	20
5.	हॉलमार्किंग	22
6.	प्रबंध पद्धति प्रमाणन	24
7.	अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियां और तकनीकी सूचना सेवाएँ	27
8.	प्रशिक्षण सेवाएँ	33
9.	उपभोक्ता मामले	35
10.	प्रचार	38
11.	मानकों और अन्य प्रकाशनों की बिक्री	40
12.	हिंदी गतिविधियाँ	41
13.	योजनागत परियोजनाएँ	43
14.	सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ	44
15.	परियोजना प्रबंधन और कार्य	47
16.	सतर्कता गतिविधियाँ	51
17.	मानव संसाधन विकास, प्रशासन एवं सामान्य सेवाएँ	52
18.	वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा	55

सिंहावलोकन

1947 में देश को आजादी मिलने से बहुत पहले देश, निर्माण क्षेत्र में मानकीकरण की भूमिका, सार्थकता और महत्त्व को बहुत अच्छी तरह समझ चुका था। प्रारंभिक निर्माण उद्योग उस समय की विशिष्टियों और गुणता नियंत्रण मानदंडों का पालन करता था। भारतीय मानक संस्था (ISI) 6 जनवरी 1947 को अस्त्वि में आयी। आईएसआई की स्थापना मानकीकरण और गुणता नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। आईएसआई ने अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक समुदाय के विभिन्न पक्षों, अर्थात् उद्योगों, वैज्ञानिकों, प्रशासकों और उपभोक्ताओं को लेकर मानकों का निर्धारण किया और गुणता प्रदान की। आईएसआई ने सहमति द्वारा स्टेकहोल्डरों के सभी न्यायसंगत हितों को शामिल किया।

मानक निर्धारण के विस्तार से अर्थव्यवस्था में अनेक प्रकार के उत्पादों के निर्माण में आई तीव्र गति के परिणामस्वरूप प्रमाणन मुहर योजना की आवश्यकता महसूस की गई। इसके लिए प्राधिकार आईएसआई (प्रमाणन मुहर) अधिनियम 1952 से लिए गए। प्रमाणन मुहर योजना 1955 में आरंभ की गई थी। इस योजना की प्रगति और लोकप्रियता के कारण बाजार की शक्तियों ने अनैतिक तरीके अपना कर लोकप्रिय आईएसआई मुहर का दुरूपयोग किया। इस संकट से निपटने के लिए अनैतिक कार्य करने वालों को भयभीत करने या उन्हें दंड देने की शक्ति कानूनी और नियामक ढांचे में नहीं थी। इस ढांचागत कमजोरी के कारण *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 का अधिनियमन किया गया जिसमें आईएसआई मुहर के दुरूपयोग को रोकने के लिए इसके अधिदेश के कार्यक्षेत्र को व्यापक किया गया और शक्तियों को बढ़ाया गया। भारतीय मानक ब्यूरो ने पूर्व भारतीय मानक संस्था (आईएसआई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों को ग्रहण किया। *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 मुख्य रूप से वस्तुओं तथा अन्य संबद्ध मामलों के मानकीकरण एवं मुहरांकन के सुसंगत विकास, गुणता प्रमाणन पर केन्द्रित है।

देश में 1990 में अर्थव्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया आरंभ हुई और बाद में वित्तीय एवं वास्तविक क्षेत्र में हुए सुधारों से घरेलू अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई तथा आर्थिक विकास में तेजी आई। इसके कारण मानकीकरण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ लेने, सर्वोत्तम रीतियों के प्रसार तथा नए बाज़ार में प्रवेश करने का सामान्य साधन बनता चला गया।

अपने वर्तमान स्वरूप में ब्यूरो एक संगठित निकाय है, जिसमें 25 सदस्य हैं जिसमें केन्द्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, संसद सदस्य, उद्योग, वैज्ञानिक तथा अनुसंधान संस्थान, उपभोक्ता संगठन और व्यावसायिक निकाय शामिल हैं। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, ब्यूरो के अध्यक्ष और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री ब्यूरो के उपाध्यक्ष हैं।

गवर्निंग बॉडी की 25 वीं बैठक 23 सितम्बर 2015 को हुई। बीआईएस की नई नीतियों/निर्देशों के कार्यान्वयन में बीआईएस को सलाह देने वाली कार्यकारिणी समिति की 2015-16 के दौरान चार बैठकें हुई।

भारतीय मानक ब्यूरो की गवर्निंग बॉडी की 25 वीं बैठक

केन्द्र सरकार ने 22 मार्च 2016 को *बीआईएस अधिनियम* 2016 को अधिसूचित कर दिया है जिससे बीआईएस घरेलू उत्पादन और व्यापार के विकास को गति प्रदान करने के लिए अपनी नीतियों और कार्यक्रमों में एकरूपता लाने में सक्षम होगा। इसके अतिरिक्त *बीआईएस अधिनियम* 2016 की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

i) भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रुप में स्थापना;

ii) अनुरुपता मूल्यांकन योजना के बहु प्रकारों को स्वीकृति देना;

iii) सरकार को ऐसे सामान, वस्तुओं, प्रक्रिया पद्धतियों अथवा सेवाओं को अनिवार्य प्रमाणन के अंतर्गत लाने के लिए सक्षम बनाना, जिनको वह जनहित, मानव, पशुओं या वनस्पति, स्वास्थ्य, पर्यावरण की सुरक्षा, गलत व्यापार रीतियों की रोकथाम और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक मानती है;

iv) सरकार को बहुमूल्य धातु के अनिवार्य हॉलमार्किंग के लिए सक्षम बनाना;

v) उन उत्पादों को वापिस करवाना, जिन पर मानक चिह्न हो, किंतु जो संबद्ध भारतीय मानक के अनुरुप नहीं हैं; और

vi) दंडात्मक प्रावधान को सुदृढ़ बनाना, अपराधों को कम्पाउंड करने पर कार्यवाही करना, और कुछ अपराधों का संज्ञान लेना।

बीआईएस ने वैश्विक विकास के अनुरुप उत्पादन एवं पद्धतियों के लिए विभिन्न योजनाएँ आरंभ की हैं। वर्ष 2000 और 2005 में क्रमश: स्वर्ण तथा चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना भी प्रारंभ की गई।

बीआईएस के अधिदेश

गुणतापरक माल और सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करना बीआईएस का अधिदेश है।

बीआईएस के उद्देश्य

- मानकीकरण, मुहरांकन एवं सामान के गुणता प्रमाणन के क्रियाकलापों का सुसंगत विकास करना।
- उद्योगों की प्रगति एवं विकास के लिए मानकीकरण और गुणता नियंत्रण को गति देना और इसके साथ उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करना।

संगठनात्मक नेटवर्क

बीआईएस का मुख्यालय नई दिल्ली में है। इसके 5 क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता (पूर्व), चेन्नई (दक्षिण), मुंबई (पश्चिम), चंडीगढ़ (उत्तर) और दिल्ली (मध्य) में स्थित हैं। इन क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन 27 स्थानों पर 32 शाखा कार्यालय स्थित हैं। ये कार्यालय हैं अहमदाबाद, बंगलूरू, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयम्बत्तूर, देहरादून, दिल्ली, दुर्गापुर, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जमशेदपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, परवाणु, पटना, पुणे, रायपुर, राजकोट और विशाखापत्तनम। ये शाखा कार्यालय क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों के बीच प्रभावी संपर्क का काम करते हैं।

गतिविधियाँ

बीआईएस की गतिविधियों को मुख्यतः निम्नलिखित शीर्षकों में समूहबद्ध किया जा सकता है:

क) मानक निर्धारण

ख) प्रमाणन : उत्पाद, हॉलमार्किंग तथा प्रबंध पद्धति

ग) प्रयोगशाला सेवाएँ

घ) उपभोक्ता मामले

ङ) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

च) प्रशिक्षण गतिविधियाँ

छ) सतर्कता

ज) प्रचार

झ) भारतीय मानक एवं अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ञ) सूचना प्रोद्यौगिकी सेवाएँ

ट) प्रशासन

ठ) परियोजना प्रबंधन एवं कार्य

ड) वित्त एवं लेखा

2015-16 के दौरान बीआईएस की विशिष्ट उपलब्धियाँ- विशेषताएँ

व्यापक विषयों को शामिल करते हुए वर्ष में 609 भारतीय मानक बनाए गये। इस अवधि में निर्धारित कुछ महत्त्वपूर्ण मानक निम्नलिखित हैं:

- ए.सी. स्थैतिक सीधा जुड़ा वाटआवर स्मार्ट मीटर वर्ग 1 व 2 (आईएस 16444:2015)
- कृषि वस्त्रादि -तम्बाकू हारवेस्टर के लिए नॉयलन के बुने हुए बिना सीवन के दस्ताने (आईएस 16390:2015)

- कृषि वस्त्रादि -कृषि बागवानी प्रयोजनों के लिए कीट जाल (आईएस 16513:2016)
- बायोडीजल, डीज़ल ईंधन मिश्रण (बी 6 से बी 20 के लिए) (आईएस 16531:2016)
- हाइड्रोमीटरी -हाइड्रोमीट्रिक आंकड़े की संचरण प्रणालियां -प्रणालियों की आवश्यकताओं की विशिष्टि (आईएस 16274:2015)
- निर्माण करने वाले कामगारों के आवास और कल्याण अपेक्षाओं पर भारतीय मानक -मार्गदर्शी सिद्धांत
- निर्माण परियोजना प्रबंधन -मार्गदर्शी सिद्धांत- भाग 12 - संघटन प्रबंधन [(आईएस 15883 (भाग 12):2016]
- भवन निर्माण में संवहनीयता- सामान्य सिद्धांत
- सड़क परिवहन और यातायात टेलीमैटिक्स -विद्युत शुल्क संग्रहण (ईएफसी) - ऑपरेटरों के बीच क्लीयरिंग हेतु इंटरफेस की विशिष्टि (आईएस/आईएसओ/टीएस 14904:2002)
- इलैक्ट्रॉनिक शुल्क संग्रहण - वाहनों से संबंधित टॉलिंग के लिए आर्किटेक्चर पद्धति (आईएस/आईएसओ 17573:2010)
- इलैक्ट्रॉनिक शुल्क संग्रहण - सुरक्षा संरक्षण प्रोफाइल के मार्गदर्शी सिद्धांत (आईएस/आईएसओ 17574:2009)
- जैविक उत्पादन प्रणाली एवं जैविक रूप से उत्पादित उत्पादों की लेबलिंग भाग 1: फसल आधारित [(आईएस 16550 (भाग 1):2016]
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन - घरेलू/सामुदायिक स्तर पर पृथक्करण, संग्रह, एवं उपयोग-मार्गदर्शी सिद्धांत (आईएस 16557:2016)

- 31 मार्च 2016 तक 18 781 मानक लागू थे। कुल 5 119 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया।
- भारत सरकार ने इलैक्ट्रॉनिक और आईटी की 30 वस्तुओं को अनिवार्य पंजीकरण योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया है। 31 मार्च 2016 तक विश्व में निर्माताओं को दिए गए पंजीकरणों की संख्या 4 279 थी।
- वर्ष के दौरान, 3 555 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च 2016 को प्रचालित उत्पाद प्रमाणन लाइसेंसों की संख्या 31 347 थी।
- वर्ष के दौरान उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत निम्नलिखित 27 उत्पादों को पहली बार शामिल किया गया। ये उत्पाद इस प्रकार हैं :
  - आईएस 11928 (भाग 1 और 2):1987 सामान्य सेवा के लिए मैन मेड रेशों से बने राउंडस्लिंग;
  - आईएस 12866:1989 तापदृढ़ पोलिएस्टर रेजिन (कांच रेशा प्रबलित) से बनाई गई प्लास्टिक की पारभासी चद्दर;
  - आईएस 6365:1971 प्रयोगशाला हेतु बिजली के ओवन;
  - आईएस 6419:1996 संरचना इस्पात की गैस परिरक्षित आर्क वेल्डिंग के लिये वेल्डिंग छड़ें और अनावृत इलेक्ट्रोड-विशिष्टि;
  - आईएस 6911:1992 स्टेनलैस इस्पात की प्लेट, चद्दरें तथा पत्तियाँ;

- आईएस 1170:1992 फैरोक्रोमियम;
- आईएस 7898:2001 मानव-चालित चारा काटने की मशीन;
- आईएस 1180 (भाग 1):2014 बाह्य-रंग तेल इम्मर्सड वितरण ट्रांसफार्मर 2500 kVA, 33kV तक;
- आईएस 15532:2004 फलों एवं सब्जियों के लिए प्लास्टिक क्रेटस;
- आईएस 5522:2014 बर्तनों के लिए स्टैनलेस इस्पात चद्दरें और पत्तियाँ;
- आईएस 13692:1993 मेटॉलेक्सिल मैन्कोजेब डब्ल्यूपी;
- आईएस 16111:2013 इलास्टिक पट्टी;
- आईएस 14613:1998 भुने हुए चने का आटा (चना सत्तू);
- आईएस 7123:1993 केश तेल;
- आईएस 11241:1985 वाष्प दाब पर प्रचालित सुवाह्य पोर्टेबल द्रवित पैट्रोलियम गैस साधित्र स्टोव;
- आईएस 4505:2015 सोडियम फोरमलडिहाइड सलफोआक्जिलेट;
- आईएस 952:1986 फायर ब्रिगेड में प्रयोग होने वाले फॉग नौजल;
- आईएस 902:1992 अग्नि शमन कार्यों के लिए चूषण होज युग्मन;
- आईएस 907:1984 अग्नि शमन प्रयोजनों के लिए बेलनाकार प्रकार का चूषण स्ट्रेनर;
- आईएस 6312:1994 सामग्रियों के परिवहन के लिए पॉलिइथाइलीन धारक;
- आईएस 73:2013 खंडजा डालने के लिए डामर;
- आईएस 4761:1968 बिना सपोर्ट वाला पीवीसी बरसाती कपड़ा;
- आईएस 15965:2012 पूर्व-रोगन की गई एल्यूमिनियम जिंक मिश्र धातु लेपित इस्पात पत्ती एवं चादरें (सादा);
- आईएस 2185 (भाग 1):2005 कंक्रीट की चिनाई वाली इकाइयाँ -खोखले एवं ठोस कंक्रीट ब्लॉक;
- आईएस 16186:2014 वस्त्रादि 50 किग्रा खाद्यान्न पैक करने के लिए हल्के भार वाले पटसन के बोरे;
- आईएस 10264:1982 अस्पतालों और औद्योगिक कैंटीनों के लिए, ट्रॉली, गर्म खाना;
- आईएस 5035:1969 निर्जर्मक, कटोरा और बर्तन (पेडल टाइप);

■ विदेशी निर्माता प्रमाणन योजना (एफएमसीएस) के अंतर्गत 68 लाइसेंस जारी किए गए, जिससे 73 भारतीय मानकों के लिए दिए जाने वाले प्रचालनाधीन लाइसेंसों की कुल संख्या 511 हो गई और ये निर्माता 44 देशों के हैं ।

■ 31 मार्च 2016 तक स्वर्ण एवं रजत हॉलमार्किंग के लिए कुल स्वर्ण एवं रजत के लाइसेंसों की संख्या क्रमशः 14 820 और 1 067 थी। बीआईएस मान्यता प्राप्त प्रचालनाधीन एसेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 370 थी। वर्ष के दौरान लगभग 3.49 करोड़ स्वर्ण और रजत आभूषणों/शिल्प वस्तुओं पर हॉलमार्क लगाया गया।

■ वर्ष के दौरान 43 गुणता प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस) प्रमाणन लाइसेंस, 8 पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन (ईएमएस) लाइसेंस, 18 व्यावसायिक स्थलों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस) प्रमाणन लाइसेंस, 2 खाद्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (एफएसएमएस) प्रमाणन लाइसेंस, 37 सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एसक्यूएमएस) प्रमाणन लाइसेंस और 6 ऊर्जा प्रबंध पद्धति (ईएनएमएस) प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च 2016 तक वर्ष के दौरान प्रमाणन के लिए प्रदान किए गये प्रबंध पद्धति प्रमाणन के अंतर्गत प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 1 336 थी।

- बीआईएस ने 2013 में आईएस/आईएसओ 50001 के अनुसार ईएनएमएस शुरू की। इस योजना के कार्यान्वयन से कोई भी संगठन अनिवार्यतः ऑप्टिमम ऊर्जा की प्राप्ति एवं उपयोग करने एवं इसे बनाये रखने में समर्थ होता है, इसके द्वारा संगठन में ऊर्जा लागत एवं पर्यावरण पर विपरीत प्रभावों में कमी आती है। 31 मार्च 2016 को 12 ऊर्जा प्रबंध पद्धति लाइसेंस प्रचालन में थे।
- बीआईएस प्रयोगशालाओं में 18 374 नमूनों का परीक्षण किया गया। चैन्नई की स्वर्ण रेफरल एसेयिंग प्रयोगशाला ने 2 559 परीक्षण रिपोर्टें जारी कीं। इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी वस्तुएँ (अनिवार्य पंजीकरण की अपेक्षाएँ) आदेश 2012 के तहत आईटी उत्पादों के परीक्षण के लिए शामिल 23 प्रयोगशालाओं सहित, बीआईएस द्वारा मार्च 2016 तक मान्यता प्राप्त बाहरी प्रयोगशालाओं की संख्या 160 थी।
- वर्ष के दौरान, 166 उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम, 49 औद्योगिक जागरुकता कार्यक्रम और मानकों के शैक्षिक उपयोग के लिए 30 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवधि में 51 शिकायतें मिलीं और 35 शिकायतों का निपटान किया गया।
- बीआईएस ने मानक मुहर का दुरूपयोग करने वाली कंपनियों के विरुद्ध पूरे भारत में 128 तलाशी एवं जब्तियाँ कीं और ऐसे उत्पाद जब्त किए गए। अदालत में दोषियों के विरुद्ध समय से अभियोजन दायर करने के प्रयास किये गये।
- वर्ष के दौरान राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (निट्स) ने प्रबंध पद्धति पर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानकीकरण एवं गुणता आश्वासन पर 48वें अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति (एलक्यूएमएस) पर छठे अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में विभिन्न विकासशील देशों के 87 सहभागियों ने हिस्सा लिया।
- बीआईएस ने नई दिल्ली में दिनांक 04 से 08 मई 2015 तक 38वीं पैसिफिक एरिया स्टैंडर्डस कांग्रेस (पीएएससी) बैठक आयोजित की। पीएएससी एक क्षेत्रीय मानकीकरण निकाय है, जिसमें मुख्यतः पैसिफिक रिम से 24 सदस्य हैं। यह सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था में गुणता एवं मानकीकरण क्षमता के सुधार के लिए समर्पित है।
- बीआईएस ने नई दिल्ली में 04 से 09 अक्तूबर 2015 के दौरन आईएसओ/टीसी 61 'प्लास्टिक्स' इसकी उपसमितियाँ, कार्यकारी समूहों की बैठक एवं संबद्ध परिसंवाद आयोजित किये। आईएसओ/टीसी 61 प्लास्टिक्स तकनीकी समिति, रबड़ एवं लाख को छोड़कर, प्लास्टिक के क्षेत्र में नामावली, परीक्षण-पद्धतियों एवं सामग्रियों एवं उत्पादों पर लागू विशिष्टियों पर आईएसओ मानकों के विकास के क्षेत्र में कार्यरत है।
- राष्ट्रीय भारतीय भवन निर्माण संहिता (एनबीसी) का पुनरीक्षण - यह एक विशेष प्रकाशन है जो बिल्डिंग रेगूलेटरी अथोरिटी, सरकारी निर्माण विभाग एवं अन्य निर्माण एजेंसियों द्वारा अपनाने एवं प्रयोग के लिए एक मॉडल संहिता के रूप में है एवं ये बिल्डिंग प्लानिंग, डिजाइन एवं निर्माण इत्यादि से जुड़े सभी के लिए उपयुक्त है।
- भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने डाटा सिक्योरिटी कांउसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के सहयोग से दिनांक 26 से 30 अक्तूबर 2015 के दौरान जयपुर में वैश्विक मानकों पर कार्यकारी समूह बैठक आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 बैठक की मेजबानी की।
- बीआईएस ने 26 से 27 अक्तूबर 2015 के दौरान नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) के सहयोग से एलवीडीसी संबंधी प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आयोजित की।
- भारतीय मानक ब्यूरो एवं मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनोमी ऑफ किर्गिस्तान, किर्गिस्तान के बीच मानकों के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर माननीय प्रधानमंत्री की किर्गिस्तान की यात्रा के दौरान 12 जुलाई 2015 को हस्ताक्षर किये गये।

- दिनांक 28 जुलाई 2015 को भारतीय मानक ब्यूरो और स्लोवाक ऑफिस ऑफ स्टैंडर्डस, मैट्रोलॉजी एंड टेस्टिंग (एसओएसएमटी), स्लोवाक रिपब्लिक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

- वित्त मंत्रालय ने दिनांक 5 नवंबर 2015 को स्वर्ण मौद्रीकरण योजना शुरु की। बीआईएस ने आर्थिक मामले विभाग एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के सहयोग से स्वर्ण मौद्रीकरण योजना को अन्तिम रूप देने एवं इसके कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पहली बार, गोल्ड बुलियन का प्रमाणन अक्तूबर 2015 में शुरू किया गया।

- बीआईएस की हरित पहल के भाग के रूप में, ऊर्जा अपेक्षाओं के अनुरूप बीआईएस मुख्यालय में 100 कि.वॉट क्षमता, चेन्नई में दक्षेका प्रयोगशाला में 100 कि.वॉट क्षमता, मुम्बई में पक्षेका में 40 कि. वॉट क्षमता एवं निट्स, नोएडा में 50 कि.वॉट क्षमता के रूफटॉप सौर ऊर्जा पॉवर संयंत्र स्थापित किये गये।

- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की स्थापना के उपलक्ष्य में 14 अक्तूबर 2015 को विश्व मानक दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व मानक दिवस की थीम 'मानक - विश्व की आम भाषा' थी।

- बीआईएस के मुख्यालय और इसके सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में 26 से 31 अक्टूबर 2015 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया।

- बीआईएस के मुख्यालय और उसके सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में 14 से 28 सितम्बर 2015 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसके दौरान निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं वाद-विवाद जैसी हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

- वर्ष के दौरान वैज्ञानिक-बी के पद के लिए 71 वैज्ञानिक सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किए गए । 31 मार्च 2016 तक बीआईएस में कुल 1 532 कर्मचारी थे।

- भारतीय मानक ब्यूरो ने वर्ष के दौरान अपनी गतिविधियों में संतोषजनक प्रगति बनाए रखी। ब्यूरो ने लगभग 390.83 करोड़ की कुल आय (निवेश पर ब्याज छोड़कर) अर्जित की और पिछले वर्ष की कुल आय रु. 345.43 लाख की तुलना में 2015-16 में आय में लगभग 13.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ब्यूरो लगातार सत्ताइसवें वर्ष भी अपनी व्यय तथा अन्य देयताओं को पूरा करने में आत्मनिर्भर रहा।

महानिदेशक

मानकीकरण

मानक निर्धारण

मानक सतत् प्रोटोकॉल स्थापित करके वस्तुओं, सामान, प्रक्रियाओं, प्रणाली तथा सेवाओं के विकास का मूलभूत आधार हैं, जो वैश्विक आधार पर समझे और अपनाए जाते हैं।

बीआईएस का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि वह उद्योगों तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से आवश्यकता के आधार पर बने उपयुक्त भारतीय मानक,जो वैश्विक रूप से भी संगत हों, उपलब्ध कराए । ऐसे मानकों के निर्धारण हेतु बीआईएस संबंधित विभागीय परिषदों के अंतर्गत विषय विशेष के लिए बनी विषय समितियों, उपसमितियों और पैनल के लिए बनी तकनीकी समितियों के माध्यम से कार्य करता है। इन तकनीकी समितियों में संगठित उपभोक्ता, उपभोक्ता निकाय, नियामक व अन्य सरकारी निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीविद्, परीक्षण संगठन और विशेषज्ञों जैसे विभिन्न संबंधित प्रतिनिधि रहते हैं। इन समितियों में बीआईएस के संबद्ध अधिकारी भी होते हैं।

बीआईएस की उपयुक्त विषय समिति मानक निर्धारण के लिये विषय, प्रस्ताव के आधार पर लेती है। यह प्रस्ताव केन्द्र सरकार के किसी मंत्रालय, राज्य सरकारों, केन्द्र शासित प्रशासकों, उपभोक्ता संगठनों, औद्योगिक इकाइयों, औद्योगिक संगठनों, व्यावसायिक संगठनों, ब्यूरो के सदस्यों और उसकी तकनीकी समितियों के सदस्यों द्वारा संबंधित विभागीय परिषद् के अनुमोदन से दिया जा सकता है।

मानक मसौदों एवं संबंधित तकनीकी प्रलेखों पर विस्तार से विचार करने के लिए 2015-2016 के दौरान तकनीकी समितियों की कुल 264 बैठकें हुईं। बीआईएस की यह नीति है कि वह उभरती प्रौद्योगिकियों पर मानक बनाता है और अप्रचलित मानकों को वापिस लेता है।

वर्ष के दौरान 609 (336 नए और 273 पुनरीक्षित) मानकों का निर्धारण किया गया। 31 मार्च 2016 को कुल 18 781 मानक लागू थे।

मानकों की समीक्षा

यथा आवश्यक होने पर भारतीय मानकों की समीक्षा की जाती है, लेकिन पांच वर्ष में कम से कम एक बार यह निश्चित किया जाता है कि ये मानक अभी भी प्रासंगिक हैं और इन्हें पुनर्पुष्ट करने, पुनरीक्षण, उनमें संशोधन जारी करने, अप्रचलित घोषित करने अथवा वापिस लेने के लिए उपयुक्त कार्यवाही की जाती है।

सुमेलन

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में मानकों की भूमिका और व्यापार में नॉन-टैरिफ अवरोधों के रूप में कार्य करने की क्षमता की भूमिका को अधिक व्यापक रूप से मान्यता मिल रही है। विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय मानकों को यथासंभव अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) तथा अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग (आईईसी) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए । इसके अतिरिक्त, भारत व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) पर डब्लूटीओ करार पर हस्ताक्षरकर्ता है। करार के अनुसार, डब्लूटीओ के सदस्य देशों को अपने राष्ट्रीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित करना आवश्यक हैं। तथापि, किसी देश को स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रामक रीतियों को लेकर विशेष चिंता है, तो राष्ट्रीय मानक निर्धारण करते समय उसे ध्यान में रखा जा सकता है/सम्मिलित किया जा सकता है। बीआईएस जहाँ कहीं भी अंतर्राष्ट्रीय मानक विद्यमान हैं, उन्हें मानकों को बनाने का आधार मानता है। वर्ष के दौरान 129 भारतीय मानकों

को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया। अब तक कुल 5 119 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया जा चुका है, जो उपलब्ध संगत मानकों का 83 प्रतिशत है।

2015-16 के दौरान निर्धारित महत्त्वपूर्ण मानक

1. **आईएस 16444:2015 ए. सी. स्थैतिक सीधा जुड़ा वाटआवर स्मार्ट मीटर वर्ग 1 व 2-** इस मानक में एकल फेज़ और तीन फेज के संतुलित और असंतुलित लोड के 50 हर्ट्ज आवृत्ति की प्रत्यावर्ती धारा वाली सक्रिय विद्युत ऊर्जा के मापन हेतु वर्ग 1 व 2 के स्थैतिक वाटआवर स्मार्ट मीटरों की विशिष्टि दी गई है। पॉवर क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए स्मार्ट ग्रिड कार्यक्रम में स्मार्ट मीटर बहुत महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

2. **आईएस 16390:2015 कृषि वस्त्रादि - तम्बाकू हारवेस्टर के लिए नॉयलन के बुने हुए बिना सीवन के दस्ताने** -इस मानक में नॉयलन के धागे से बुने बिना सीवन के दस्तानों का बनावटगत विवरण और कार्यकारिता अपेक्षाएँ दी गई हैं। इस मानक में पाँच विभिन्न साइजों को लिया गया है जिन्हें 0 से 4 साइज में अभिनामित किया गया है। तम्बाकू की फसल बोते और काटते समय इन दस्तानों का प्रयोग करने वाले कामगारों को हरित तम्बाकू (green tobacco) से होने वाली बीमारी से काफी हद तक बचाया जा सकता है।

3. **आईएस 16513:2016 कृषि वस्त्रादि - कृषि व बागवानी प्रयोजनों लिए कीट जाल** - इस मानक में फसल को एफाइड, व्हाइटफ्लाई, कैरट फ्लाई, कैबेज रूट फ्लाई तथा सूंडी (caterpillar) से बचाने के लिए कृषि एवं बागवानी प्रयोजनों के लिए कीट जाल (insect net) की संरचनात्मक तथा अन्य अपेक्षाएँ दी गई हैं। जाली के आधार पर टाइप I व टाइप III के कीट जालों को इस मानक में लिया गया है।

4. **आईएस 16531:2016 बायोडीज़ल ईंधन मिश्रण (बी 6 से बी 20 के लिए)** - इस मानक में डिलीवरी दिए जाने के स्थान और समय पर बी 6 से बी 20 के बायोडीज़ल मिश्रण की अपेक्षाएँ, नमूने लेने की प्रक्रिया तथा परीक्षण पद्धतियां दी गई हैं। व्यावसायिक बी 6 से बी 20 के मिश्रण के गुणधर्म इस्तेमाल की गई परिष्करण रीतियों और आसुत तेल ईंधन की प्रकृति तथा जैविक डीज़ल का उत्पादन किससे किया गया है, उस पर निर्भर हैं। यह ईंधन सभी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। तद्नुसार, बी 6 से बी 20 के डीजल ईंधन की अपेक्षाओं को उन वाहनों के लिए उपयुक्त रूप से डिजाइन किया गया है जो वाहन इस मानक में दिए गए भारत स्टेज III और भारत स्टेज IV के उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करते हैं।

5. **आईएस 16274:2015 हाइड्रोमीट्रिक आंकड़ों की संचरण प्रणालियाँ - प्रणालियों की आवश्यकताओं की विशिष्ट**-इस मानक में वे अपेक्षाएँ दी गई हैं जो हाइड्रोमीटरी आंकड़ा संचरण प्रणाली तथा उन प्रणालियों के लिए आवश्यक कार्यात्मकता के डिजाइन और संचालन में होनी चाहिए। हाइड्रोमीटरी डाटा संचरण प्रणाली जल संसाधन के रोजमर्रा के प्रबंधन और बाढ़, सूखे के पूर्वानुमान एवं चेतावनी तथा जल की गुणता और जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली स्थितियों के लिए आंकड़े प्रदान करती है।

6. **आईएस 16601:2016 निर्माण करने वाले कामगारों के आवास और कल्याण अपेक्षाओं पर भारतीय मानक -मार्गदर्शी सिद्धांत**-इस मानक का उद्देश्य उपयोगकर्त्ताओं, परामर्शदाताओं, ग्राहकों और निर्माण करने वाले संगठनों को निर्माण करने वाले कामगारों के निवास के प्रावधानों पर लागू प्रक्रिया तथा मानदंडों के बारे में व्यावहारिक मार्गदर्शन देना है। इस मानक में निर्माण करने वाले कामगारों के आवास एवं कल्याण की अपेक्षाओं के सामान्य मार्गदर्शी सिद्धांत दिए गए हैं।

7. **आईएस 15883 (भाग 12):2016 निर्माण परियोजना प्रबंधन - मार्गदर्शी - सिद्धांत: भाग 12 - संघटन प्रबंधन** - इस मानक में इंटीग्रेशन प्रबंधन कार्यात्मकता के पक्ष दिए गए हैं जिसका प्रयोजन परियोजना के सभी स्टेकहोल्डरों को समन्वय की आवश्यक प्रक्रियाएँ प्रदत्त करना है। इस मानक के अनुपालन से परियोजना में शामिल विभिन्न घटकों, जैसे सिविल, आर्किटेक्ट, यांत्रिक और विद्युत इत्यादि के बीच तालमेल करना आसान हो जाता है। इसके साथ परियोजना के अन्य कार्य, जैसे कार्यक्षेत्र प्रबंधन, समय प्रबंधन, लागत प्रबंधन, गुणता प्रबंधन और प्रोक्योरमेंट प्रबंधन इत्यादि के बीच समन्वय करना सरल हो जाता है।

8. **आईएस/आईएसओ 15392:2008 भवन निर्माण में संवहनीयता पर भारतीय मानक - सामान्य सिद्धांत** - इस मानक में भवन निर्माण में संवहनीयता के सामान्य सिद्धांतों की पहचान की गई है और उन्हें स्थापित किया गया है। यह निरंतर विकास की अवधारणा पर आधारित है क्योंकि यह भवनों के जीवन चक्र और अन्य निर्माण कार्यों में उनके आरंभ से लेकर अंत तक कार्यान्वित होता है। यह मानक भवनों और अन्य निर्माण कार्यों के साथ-साथ भवनों तथा अन्य निर्माण के जीवन चक्र से संबंधित सामग्री, उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं पर लागू होता है।

9. **आईएस/आईएसओ/टीएस 14904:2002 सड़क परिवहन और यातायात टैलीमेटिक्स- विद्युत शुल्क संग्रहण (ईएफसी) - ऑपरेटरों के बीच क्लीयरिंग हेतु इंटरफेस की विशिष्टि** -इस मानक में ऑपरेटरों के बीच क्लीयरिंग के लिए इंटरफेस निर्दिष्ट किए गए हैं और यह मानक इंटरफेस में प्रयुक्त होने वाले सामान्य संदेश ढांचा और आंकड़ों घटकों के लिए फ्रेमवर्क देता है।

10. **आईएस/आईएसओ 17573:2010 इलैक्ट्रॉनिक शुल्क संग्रहण - वाहनों से संबंधित टोलिंग के लिए सिस्टम आर्किटेक्चर**-यह मानक उस टोल प्रणाली परिवेश का आर्किटेक्टर परिभाषित करती है, जिसमें एक कान्ट्रेक्ट से ग्राहक, वाहन को अलग-अलग टोल क्षेत्र में उपयोग करता है और प्रत्येक टोल क्षेत्र के लिए भिन्न टोल चार्जर का उपयोग कर सकता है।

11. **आईएस/आईएसओ 17574:2009 इलैक्ट्रॉनिक शुल्क संग्रहण - सुरक्षा संरक्षण प्रोफाइल के मार्गदर्शी सिद्धांत** -इस मानक में सुरक्षा अपेक्षाओं को विशिष्ट बनाने और मूल्यांकन के मार्गदर्शी सिद्धांत दिए गए हैं, जो आईसओ/आईईसी 15408 सीरिज और आईएसओ/आईईसी टीआर 15446 में सुरक्षा प्रोफाइल (पीपी) के रूप में उल्लिखित है। सुरक्षा प्रोफाइल से अभिप्राय उन उत्पादों या पद्धतियों के संवर्ग की सुरक्षा अपेक्षाओं से हैं, जो विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

12. **आईएस 16550 (भाग 1) : 2016 जैविक उत्पादन प्रणाली एवं जैविक रूप से उत्पादित उत्पादों की लेबलिंग : भाग 1 फसल आधारित** -इस मानक में निर्यात तथा घरेलू बाज़ार के लिए फसल आधारित जैविक रूप से उत्पादित फसल उत्पादों की एक समान अपेक्षाएँ दी गई हैं।

13. **आईएस 16557:2016 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन - घरेलू/सामुदायिक स्तर पर पृथक्करण, संग्रह, एवं उपयोग-दिशानिर्देश** -इस मानक में घरेलू और/अथवा सामुदायिक स्तरों पर निकलने वाले अपशिष्ट कचरे को अलग करने, संग्रह तथा उसके उपयोग की मार्गदर्शिका दी गई है। स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्य को पूरा करने की दृष्टि से ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर यह मानक अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

2015-16 के दौरान संशोधित महत्त्वपूर्ण मानक

1. **आईएस 15351:2015 कृषि वस्त्रादि - वाटर प्रूफ लाइनिंग के लिए उच्च घनत्व वाले लेमिनेटित पॉलीइथाइलीन (एचडीपीई) के बुने जियो मेम्ब्रेन (*दूसरा पुनरीक्षण*)** -इस मानक में निम्न घनत्व वाले पॉलीइथाईलीन (एलडीपीई) अथवा एलडीपीई और एलएलडीपीई के उपयुक्त मिश्रण से लेमिनेटित उच्च

घनत्व वाले पॉलीइथाइलीन (एचडीपीई) के बुने जियो मेम्ब्रेन की अपेक्षाएँ दी गई हैं, जिनका प्रयोग नहरों, तालाबों तथा जलाशयों में लाइनिंग के तौर पर रिसाव को रोकने के लिए किया जाता है। एचडीपीई बुने जियो मेम्ब्रेन की मोटाई और द्रव्यमान के आधार पर मानक में इसकी चार किस्में (टाइप I से टाइप IV) शामिल की गई हैं।

2. **आईएस 16008 (भाग 1) : 2016 एग्रो वस्त्रादि - कृषि और बागवानी प्रयोजनों के लिए छाया देने वाले जाल: भाग 1 टेप धागों से निर्मित जाल** (***पहला पुनरीक्षण***) -इस मानक में कृषि एवं बागवानी प्रयोजनों के लिए टेप धागा निर्मित सिंथेटिक एग्रो शेड जाल की संरचनागत और अन्य कार्यकारिता संबंधी अपेक्षाएँ दी गई हैं। इन जालों का प्रयोग वातावरण की स्थितियों को आंशिक रूप से नियंत्रित करके फसल को सुरक्षित करने/बढ़ाने के लिए होता है। पड़ने वाली छाया के प्रतिशत के आधार पर 50, 75 और 90 प्रतिशत छाया वाले जालों को मानक में शामिल किया गया है।

3. **आईएस 16046:2015/आईईसी 62133:2012 सेकेंडरी सैल और अल्कलाइन युक्त बैटरियाँ अथवा अन्य गैर-अम्लीय इलैक्ट्रोलॉइट- पोर्टेबल अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होने वाले पोर्टेबल सील्ड सेकेंडरी सैल और उनसे बनी बैटरियों की सुरक्षा अपेक्षाएँ** (***पहला पुनरीक्षण***) -इस मानक में पोर्टेबल सील्ड सेकेंडरी सैल और अल्कलाइन युक्त बैटरियों (बटन को छोड़ कर) या अन्य गैर-अम्लीय इलैक्ट्रोलाइट के वांछित प्रयोग और संभावित दुरूपयोग को देखते हुए इनकी अपेक्षाएँ तथा सुरक्षित प्रचालन हेतु परीक्षण दिए गए हैं। इस प्रकार की बैटरियों का प्रयोग लैपटॉप, पॉवर बैंक इत्यादि में व्यापक रूप से किया जाता है ।

4. **आईएस 14534:2016 प्लास्टिक - प्लास्टिक कचरे की रिकवरी और पुनर्चक्रण के मार्गदर्शी सिद्धांत** (***पहला पुनरीक्षण***) - इस मानक में प्लास्टिक कचरे/कबाड़ को चुनने, अलग करने और उसे प्रोसेस करने के मार्गदर्शी सिद्धांत दिए गए हैं। मानक में उपभोक्ता के पास पहुँचने से पूर्व और उपभोक्ता के यहाँ से निकलने के बाद प्लास्टिक कचरे की रिकवरी के विभिन्न विकल्प दिए गए हैं।

5. **आईएस/आईएसओ 9001:2015 गुणता प्रबंध पद्धति** (***चौथा पुनरीक्षण***) -इस मानक में गुणता प्रबंध पद्धति की वे अपेक्षाएँ निर्दिष्ट की गई हैं, जो किसी संगठन के लिए तब आवश्यक होती हैं, जब वह संगठन अपने उत्पादों और सेवाओं की निरंतरता से देने की क्षमता को प्रदर्शित करना चाहता है और जो उपभोक्ताओं तथा लागू सांविधिक और नियामक अपेक्षाओं को पूरा करते हों। इस मानक में दी गई सभी अपेक्षाएँ जेनरिक हैं और सभी संगठनों के लिए हैं, चाहे उनका आकार कुछ भी हो अथवा वे कौन सा उत्पाद बना रहे हैं या सेवाएँ दे रहे है।

6. **आईएस 616/आईईसी 60065:2014 ऑडियो, वीडियो एवं समान इलैक्ट्रॉनिक उपस्कर - सुरक्षा अपेक्षाएँ** (***पाँचवां पुनरीक्षण***) - यह मानक सामान्य उपयोग, मुख्य रूप से घरेलू तथा समान उपस्करों के लिए हैं। मेन्स, आपूर्ति उपस्कर से, बैटरी से अथवा रिमोट पॉवर फीडिंग से चलने वाले विद्युत के उपकरणों और ऑडियो, वीडियो और संबद्ध सिग्नलों के रिसेप्शन, उत्पत्ति, रिकार्डिंग या पुनरोत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

7. **आईएस/आईएसओ/आईईसी 27001:2013 सूचना प्रौद्योगिकी - सुरक्षा तकनीकें - सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धतियाँ - अपेक्षाएँ** (***पहला पुनरीक्षण***) -इस मानक में किसी संगठन के अंदर सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धति को स्थापित, कार्यान्वित तथा उसका रख-रखाव करने और उसमें निरंतर सुधार करने की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट की गई हैं। इस मानक में निर्दिष्ट की गई अपेक्षाएँ जैनरिक प्रकृति की हैं और ये सभी प्रकार के

संगठनों पर लागू हैं, चाहे उनका प्रकार, साइज तथा प्रकृति कुछ भी हो ।

8. **आईएस 383 : 2016 कंक्रीट के लिए मोटा तथा महीन मिलावा (*तीसरा पुनरीक्षण*)** - इस पुनरीक्षण में गुणता अपेक्षाओं के बारे में प्रावधान शामिल किए गए है और ये प्रावधान लोहा धातुमल, इस्पात धातुमल, तांबा धातुमल तथा तापीय पॉवर संयंत्र से निकली बोटम राख, पुनःचक्रित मिलावा (आरसीए), पुनःचक्रित कंक्रीट मिलावा की उपयोगिता की सीमा से संबद्ध हैं और इसमें उनकी उपयोगिता से संबंधित आवश्यक प्रावधान भी शामिल हैं। आरसीए और आरए को निर्माण और ढहाने से निकले मलबे से भी बनाया जा सकता है।

9. **आईएस 3024:2015 ग्रेन ओरिएन्टिड विद्युत इस्पात चद्दर और पट्टी (*तीसरा पुनरीक्षण*)** - इस मानक में चपटी वेल्लित, पूर्णतः संसाधित (अंतिम अनीलित अवस्था में) ग्रेन ओरिएन्टिड विद्युत इस्पात चद्दर और पट्टी की अपेक्षाएँ शामिल की गई हैं, जो वाणिज्यिक पॉवर फ्रीक्वेन्सी तथा अन्य चुम्बकीय परिपथों में मध्यम से लेकर उच्च प्रेरण पर प्रचालित होने वाले ट्रांसफार्मर क्रोडों के निर्माण के लिए वांछित हैं। इस मानक में जिन विद्युत इस्पात ग्रेडों का विवरण दिया गया है, उनमें 1.7 टेसला, 50 हर्ट्ज से 60 हर्ट्ज तक परीक्षित की गई पारम्परिक और उच्च पारगम्यता वाली ग्रेन ओरिएन्टिड विद्युत इस्पात चद्दरें शामिल हैं।

विशेष प्रकाशन

भारत की भवन निर्माण संहिता (एनबीसी) का पुनरीक्षण - यह एक विशेष प्रकाशन है, जो भवन निर्माण नियामक प्राधिकरणों, सरकार के निर्माण संबंधी विभागों तथा अन्य निर्माण से जुड़ी एजेंसियों द्वारा अपनाने और उपयोग करने के लिए एक आदर्श संहिता है और यह संहिता भवन की आयोजना, डिजाइन तथा निर्माण आदि से जुड़े सभी व्यक्तियों के लिए भी उपयोगी है। भारत की भवन निर्माण संहिता - 2005 का पुनरीक्षण एक बहुत बड़ा कार्य था, जिससे लगभग 1 000 विशेषज्ञ जुड़े हुए थे। भारत की भवन निर्माण संहिता के मसौदे को जब अंतिम रूप दिया गया तो उसमें दिव्यांग व्यक्तियों तथा वृद्धजनों के लिए बाधारहित वातावरण बनाने के लिए, आधुनिक हाई-राइज भवनों की अग्नि से सुरक्षा के अधिक विस्तृत प्रावधान शामिल किए गए, पूर्व संविरंचित संरचना कार्य पर अधिक ध्यान दिया गया, भवन तथा प्लंबिंग सेवाओं पर विस्तृत प्रावधान तथा संरचनात्मक ग्लेजिंग, आईटी इनेबल्ड भवन, ठोस कचरा प्रबंधन और परिसम्पत्तियाँ तथा सुविधा प्रबंधन पर नए अध्याय जोड़े गए ।

आयोजित संगोष्ठियाँ/सम्मेलन

बीआईएस भारतीय मानकों के बारे में जागरूकता फैलाने, वर्तमान मानकों के बारे में फीडबैक प्राप्त करने और मानकीकरण के नए क्षेत्रों की पहचान करने में निर्माता, उपयोगकर्त्ता, अनुसंधान तथा विकास और वैज्ञानिक संगठनों, सरकारी निकायों तथा व्यावसायिक संस्थानों इत्यादि, जैसे स्टेकहोल्डरों को शामिल करते हुए अभिज्ञात क्षेत्रों में सम्मेलन/संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ आयोजित करता है। वर्ष के दौरान बीआईएस ने कई संगोष्ठियाँ/ कार्यशालाएँ आयोजित कीं। इनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ इस प्रकार हैं:

1. **'तकनीकी वस्त्रादि में मानकीकरण - गेटवे टू मेक इन इंडिया'** - बीआईएस द्वारा 20 जुलाई 2015 को एक संगोष्ठी आयोजित की गई। उपर्युक्त संगोष्ठी में तकनीकी वस्त्रादि उद्योग, व्यापार, नियामक निकायों, परीक्षण प्रयोगशालाओं, सरकारी तथा महत्त्वपूर्ण उपयोगकर्त्ताओं के 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में कई महत्त्वपूर्ण सिफारिशें की गई - जैसे स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण संबंधी सरोकारों को ध्यान में रखते हुए इसमें जियोटैक, एग्रोटेक, मेडटैक, प्रोटैक, पैकटैक, तकनीकी वस्त्रादि क्षेत्रों में वस्त्रादि मंत्रालय तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से घनिष्ठ संपर्क रखते हुए फास्ट ट्रेक हेतु रोडमेप बनाना शामिल था ।

2. **'तकनीकी वस्त्रादि-स्मार्ट भविष्य की दिशा में' टैक्नोटैक्स 2016 का कर्टन रेजर** - टैक्नोटैक्स 2016 (मुम्बई में 21-23 अप्रैल 2016 को) का कर्टन रेजर 29 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में आयोजित किया

गया। इस समारोह में माननीय वस्त्रादि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संतोष कुमार गंगवार ने एग्रो वस्त्रादि पर राष्ट्रीय महत्त्व के 5 मानकों का विमोचन किया।



'तकनीकी वस्त्रादि में मानकीकरण-गेटवे टू मेक इन इंडिया' पर संगोष्ठी- कर्टन रेजर

3. **'तकनीकी वस्त्रादि में ज्वाला विमंदन के मानकीकरण पर कार्यशाला'** - बीआईएस और कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (CII) के साथ संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 1 सितम्बर 2015 को एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में अग्नि विमंदन उद्योग, व्यापार, नियामक निकायों, परीक्षण प्रयोगशालाओं, सरकारी तथा महत्त्वपूर्ण उपयोगकर्त्ताओं के 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष अग्नि विमंदक वस्त्रादि वस्तुओं के लिए मानक मुहर के अनिवार्य उपयोग हेतु 'अग्नि विमंदक वस्त्रादि सामग्री (गुणता नियंत्रण) आदेश' के मसौदे के कार्यान्वयन पर स्टेकहोल्डरों के बीच सहमति बनाना था ।

4. **तकनीकी वस्त्रादि में व्यापार संभावना पर इंडो-जर्मन राउंड टेबल संगोष्ठी** - मुम्बई में 30 सितम्बर 2015 को मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन और उत्पाद सुरक्षा में सहयोग के लिए गुणता अवसंरचना पर इंडो-जर्मन वर्किंग ग्रुप के अंतर्गत राउंड टेबल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह राउंड टेबल संगोष्ठी जीआईजेड और बीआईएस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। इसके सहभागी (लगभग 50) एसएमई तथा बहुराष्ट्रीय स्तर के तकनीकी वस्त्रादि के निर्माता, व्यापारी, जर्मनी और भारतीय पक्ष से संबंधित संस्थाएँ, अनुसधान संस्थान तथा परीक्षण संस्थानों से थे। राउड टेबल संगोष्ठी में गुणता अवसंरचना की भूमिका और तकनीकी वस्त्रादि में इंडो-जर्मन व्यापार में मानकीकरण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया ।

5. **'खाद्यान्न पैक करने के लिए एचडीपीई/पीपी के बुने हुए बोरे के निर्माताओं' की उद्योग बैठक** - अहमदाबाद में 20 फरवरी 2016 को उद्योग बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में एचडीपीई/पीपी के बुने हुए बोरों के उद्योग, परीक्षण प्रयोगशालाओं, जीएआईएल तथा आईओसीएल जैसी कच्ची सामग्री के आपूर्तिकर्त्ताओं के 60 सहभागियों ने भाग लिया। उद्योग बैठक में एचडीपीई/पीपी के बुने हुए बोरे के मानकीकरण और प्रमाणन की स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिए गए। संगोष्ठी के दौरान यह तथ्य निकला कि एचडीपीई/पीपी के बुने हुए बोरे के मानकों का कार्यान्वयन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, ताकि खाद्यान्न और चीनी इत्यादि जैसी अनिवार्य वस्तुओं का भण्डारण सुनिश्चित किया जा सके ।

6. **'पर्यटन क्षेत्र के मानकों' पर संगोष्ठी** - बीआईएस के प्रबंध पद्धति विभाग ने 29 मार्च 2016 को नई दिल्ली में इस संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में विभिन्न उद्योग संस्थाओं, सरकार तथा टूर ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 45 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में इस क्षेत्र में मानकों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया, राष्ट्रीय मानक बनाने के लिए टूरिज़्म क्षेत्र के

संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए स्टेकहोल्डरों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया और बीआईएस ने इस क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों मानकों को बनाने की प्रक्रिया में स्टेकहोल्डरों से सक्रिय रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।

7. **आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 की 'आईटी सुरक्षा तकनीकों' पर अंतर्राष्ट्रीय बैठक** - बीआईएस ने डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के साथ मिलकर वैश्विक मानक 'आईटी सुरक्षा तकनीकें' आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 वर्किंग ग्रुप की बैठकें जयपुर में 26-30 अक्टूबर 2015 के दौरान आयोजित कीं। पहली बार सूचना सुरक्षा मानकों पर अंतर्राष्ट्रीय बैठक भारत में आयोजित की गई। आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा तकनीकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक निकायों - आईएसओ तथा आईईसी की संयुक्त तकनीकी समिति है। इंटरनेट ऑन थिंग्स (आईओटी) क्लाउड कंप्यूटिंग तथा कई अन्य समसामयिक प्रौद्योगिकियों में प्राइवेसी, सुरक्षा तथा जोखिम प्रबंधन पर फोरगोइंग अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर 5 दिन की बैठकों में लगभग 300 विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे ।



आईटी सुरक्षा तकनीकें आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 के वर्किंग ग्रुप की बैठक तथा साइबर सुरक्षा तथा प्राइवेसी मानकों पर जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

8. **साइबर सुरक्षा तथा प्राइवेसी मानकों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** - जयपुर में 30 अक्टूबर 2015 को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में 30 से अधिक देशों ने भाग लिया । इनमें आईएसओ/आईईसी/जेटीसी 1/एससी 27 के वर्किंग ग्रुप 1 के कन्वीनर प्रोफेसर एडवर्ड हमफ्रेज तथा भारत सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय के नेशनल साइबर सिक्योरिटी को-आर्डिनेटर डॉ. गुलशन राय भी शामिल थे। यह संगोष्ठी वैश्विक साइबर सुरक्षा मानकों की आवश्यकता से विभिन्न स्टेकहोल्डरों को परिचित कराने में सफल रही और इसमें वर्तमान फ्रेमवर्क में इसे कार्यान्वित करने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई ।

9. **'ऊर्जा संरक्षण के लिए मानकीकृत पंप' पर संगोष्ठी** - बीआईएस द्वारा अहमदाबाद में 03 सितम्बर 2015 को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में पंप निर्माता, उपभोक्ता, बीआईएस पंप लाइसेंसधारी, संबंधित सरकारी विभागों जैसे विभिन्न स्टेकहोल्डरों तथा बीआईएस के अधिकारियों सहित 60 से अधिक लोगों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान, इस विषय पर कई आलेख प्रस्तुत किए गए, जैसे वर्तमान

पंपसेटों की हाइड्रोलिक तथा विद्युत कार्यकारिता में सुधार के लिए वैकल्पिक तकनीकें, कृषि पंपिंग प्रणाली में ऊर्जा संरक्षण, विश्लेषणों के माध्यम से ऊर्जा दक्ष मोटरों तथा पंपों के डिजाइन को श्रेष्ठ बनाना ।

10. **स्मार्ट ग्रिड : मानकीकरण तथा कार्यान्वयन अनुभव पर कार्यशाला** - इंडो-जर्मन सहयोग के एक भाग के रूप में जीआईजेड के सहयोग से स्मार्ट ग्रिड : मानकीकरण तथा कार्यान्वयन अनुभव पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला 14 मार्च 2016 को नई दिल्ली में स्मार्ट ग्रिड मानकों के क्षेत्र में हुए अद्यतन विकासों से उद्योग, शिक्षा से जुड़े व्यक्तियों तथा विभिन्न सरकारी निकायों को परिचित कराने के लिए आयोजित की गई।

14 मार्च 2016 को नई दिल्ली में स्मार्ट ग्रिड मानकीकरण पर आयोजित कार्यशाला

11. **लो वोल्टेज डारेक्ट करेंट (एलवीडीसी) - बिजली को पुनर्परिभाषित करने पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-** बीआईएस ने नई दिल्ली में 26-27 अक्टूबर 2015 को अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग (आईईसी) के सहयोग से एलवीडीसी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। एलवीडीसी नई अवधारणा/उभरती हुई प्रौद्योगिकी है जो यथासंभव सीमा तक सौर तथा पवन, जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग से बिजली पैदा करने और उसके वितरण, दोनों के लिए डारेक्ट करेंट (डीसी) की संभावना को एक्सप्लोर करती है। विद्युत ऊर्जा की लगातार बढ़ती मांग, क्षय होता जीवाश्म -ईंधन, ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण जैसे बढ़ते सरोकारों पर ध्यान केंद्रित करने की इसमें अत्यधिक संभावना के कारण विश्व के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों का ध्यान अभी हाल ही में एलवीडीसी की ओर आकृष्ट हुआ है।

12. **खाद्यान्न भण्डारण गोदामों के मानकों पर संगोष्ठी** - बीआईएस ने 07 अक्टूबर 2015 को नई दिल्ली में खाद्यान्न भण्डारण गोदामों के मानकों पर संगोष्ठी आयोजित की। यह संगोष्ठी खाद्यान्न भण्डारण से संबंधित भारतीय मानकों, विशेष रूप से आईएस 16144:2014 'खाद्यान्न भण्डारण गोदाम - रीति संहिता' के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के बीआईएस के संवर्धन अभियान के रूप में आयोजित की गई थी। यह संगोष्ठी खाद्यान्न भण्डारण गोदामों के क्षेत्र में, वैज्ञानिक खाद्यान्न भण्डारण संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं, देश में वेयर हाउसिंग को नियंत्रित करने वाले विनियमों पर बीआईएस द्वारा विकसित किए गए मानकों के बारे में संक्षिप्त विवरण देने पर केन्द्रित थी।

13. **'रिसाव क्षति का आकलन और नहरों के अस्तर' पर संगोष्ठी** - 22 जनवरी 2016 को गुवाहाटी में बीआईएस के जल संसाधन विभाग ने ब्रह्मपुत्र के सहयोग से रिसाव क्षति का आकलन और नहरों के अस्तर पर संगोष्ठी आयोजित की। यह संगोष्ठी उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आयोजित इस प्रकार की पहली संगोष्ठी थी, जिसका उद्देश्य नहरों के अस्तर के वर्तमान मुद्दों पर वैज्ञानिक समुदाय के विविध समूहों और संबंधित फील्ड इंजीनियरों के बीच विचार और जानकारी के आदान-प्रदान का अवसर उपलब्ध कराना था। यह संगोष्ठी उन्नत पहलों के क्षेत्र में नए मानक बनाने और वर्तमान मानकों को अपडेट करने, उत्कृष्ट रीतियों के विकास और सम्प्रेषण में सहायता प्रदान करने पर विचार करने के लिए थी।

गुवाहाटी में 'रिसाव क्षति का आकलन और नहरों के अस्तर' पर आयोजित संगोष्ठी

मानकों का प्रकाशन

बीआईएस अपने प्रकाशन विभाग के माध्यम से भारतीय मानकों और संशोधनों के इलैक्ट्रॉनिक प्रकाशन और राजपत्र में प्रकाशित मानकों और संशोधनों की अधिसूचना का कार्य करता है। वर्ष के दौरान 327 नए मानक, 128 पुनरीक्षित मानक और 169 संशोधन प्रकाशित किए गए।

प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

बीआईएस उत्पाद प्रमाणन योजना का प्रचालन करता है, जो *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों द्वारा नियंत्रित की जाती है। उत्पाद पर मानक मुहर (आईएसआई के रूप में लोकप्रिय) का लगा होना यह दर्शाता है कि उत्पाद संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप है। बीआईएस किसी निर्माता को लाइसेंस प्रदान करने से पूर्व निर्माता के पास आवश्यक अवसंरचना तथा क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करता है और संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप बने उत्पाद की सतत् रूप से जाँच करता है। उत्पादन स्थल और बाज़ार से भी नमूने लिए जाते हैं और स्वतंत्र प्रयोगशाला में संबद्ध भारतीय मानक से उनकी अनुरूपता की जाँच सुनिश्चित की जाती है।

प्रमाणन योजना मूलतः स्वैच्छिक प्रकृति की है, परंतु जनहित में बहुत से उत्पादों को सरकार ने विभिन्न वैधानिक प्रावधान, जैसे *खाद्य निरापदता तथा मानक अधिनियम, आवश्यक वस्तु अधिनियम, भारतीय विस्फोटक सामग्री अधिनियम, परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, शिशुओं हेतु दुग्ध विकल्पी आहार, दूध पिलाने की बोतल और शिशु आहार अधिनियम* और *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम* आदि के माध्यम से इसे अनिवार्य बनाया गया है। अनिवार्य प्रमाणन योजना में शामिल कुछ वस्तुएँ, जैसे एलपीजी सिलिंडर, दूध पाउडर, संघनित दूध, शिशुओं के लिए धान्य से बने आहार, मलाई रहित दूध पाऊडर, शिशुओं के लिए दूध विकल्पी आहार, हैक्सेन खाद्य ग्रेड, डॉक्टरी थर्मामीटर, पैकेजबंद पेयजल, पैकेजबंद प्राकृतिक खनिज जल, बिजली की इस्तरी और निमज्ज्य वाटर हीटर की सुरक्षा अपेक्षाएँ, केबल, स्विच, बिजली के बल्ब तथा सीएफएल, सर्किट ब्रेकर, ऊर्जा मीटर, शुष्क बैटरियां, इस्पात ट्यूब, तेल दाब स्टोव, एक्सरे उपकरण, दूध पिलाने की प्लास्टिक की बोतलें, सीमेंट, इस्पात एवं इस्पात के उत्पाद, मोटर वाहनों के लिए हवा भरे टायर एवं ट्यूब, केंद्रीकृत कास्ट डक्टाइल आयरन प्रैशर पाइप, प्रैशर पाइपों के लिए डक्टाइल आयरन फिटिंगें, बिजली के ट्रांसफार्मर इत्यादि हैं।

वर्ष के दौरान 3 555 नए लाइसेंस प्रदान किए गए, जिसमें 27 उत्पाद इस योजना के अंतर्गत पहली बार शामिल किए गए। ये उत्पाद आईएस 11928 (भाग 1 और 2):1987 - सामान्य सेवा के लिए मानव द्वारा निर्मित रेशे के बने राउंड स्लिंग; आईएस 12866:1989 - थर्मोसेटिंग पॉलिएस्टर रेजिन (ग्लास रेशा प्रबलित) से बनी प्लास्टिक की पारभासी चद्दरें; आईएस 6365:1971 - प्रयोगशाला विद्युत ओवन; आईएस 9419:1996 - संरचनात्मक इस्पात के गैस शील्डयुक्त आर्क वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग की छड़ें और नंगे इलेक्ट्रोड्स; आईएस 6911:1992 - स्टैनलेस इस्पात की प्लेट, चद्दरें और पत्तियाँ) आईएस 1170:1992 - फेरोक्रोमियम, आईएस 7898:2001 - मानव चलित चारा काटने की मशीन; आईएस 1180 (भाग 1): 2014 - बाह्य रंग तेल इम्मर्सड वितरण ट्रांसफार्मर 2 500 kVA, 33 kV तक, आईएस 15532:2004 - फलों एवं सब्जी के लिए प्लास्टिक के क्रेटस; आईएस 5522:2014 - बर्तनों के लिए स्टैनलेस इस्पात की चद्दरें और पत्तियाँ, आईएस 13692:1993 मेटॉल्शॉइल मेन्कोजेब (8+64)% डब्ल्यूपी; आईएस 16111:2013 - इलास्टिक पट्टी; आईएस 14613:1998 - भुने चने का आटा (चने का सत्तू); आइएस 7123:1993 - केश तेल; आईएस 11241:1985 वाष्प दाब पर प्रचालन के सुवाह्य द्रवित पैट्रोलियम गैस स्टोव उपकरण; आईएस 4505:2015 - सोडियम फार्माल्डीहाइडी सल्फोक्सीलेट; आईएस 952:1986 फायर ब्रिगेड में प्रयोग होने वाले फॉग नोजल; आईएस 902:1992 - अग्नि शमन कार्यों के लिए चूषण हौज युग्मक; आईएस 907:1984 - अग्नि शमन प्रयोजनों के लिए सिलिंडर टाइप अवचूषण स्ट्रेनर; आईएस 6312:1994 - सामग्रियों के परिवहन के लिए पॉलिइथाइलीन के धारक; आईएस 73:2013 - खड़ंजा डालने का डामर; आईएस 4761:1968 - बिना सपोर्ट वाला पीवीसी बरसाती कपड़ा; आईएस 15965:2012 - पूर्व रोगन की गई एल्युमिनियम जिंक मिश्रधातु लेपित इस्पात की पत्ती और चद्दर (सादा); आईएस 2185 (भाग 1):2005 कंक्रीट चिनाई वाली इकाईयाँ - खोखले और

ठोस-कंक्रीट ब्लॉक; आईएस 16186:2014 50 किग्रा खाद्यान्न पैक करने के लिए हल्के भार वाले पटसन के बोरे; आईएस 10264:1982 अस्पताल और औद्योगिक कैंटीन के लिए ट्राली, गर्म खाना; आईएस 5035:1969 निर्जर्मक, कटोरा और बर्तन (पेडल टाइप) हैं।

बीआईएस प्रमाणन मुहर योजना के अंतर्गत शामिल भारतीय मानकों की कुल सख्या 941 है। 31 मार्च 2016 को प्रचालन लाइसेंसों की कुल संख्या 31 347 थी।



निगरानी और लाइसेंसधारियों की बैठक

लाइसेंसों के प्रचालन को मॉनीटर करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान कुल 11 763 निरीक्षण किए गए और 6 665 लॉट निरीक्षण किए गए। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्र परीक्षण के लिए (बाजार से खरीदे नमूनों सहित) 22 288 नमूने लिए गए।

भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से लाइसेंसधारियों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। वर्ष के दौरान, लाइसेंसधारियों के साथ 49 समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें पैकेजबन्द पेयजल; दूध एवं दूध के उत्पाद; बिजली के उपकरण, सीमेंट, पम्प, पीवीसी उत्पाद, इस्पात तथा प्लास्टिक उत्पाद, पूर्व ढलित कंक्रीट उत्पाद; प्लाईवुड उत्पाद, सिंचाई उपस्कर; पीवीसी रोधी केबल; ट्रांसफार्मर; एल पी जी सिलिन्डर; वाल्व एवं रेगुलेटर इत्यादि क्षेत्र शामिल हैं।

त्रिसूर में आयोजित लाइसेंसी बैठक

विदेशी विनिर्माता प्रमाणन योजना (एफएमसीएस)

बीआईएस विदेशी विनिर्माताओं के लिए अलग योजना का प्रचालन करता आ रहा है। इस योजना के अंतर्गत विदेशी विनिर्माता भारतीय मानक ब्यूरो की मुहर अपने उत्पाद(दों) पर लगाने के लिए बीआईएस से प्रमाणन प्राप्त कर सकते हैं । 2015-2016 के दौरान, एफएमसीएस के अंतर्गत 68 लाइसेंस जारी किए गए, जिससे 73 भारतीय मानकों के लिए लागू लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 511 हो गई। लगभग 45 देशों को प्रदान किए गए लाइसेंसों में इस्पात एवं इस्पात उत्पाद; सीमेंट; पीवीसी रोधी केबल; ऑटोमोबाइल वाहनों के लिए टायर एवं ट्यूब; प्लास्टिक की दूध पिलाने की बोतलें; स्विचगियर उत्पाद; प्लग एवं सॉकेट-आउटलेट और स्विच; एचडीपीई एवं यूपीवीसी पाइप; शिशुओं हेतु खाद्य आहार फार्मूला; एसी स्थैतिक ऊर्जा मीटर इत्यादि जैसे विभिन्न उत्पाद शामिल हैं।

अनिवार्य पंजीकरण योजना

बीआईएस के साथ परामर्श करके इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीईआईटीवाई) ने 03 अक्तूबर 2012 को **"इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी वस्तुएँ (अनिवार्य प्रमाणन की अपेक्षाएँ) आदेश, 2012"** अधिसूचित किया गया जिसमें 15 इलैक्ट्रॉनिक और आईटी उत्पादों को भारतीय मानकों से अनुरूपता के आधार पर बीआईएस से अनिवार्य पंजीकरण के लिए अधिदेश दिया। 13 नवम्बर 2014 को दूसरा आदेश अधिसूचित किया गया, जिसमें 15 और इलैक्ट्रॉनिक और आईटी उत्पादों को इस योजना के अंतर्गत लाया गया। यह अनिवार्य प्रमाणन योजना बीआईएस द्वारा, *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम*, 1986 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत प्रचालित की जाती है।

इस योजना की शुरूआत अनिवार्य प्रमाणन की वैकल्पिक व्यवस्था है, जिससे कि आईटी जैसे तेजी से विकसित होते सेक्टर की प्रगति को आसान बनाया जा सके और उपभोक्ताओं को नकली तथा घटिया आयात से बचाया जा सके।

इस योजना में इस का ध्यान रखा जाता है कि कोई भी व्यक्ति ऐसी वस्तुओं का निर्माण अथवा आयात अथवा बिक्री अथवा वितरण नहीं करेगा, जो निर्दिष्ट मानक के अनुरूप नहीं हैं और जिन पर **'स्वघोषणा - आईएस.... के अनुरूप'** शब्द अंकित नहीं है। ऐसी वस्तुओं का आयात ब्यूरो से पंजीकरण की प्राप्ति के बाद ही किया जा सकता है।

इस योजना के अंतर्गत मुख्य उत्पाद निम्नलिखित हैं :

- एलईडी फिक्सचर, लैम्प और ड्राइवर
- मोबाइल फोन, पोर्टेबल पावर बैंक
- पुन: चार्जेबल सैल/बैटरियाँ
- 5 केवीए और कम क्षमता का यूपीएस और इनवर्टर
- माइक्रोवेव ओवन
- 32" स्क्रीन साइज और अधिक के प्लाज्मा/एलसीडी/एलईडी टीवी/दृश्य डिसप्ले इकाई/मॉनीटर
- आईटी, एवी एवं इलैक्ट्रानिक उत्पादों के लिए एडेप्टर
- बिक्री टर्मिनल प्वांइट, एडीपी मशीन
- लेपटॉप/नोटबुक/टेबलेट
- प्रिंट और प्लोटर, फोटोकॉपियर, स्कैनर
- सेट टॉप बाक्स

बीआईएस द्वारा पहला पंजीकरण 12 जून 2013 को प्रदान किया गया था । 31 मार्च 2016 को बीआईएस ने विभिन्न देशों के निर्माताओं को 4 279 पंजीकरण प्रदान किए गए। अवधि के दौरान पंजीकरण प्रदान करने की प्रणाली को कारगर और सरल बनाया गया। व्यवसाय को आसान बनाने के लिए फार्म और प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया गया और पंजीकरण प्रदान करने के समय को कम करके लगभग 12 दिन तक लाया गया है।

प्रयोगशाला सेवाएँ

उत्पाद प्रमाणन मुहर योजना के कार्यों के लिए बीआईएस की उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत लिए जाने वाले नमूनों के परीक्षण की आवश्यकता पूरा करने के लिए ब्यूरो ने देश में आठ प्रयोगशालाएँ स्थापित कीं। आरंभ में 1962 में साहिबाबाद में केन्द्रीय प्रयोगशाला की स्थापना की गई । इसके बाद मोहाली, चेन्नई, कोलकाता और मुंबई में चार क्षेत्रीय प्रयोगशालाएँ और पटना, बंगलौर और गुवाहाटी स्थित शाखा कार्यालयों में तीन प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई। भारतीय मानक ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में रसायन, सूक्ष्म जैविकीय, विद्युत और यांत्रिक क्षेत्र के उत्पादों के परीक्षण की सुविधाएँ हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि बीआईएस की प्रयोगशालाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे विकास के साथ गति बनाए रखें, इसलिए मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, मोहाली और साहिबाबाद की प्रयोगशालाओं को अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएस/आईएसओ/आइईसी 17025 के अनुसार राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं अंशशोधन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा प्रत्यायित कराया गया है।

बीआईएस प्रयोगशालाओं में 374 भारतीय मानकों के लिए पूर्ण परीक्षण सुविधाएँ हैं और इसके अतिरिक्त 362 भारतीय मानकों के लिए आंशिक परीक्षण की सुविधाएँ हैं। वर्ष के दौरान बीआईएस प्रयोगशालाओं ने उत्पाद प्रमाणन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न उत्पादों के 15 815 नमूनों का परीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान स्वर्ण और रजत आभूषण/शिल्पवस्तुओं की हॉलमार्किंग योजना में सहायता करने के लिए चेन्नई की गोल्ड रेफरल एसेयिंग प्रयोगशाला ने 2 559 परीक्षण रिपोर्टें जारी कीं।

परीक्षण सुविधाओं का सृजन/उन्नयन

बीआईएस प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने तथा अपग्रेड करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान बीआईएस प्रयोगशालाओं द्वारा कई मुख्य परीक्षण उपस्करों की खरीद की गई। इनमें ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर तथा आयन क्रोमेट्रोग्राफ शामिल हैं। मोहाली प्रयोगशाला में लकड़ी के उत्पादों के लिए पूर्ण परीक्षण सुविधाएँ दी गईं और इन्हें फंक्शनल बनाया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान चेन्नई में रैफरल एसेयिंग प्रयोगशाला में स्वर्ण के परीक्षण की सुविधा दोगुना कर दी गई हैं ।

गुणता आश्वासन गतिविधियाँ

बीआईएस की प्रयोगशालाओं में गुणता आश्वासन, परीक्षण का नियमित अंग है, जिसके द्वारा परीक्षण की गुणता सुनिश्चित की जाती है। अवधि के दौरान, बीआईएस प्रयोगशालाओं में गुणता आश्वासन गतिविधियों के अंतर्गत 885 नमूनों का परीक्षण किया गया। इनमें दक्षता परीक्षण/अन्तर प्रयोगशाला तुलना कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान परीक्षित नमूने भी शामिल हैं।

प्रशिक्षण

क) बीआईएस प्रयोगशालाओं में श्रमशक्ति को नवीनतम विकास से अवगत कराने के लिए उन्हें नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। अवधि के दौरान, बीआईएस प्रयोगशाला के छह अधिकारियों को मूल्यांकन और हॉलमार्किंग में प्रशिक्षित कराया गया। बीआईएस के 14 अधिकारियों को आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 प्रयोगशाला गुणता प्रबंध के लिए प्रशिक्षित किया गया।

ख) वर्ष के दौरान, बीआईएस प्रयोगशालाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों के लिए 14 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रयोगशाला मान्यता योजना

उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत आने वाले नमूनों के परीक्षण का कार्यभार बीआईएस की प्रयोगशालाओं में उपलब्ध क्षमता से कहीं अधिक होने के कारण बीआईएस ने बाहरी प्रयोगशालाओं (ओएसएल) को मान्यता देने के लिए प्रयोगशाला मान्यता योजना (एलआरएस) प्रारंभ की है। ऐसी प्रयोगशालाओं की सेवाओं का उपयोग वहाँ किया जाता है जहाँ बीआईएस प्रयोगशालाओं में आर्थिक दृष्टि से परीक्षण सुविधाएँ विकसित करना व्यावहारिक न हो अथवा बीआईएस प्रयोगशालाओं में बड़ी संख्या में नमूने इकठ्ठे हो जाएँ। यह योजना अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025:2005 पर आधारित है और प्रयोगशालाओं के प्रत्यायन हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा अपनाए गए मानदंड के अनुरूप है। बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त बाहरी प्रयोगशालाओं को संबद्ध क्षेत्र में एनएलएबीएल से प्रत्यायित होना चाहिए और संबद्ध भारतीय मानक के अनुसार पूर्ण परीक्षण करने की सुविधा तथा भारतीय मानकों के अनुसार उत्पादों के परीक्षण में भी सक्षम होना अपेक्षित है।

वर्ष के दौरान 27 नई प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की गई व 7 प्रयोगशालाओं की मान्यता समाप्त की गई। 31 मार्च 2016 के दौरान बीआईएस से मान्यता प्राप्त 160 प्रयोगशालाएँ प्रचालन में थीं, जिनमें अनुसंधान एवं विकास संगठन, तकनीकी संस्थान, सरकारी प्रयोगशालाएँ एवं निजी सैक्टर की प्रयोगशालाएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बीआईएस द्वारा जब कभी आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न उत्पादों के लिए विशेष प्रकृति की 47 सरकारी प्रयोगशालाओं की सेवाओं का उपयोग भी किया जाता है।

आरंभ की गई नई बीआईएस पंजीकरण योजना की सहायता के लिए इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी वस्तु (अनिवार्य पंजीकरण की अपेक्षाएँ) आदेश, 2012 के अंतर्गत आईटी उत्पादों के परीक्षण के लिए अभी तक 23 बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता दी गई।

हॉलमार्किंग

स्वर्ण/चाँदी के आभूषण की हॉलमार्किंग योजना

(i) आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना

बीआईएस में स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग योजना अप्रैल 2000 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य स्वर्णाभूषणों की शुद्धता के लिए उपभोक्ताओं को तीसरे पक्ष के रूप में आश्वासन देना था। चाँदी के आभूषणों/शिल्प वस्तुओं की हॉलमार्किंग योजना अक्तूबर 2005 में प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत ज्वैलर को हॉलमार्क लगे आभूषण बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाता है तथा एसेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों को लाइसेंस प्राप्त ज्वैलर द्वारा दिए गए आभूषणों की शुद्धता के मूल्यांकन और उन आभूषणों, जो संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप हों, पर हॉलमार्क लगाने के लिए मान्यता दी जाती है।

31 मार्च 2016 को स्वर्ण एवं चाँदी के आभूषण की हॉलमार्किंग के चालू लाइसेंसों की संख्या क्रमशः 14 820 और 1 067 थी। प्रचालन के अंतर्गत बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 370 थी। वर्ष के दौरान, 3.49 करोड़ रूपये मूल्य के स्वर्ण एवं चाँदी के आभूषणों/शिल्प वस्तुओं पर हॉलमार्क लगाया गया।





(ii) हॉलमार्किंग को प्रोत्साहन

देश में स्वर्ण आभूषणों के व्यापार में स्वर्ण के आभूषणों की हॉलमार्किंग से उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा देने हेतु बीआईएस ने देश भर में अपने क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से ज्वैलरों/उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष के दौरान, ज्वैलरों के लिए ऐसे 36 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

(iii) स्वर्ण मौद्रीकरण योजना

वित्त मंत्रालय ने 5 नवम्बर 2015 को स्वर्ण मौद्रीकरण योजना प्रारंभ की है। बीआईएस ने आर्थिक मामले विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ स्वर्ण मौद्रीकरण योजना को अंतिम रूप देने और इसके कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के अंतर्गत बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त एसेइंग एवं हालमार्किंग केन्द्र, संग्रहण और शुद्धता परीक्षण केन्द्र (सीपीटीसी) के रूप में कार्य करने के लिए अर्हता प्राप्त हैं तथा सीपीटीसी द्वारा एकत्रित किया गया स्वर्ण, बीआईएस की लाइसेंसधारी रिफाइनरी द्वारा परिष्कृत किया जाता है। अब तक 47 एसेइंग एवं हालमार्किंग केन्द्र और एक जवैलर को सीपीटीसी के रूप में कार्य करने की अर्हता प्राप्त है। जीएमएस के अंतर्गत स्वर्ण को परिष्कृत करने के लिए आठ रिफाइनरियों को भी लाइसेंस प्रदान किया गया है।

जीएमएस लागू करने के लिए बीआईएसद्वारा नीतिगत दिशा-निर्देश तैयार किए गए ताकि एसेइंग एवं हालमार्किंग केन्द्र और ज्वैलर सीपीटीसी के रूप में कार्य कर सकें। जीएमएस के अंतर्गत रिफाइनरियों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार और कार्यान्वित किए गए। अक्टूबर 2015 में देश में पहली बार बीआईएस द्वारा स्वर्ण बुलियन का प्रमाणन प्रारंभ किया गया।

(iv) भारतीय स्वर्ण सिक्का

माननीय प्रधानमंत्री ने 5 नवम्बर 2015 को पहली बार राष्ट्रीय स्वर्ण सिक्के को रिलीज किया, जिसमें एक तरफ अशोक चक्र का राष्ट्रीय प्रतीक और दूसरी ओर महात्मा गॉधी का चेहरा अंकित था। यह बीआईएस के लिए गर्व की बात है कि सिक्के पर बीआईएस का हॉलमार्क अंकित है। 999 शुद्धता के इस हॉलमार्क लगे सिक्के का निर्माण करने के लिए, आरंभ में भारत सरकार की टकसाल, मुम्बई और बाद में भारत सरकार की टकसाल, कोलकाता को आईएस 1417:1999 के अनुसार लाइसेंस प्रदान किए गए। यह भारतीय स्वर्ण सिक्का कई मायने में अनूठा है क्योंकि यह उन्नत नकलरोधी विशेषता से युक्त है और इसकी पैकेजिंग टेम्पर-प्रूफ है तथा इस पर अनूठी क्रम संख्या भी है।

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

बीआईएस ने संगत मानकों के अनुसार निम्नलिखित प्रबंध पद्धति प्रमाणन सेवाएँ जारी रखीं और इनके विकास की गति स्थिर रही ।



क) आईएस/आईएसओ 9001:2015 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस) प्रमाणन योजना

बीआईएस में गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (क्यूएमएससीएस) सितम्बर 1991 में आरंभ की गई थी। यह योजना आईएसओ/आईईसी 17021 'अनुरूपता मूल्यांकन - प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट और प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाएँ' के अनुसार प्रचालित की जाती है।

वर्ष के दौरान 43 नये क्यूएमएससीएस लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2016 को क्यूएमएससीएस प्रचालन के अधीन लाइसेंसों की कुल संख्या 893 हो गई इसमें रसायन, धातु एवं धातु उत्पाद, सीमेंट, निर्माण, डेयरी संयंत्र, शिक्षा, विद्युत उत्पादन, इंजीनियरिंग सेवाएँ, खनन, मशीनरी, पैट्रोलियम, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल, वस्त्रादि जैसे औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, परिवहन इत्यादि जैसे सेवा क्षेत्रों द्वारा भी क्यूएमएससीएस लाइसेंस लिए गए हैं।

ख) आईएस/आईएसओ 14001:2004 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध प्रमाणन (ईएमएस) पद्धति योजना

बीआईएस द्वारा आईएस/आईएसओ 14001 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (ईएमएस) प्रारंभ की गई थी और आईएसओ/आईईसी 17021 में निर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार इसका प्रचालन किया जा रहा है। वर्ष के दौरान 8 नए ईएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए, जिससे प्रचालन के अंतर्गत लाइसेंसों की संख्या 205 हो गई। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, ताप पावर संयंत्र, विमान उद्योग, परमाणु बिजली, वैगन वर्कशाप, फार्मास्यूटिकल, मशीनरी, खनन, लोक प्रशासन इत्यादि शामिल हैं।

ग) आईएस/आईएसओ 18001:2007 के अनुसार व्यावसायिक स्थलों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस) प्रमाणन योजना

बीआईएस ने आईएस 18001 के अनुसार व्यावसायिक स्थलों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस)

प्रमाणन योजना आरंभ की है। यह प्रमाणन योजना किसी भी संगठन को विधायी अपेक्षाओं और ऐसे उल्लेखनीय जोखिमों और खतरों, जिन्हें संगठन नियंत्रित कर सकता है, की सूचना को ध्यान में रखते हुए अपने कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों, जिनका स्वास्थ्य और सुरक्षा, संगठन की गतिविधियों से प्रभावित हो सकती है, को बचाने के उद्देश्य से कोई संगठन, नीतियों और उद्देश्यों का प्रबंधन कर सकता है। वर्ष के दौरान, 18 नये ओएचएसएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2016 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 98 हो गई। इन लाइसेंसों में ताप पॉवर संयंत्र, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस पॉवर स्टेशन और स्वास्थ्य सेवाएँ तथा कर्मचारी विकास केन्द्र, वस्त्रादि, प्लास्टिक, सीमेंट, निर्माण, विद्युत एवं दूरसंचार केबल, पैट्रोलियम रिफाइनरी, कीटनाशक, औद्योगिक और विस्फोटक रसायन, रेलवे आदि तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं।

घ) आईएस 15000:1998 के अनुसार खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिन्दु (एचएसीसीपी) योजना

बीआईएस आईएस 15000 : 1998 के अनुसार स्टैंड एलोन एचएसीसीपी प्रमाणन योजना भी प्रदान करता है। 31 मार्च 2016 को दो एचएसीसीपी स्टैंड एलोन लाइसेंस तथा क्यूएमएस के साथ एकीकृत 39 लाइसेंस प्रचालन में थे।

ङ) आईएस/आईएसओ 22000:2005 के अनुसार खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति (एफएसएमएस) प्रमाणन योजना

बीआईएस ने आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (एफएसएमएस) प्रारंभ की थी। इस पद्धति को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि खाद्य श्रृंखला के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकार के संगठन खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति को क्रियान्वित कर सकते हैं। 31 मार्च 2016 को 10 एफएसएमएस लाइसेंस प्रचालन में थे।

च) आईएस 15700:2005 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एसक्यूएमएस) प्रमाणन योजना

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एसक्यूएमएस) योजना अप्रैल 2007 में आरंभ की गई थी। यह आईएस 15700:2005 'गुणता प्रबंध पद्धतियाँ - जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' पर आधारित है। यह मानक जन सेवा संगठनों द्वारा एक्रॉस द काउंटर गुणतायुक्त सेवा की सुपुर्दगी पर बल देता है और जो संगठन इस मानक को कार्यान्वित कर रहे हैं उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है। 2015-2016 अवधि के दौरान 37 नए लाइसेंस स्वीकृत किए गए। 31 मार्च 2016 को कुल 77 लाइसेंस प्रचालन में थे।

छ) आईएस 50001:2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबंध पद्धति (ईएनएमएस) प्रमाणन योजना

बीआईएस ने आईएस 50001 : 2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना 2013 में प्रारंभ की। इस योजना को कार्यान्वित करके कोई भी संगठन अनुकूलतम ऊर्जा प्राप्त कर सकता है और उसका उपयोग कर सकता है, जिससे वह ऊर्जा की लागत को न्यूनतम कर सकता है तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकता है। 31 मार्च 2016 को 12 ईएनएमएस लाइसेंस प्रचालन में थे ।

ज) क्यूएमएस और ईएमएस का प्रत्यायन

बीआईएस की गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन और पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाएँ, प्रमाणन निकायों हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) और भारतीय गुणता परिषद् (क्यूसीआई) द्वारा अनेक क्षेत्रों के लिए प्रत्यायित हैं।

झ) प्रबंध पद्धति प्रमाणन का संवर्धन

गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एसक्यूएमएस) के संवर्धन के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली, जहाजरानी

महानिदेशालय, मुम्बई, राष्ट्रीय अनुसंधान विकास परिषद्, नई दिल्ली और विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ बैठकें आयोजित की गईं ।

बीआईएस द्वारा नई दिल्ली में एसक्यूएमएस लाइसेंसधारियों के लिए आईएस 15700 पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें उन्हें आईएस 15700 के पुनरीक्षित संस्करण में हुए परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी गई।

ञ) ऑडिटरों की बैठकें

इस अवधि के दौरान मध्य, पूर्वी, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालयों तथा दक्षिण एवं पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालयों - प्रत्येक में एक-एक बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पद्धति प्रमाणन ऑडिट करने के लिए पंजीकृत बाहरी ऑडिटरों और बीआईएस के अधिकारियों ने भाग लिया ।

ट) लाइसेंसधारियों की समीक्षा बैठक

बीआईएस लाइसेंसधारियों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से तथा प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की समीक्षा तथा बीआईएस की सेवाओं के बारे में लाइसेंसधारियों से फर्स्टहैंड प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों के साथ 5 समीक्षा बैठकें मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय और पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गईं।

7 मार्च 2016 को बंगलुरू में आयोजित प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की बैठक

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ और तकनीकी सूचना सेवाएँ

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग (आईईसी) का सदस्य है तथा इन अंतर्राष्ट्रीय निकायों की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेता है। ब्यूरो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में विभिन्न तकनीकी समितियों और उप-समितियों के भागीदारी (पी) सदस्य या पर्यवेक्षक (ओ) सदस्य के रूप में; और कार्यकारी समूहों में तकनीकी विशेषज्ञों को नामित करके सक्रिय योगदान देता है। 31 मार्च 2016 तक बीआईएस/आईएसओ की 418 तकनीकी समितियों/उपसमितियों और आईईसी की 80 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का 'पी' सदस्य है तथा आईएसओ की 224 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का और आईईइसी की 76 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का 'ओ' सदस्य है। बीआईएस इन अंतर्राष्ट्रीय मानक निकायों की विभिन्न नीति-निर्धारण बैठकों में भी भाग लेता है और वह आईएसओ की तीन नीति निर्धारक समितियों (सीएएससीओ, सीओपीओएलसीओ और डीईवीसीओ) का 'पी' सदस्य है। बीआईएस के पास आईएसओ की कुछ ऐसी महत्त्वपूर्ण समितियों का सचिवालय भी है जिनसे भारत का व्यापारिक हित जुड़ा है। भारत आईईसी के मानक प्रबंधन बोर्ड (एसएमबी) का सदस्य है और 1 जनवरी 2013 से 31 दिसम्बर 2015 के दौरान आईएसओ के तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (आईएसओ टीएमबी) का सदस्य था। ये दोनों बोर्ड आईईसी और आईएसओ में मानकीकरण से संबंधित नीति विषयक मामलों का काम करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में बीआईएस की इस तरह की भागीदारी से भारतीय व्यापार और उद्योग के हितों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

बीआईएस पेसिफिक एरिया स्टैण्डर्डस कांग्रेस (पीएएससी) के कार्य में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह करता रहा है तथा साउथ एशियन रीजनल स्टैण्डर्डस आर्गेनाइजेशन (एसएआरएसओ) के अंतर्गत सार्क देशों के लिए क्षेत्रीय मानकों तथा अनुरूपता आकलन योजनाओं के निर्धारण एवं कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बीआईएस मानकीकरण, प्रमाणन, परीक्षण, प्रशिक्षण इत्यादि से जुड़े क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय कार्यक्रमों में भी सक्रिय है। बीआईएस ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय मानक निकायों के साथ अब तक 28 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और 5 परस्पर मान्यता करारों (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए हैं और वह 15 अन्य देशों के साथ इस प्रकार के समझौतों की प्रक्रिया में है।

आईएसओ में भागीदारी

- सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग के नेतृत्व में तीन सदस्यों के शिष्टमंडल ने 15-18 सितम्बर 2015 तक सियोल, दक्षिण कोरिया में आईएसओ महासभा (जीए) और संबंधित बैठकों में भाग लिया। आईएसओ की महासभा 2015 के दौरान डीईवीसीओ (विकासशील देशों के मामलों पर आईएसओ की समिति) की बैठकों और महासभा में भाग लिया। इसके साथ ब्रिटिश स्टैण्डर्डस इंस्टीट्यूट (बीएसआई), अमेरिकन नेशनल स्टैण्डर्डस इंस्टीट्यूशन (एएनएसआई), एसोशिएशन फांसेस डी नोर्मलाइजेशन (एएफएनओआर), फ्रांस एवं सऊदी स्टैंड्डर्स, मेट्रोलॉजी एण्ड क्वालिटी आर्गेनाइजेशन (एसएएसओ) जैसे राष्ट्रीय मानक निकायों के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लिए बैठकें की गईं।

- बीआईएस ने आईएसओ/टीसी 207 'पर्यावरण प्रबंध तकनीकी समिति', उसकी उपसमितियों, कार्यकारी समूहों और तदर्थ समूहों तथा आईएसओ/टीसी 207 की 22वीं प्लेनरी मीटिंग, संबंधित अन्य समूहों के लिए 04 से 12 सितम्बर 2015 तक नई दिल्ली में आयोजित की। आईएसओ/टीसी 207 पर्यावरण प्रबंध पद्धति के क्षेत्र में आईएसओ मानकों तथा उन उपायों को विकसित करता है जिसमें ग्रीनहाउस गैस, जीवन चक्र आकलन, पर्यावरण लेबलिंग तथा फुटप्रिंट अपेक्षाओं का सम्प्रेषण इत्यादि जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में पर्यावरण प्रबंध पद्धति तथा संवहनीय विकास में सहायक उपायों पर चर्चा की गई।

- बीआईएस ने 04 से 09 अक्तूबर 2015 तक नई दिल्ली में आईएसओ/टीसी 61 'प्लास्टिक', उसकी उपसमितियों, कार्यकारी समूहों की बैठकों तथा संबंधित विषयों पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया। आईएसओ/टीसी 61 प्लास्टिक तकनीकी समिति, प्लास्टिक के क्षेत्र में, रबड़ एवं लाख को छोड़ कर, सामग्री एवं उत्पादों के लिए प्रयुक्त होने वाली नामावली, परीक्षण पद्धतियों तथा विशिष्टियों के लिए आईएसओ मानकों को बनाने का कार्य करती है।

- आईएसओ के कुछ विकासशील सदस्य देशों हेतु इसकी कार्ययोजना के ढांचे के भीतर आईएसओ विकासशील देशों के लिए संस्थागत दृढ़ीकरण परियोजना 2011-15 चला रहा है। उपरोक्त परियोजना के अंतर्गत नेपाल ब्यूरो ऑफ स्टैण्डर्ड्स एण्ड मैट्रोलॉजी (एनबीएसएम) के दो कार्मिकों ने 03 से 07 अगस्त 2015 के दौरान पाँच दिन के परामर्श कार्यक्रम में भाग लिया।

- बीआईएस ने आईएसओ/आईईसी/जेटीसी/एससी 27 'सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा तकनीकें' के अंतर्गत डाटा सिक्यूरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के साथ संयुक्त रूप से 26 से 30 अक्तूबर तक जयपुर, राजस्थान में कार्यकारी समूह की बैठकें आयोजित कीं।

आईईसी में भागीदारी

- महानिदेशक, बीआईएस के नेतृत्व में तीन सदस्यीय शिष्टमंडल ने 15 से 16 अक्तूबर 2015 तक मिंस्क, बेलारूस में आईईसी जीएम 2015 में भाग लिया। आईईसी की बैठक के अतिरिक्त, फ्रेंच राष्ट्रीय समिति के साथ मानकों तथा अनुरूपता आकलन के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए गौणरुप से बैठक आयोजित की गई।

- 30 सितम्बर 2015 को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय समिति (आईएनसी)-आईइसी की 13वीं बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मिंस्क, बेलारूस में 12-16 अक्तूबर 2015 के दौरान होने वाली आईईसी की महासभा से पूर्व आईईसी से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श करने के लिए की गई।

- 08 मई 2015 को नई दिल्ली में आईईसी-बीआईएस-आईईईएमए के सीईओ की दूसरी राउंडटेबल बैठक हुई। बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई कि 'उभरते उद्योगों की आवश्यकताओं पर आईईसी कैसे प्रतिक्रिया दे और आईईसी के कार्य में भारतीय उद्योग की भूमिका को कैसे सुदृढ़ किया जा सकता है।'

- बीआईएस द्वारा 26-27 अक्तूबर 2015 को नई दिल्ली में "एलवीडीसी: रिडिफाइनिंग इलैक्ट्रिसिटी" पर आईईसी-बीआईएस का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

- बीआईएस द्वारा 28-29 अक्तूबर 2015 को नई दिल्ली में "एलवीडीसी फॉर इलैक्ट्रिसिटी एक्सेस" पर आईईसी-एसईजी 4/डब्लूजी 6 की बैठक आयोजित की गई।

आईएसओ/आईईसी तकनीकी समिति की बैठकों में भागीदारी

- बीआईएस के तकनीकी सदस्यों ने आईएसओ/आईईसी की विभिन्न तकनीकी समितियों की बैठकों में हिस्सा लिया तथा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में प्रभावी योगदान दिया। भारत के विशेषज्ञ उन क्षेत्रों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण के कार्य को संचालित करने के लिए विभिन्न कार्यकारी समूहों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जो भारत के हितों से जुड़े हैं।

क्षेत्रीय सहयोग कार्यक्रमों में भागीदारी

- बीआईएस ने 04-08 मई 2015 तक नई दिल्ली में 38वीं पेसिफिक एरिया स्टैण्डर्ड्स कांग्रेस (पीएएससी) की बैठक आयोजित की। पीएएससी एक क्षेत्रीय मानकीकरण संगठन है जिसमें 24 सदस्य हैं। ये सदस्य देश

प्रशान्त क्षेत्र संकुल के हैं, जो सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था में मानकीकरण की गुणता और क्षमता को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2015 में पीएएससी की विषय-वस्तु "सेवाओं के लिए पीएएससी मानकीकरण कार्य-नीति: वर्तमान कार्य एवं भविष्य की पहल" थी। बीआईएस के अधिकारियों के अतिरिक्त डब्लूटीओ, आईएसओ एवं आईईसी के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न भारतीय स्टेकहोल्डरों सहित 68 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया। पीएएससी की बैठक के दौरान 04 मई 2015 को एक दिन की कार्यशाला भी आयोजित की। यह कार्यशाला शिक्षा, पर्यटन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), लॉजिस्टिक के सेवा क्षेत्रों तथा फुटकर सेवाओं में मानकीकरण की स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित की गई।

- भारतीय शिष्टमंडल ने 16 सितम्बर 2015 को पीएएससी कार्यकारी समिति, जो आईएमओजीए के समय गौण रूप से आयोजित की गई थी, में भी भाग लिया ।
- भारतीय शिष्टमंडल ने मई 2015 में कोलम्बो, श्रीलंका में 'खाद्य एवं कृषि उत्पादों तथा रसायन एवं रसायन उत्पाद' पर हुई एसएआरएसओ सेक्टोरल तकनीकी समिति (एसटीसी) की बैठकों में भाग लिया।
- एसएआरएसओ एसटीसी की पटसन, वस्त्रादि एवं चमड़े की चौथी बैठक 23-24 जून 2015 को नोएडा में हुई। निदेशक, एमईए (सार्क मंडल), निदेशक, सार्क सचिवालय, नेपाल एवं उप निदेशक एसएआरएसओ सचिवालय, बांग्लादेश के साथ भारत, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने भी एसएआरएसओ एसटीसी की बैठक में भाग लिया।
- वाणिज्य मंत्रालय द्वारा संचालित भारत-ईयू की परियोजना "व्यापार विकास के लिए क्षमता निर्माण पहल (ईयू-सीआईटीडी)" के अंतर्गत 16-28 नवम्बर 2015 को नई दिल्ली में बीआईएस और अन्य निर्धारित लाभार्थियों, जिनकी पहचान की गई, को "मानक निर्धारण में ईयू की सर्वोत्तम रीतियाँ-क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण" पर प्रशिक्षण दिया गया।
- बीआईएस के प्रतिनिधि ने 12 दिसम्बर 2015 को ढाका, बांग्लादेश में साउथ एशियन रीजनल स्टैण्डर्ड्स आर्गेनाइजेशन (एसएआरएसओ) के तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टीएमबी) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के दौरान एसएआरएसओ के निर्देशों के भाग I व II के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया तथा एसएआरएसओ सेक्टोरल की संबंधित तकनीकी समिति द्वारा बिस्कुट, परिष्कृत चीनी के लिए सार्क मानकों के मसौदे तथा डेयरी क्षेत्र के लिए स्वास्थ्यकर अवस्थाओं, टाट, कॉटन ट्विल और कॉटन ड्रिल एवं पटसन की सुतली की रीति संहिताओं के मसौदे को अंतिम रूप देने पर चर्चा की गई। 14-15 दिसम्बर 2015 को ढाका, बांग्लादेश में हुई एसएआरएसओ के गवर्निंग बोर्ड की चौथी बैठक में भी बीआईएस के प्रतिनिधि ने एसएआरएसओ टीएमबी के अध्यक्ष के रूप में भाग लिया। भारत सार्क देशों के बीच सहयोग और क्षेत्रीय मानकीकरण गतिविधि का कार्य सक्रियता से कर रहा है जो क्षेत्र के भीतर व्यापार को सरल बनाने के माध्यमों में से एक है।

द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों में भागीदारी

बीआईएस ने वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के निकट सहयोग से जर्मनी, जापान, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, रूस, ओमान, स्लोवाकिया, ताइवान और किर्गिस्तान जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लिए कार्य करना जारी रखा। अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक हुए महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :

- 3 जून 2015 को मिंस्क, बेलारूस में बीआईएस और बेलारूस गणराज्य की स्टेट स्टैण्डर्डाइजेशन कमेटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- 6 जून 2015 को बीआईएस और बांग्लादेश स्टैण्डर्ड्स एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट (बीएसटीआई) के बीच द्विपक्षीय सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए गए।

- 11 जून 2015 को बीआईएस और भूटान स्टैण्डर्ड्स ब्यूरो, द रॉयल गवर्नमेन्ट ऑफ भूटान के बीच द्विपक्षीय सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए गए।

- माननीय प्रधानमंत्री के किर्गिस्तान दौरे के दौरान 12 जुलाई 2015 को बीआईएस और किर्गिस्तान के आर्थिक मंत्रालय के बीच मानकों के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। किर्गिस्तान में भारत के राजदूत श्री जयंत खोबरगड़े ने बीआईएस की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन मानकीकरण, अनुरूपता आकलन के क्षेत्र में सुदृढ़ीकरण और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने तथा परस्पर व्यापार में विशेषज्ञता को साझा करने तथा दोनों पक्षों के बीच आवश्यक जानकारी के आदान-प्रदान के लिए किया गया।

- 28 जुलाई 2015 को बीआईएस और स्लोवॉक गणराज्य के स्लोवाक ऑफिस ऑफ स्टैंड्डर्स, मैट्रोलॉजी एण्ड टेस्टिंग (एसओएसएमटी) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- 2-3 सितम्बर 2015 को नई दिल्ली में माननीय श्रीमती सुषमा स्वराज, विदेश मंत्री की सह-अध्यक्षता में भारत-संयुक्त अरब अमीरात के संयुक्त आयोग की बैठक में बीआईएस और अमीरात ऑथरिटी फॉर स्टैंडर्ड्जाइजेशेन एण्ड मैट्रोलॉजी (ईएसएमए), संयुक्त अरब अमीरात के बीच महानिदेशक, बीआईएस और महानिदेशक, ईएसएमए ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- भारत के माननीय राष्ट्रपति के जॉर्डन दौरे के दौरान 12 अक्तूबर 2015 को बीआईएस और जॉर्डन स्टैंड्डर्स एण्ड मैट्रोलॉजी आर्गेनाइजेशन (जेएसएमओ) के बीच मानकीकरण एवं अनुरूपता आकलन के क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **मानकीकरण, अनुरूपता आकलन तथा उत्पाद सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत-जर्मनी गुणता अवसंरचना का कार्यकारी समूह**

  11 अप्रैल 2013 को भारत-जर्मनी कार्यकारी समूह की स्थापना की गई थी। भारत-जर्मनी जेडब्ल्यूजी की स्थापना द्विपक्षीय आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने; उपभोक्ताओं तथा उद्योगों के हित के लिए मानकीकरण, अनुरूपता आकलन और उत्पाद सुरक्षा के क्षेत्र में बातचीत में गति लाने तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण के क्षेत्र में समन्वित क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी ताकि द्विपक्षीय व्यापार को आसान बनाया जा सके। वर्ष 2015-16 के दौरान भारत-जर्मनी के कार्यकारी समूह के अंतर्गत हुई महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं:

  - स्मार्ट सिटी पर उप-समूह और स्मार्ट ग्रिड पर उप-समूह की स्थापना, जिसमें दोनों पक्षों के विशेषज्ञ हैं। जर्मन पक्ष ने 'स्मार्ट सिटी के लिए जर्मन मानकीकरण रोडमैप' पर दस्तावेजों को भी सांझा किया है।

  - 22 सितम्बर 2015 को दिल्ली में अस्पतालों और चिकित्सा उपस्करों में विद्युत सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई । चिकित्सा युक्तियों के निर्माताओं के लिए 23 जुलाई 2015 को मुंबई में आईएसओ 13485 (चिकित्सा युक्तियाँ- गुणता प्रबंध पद्धति) के कार्यान्वयन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

  - व्यापार बढ़ाने के लिए चमड़े और तकनीकी वस्त्रादि पर क्रमशः चेन्नई और मुंबई में राउंड टेबल सम्मेलन का आयोजन किया गया।

  - हैदराबाद, पुणे (प्रसंस्कृत खाद्य) और मुंबई (मसाले), दिल्ली (ईयू विनियम) में खाद्य सुरक्षा कार्यान्वयन एवं खाद्य सुरक्षा मानकों पर आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम विशेष रूप से एसएमई क्षेत्र के उद्यमों के लिए किए गए।

- जर्मनी के खिलौना उद्योग की मांग जानने तथा भारत से आयात की गुणता एवं सुरक्षा को जानने के लिए खिलौनों की सुरक्षा पर अध्ययन किया गया। मानकों, परीक्षण पद्धतियों और विनियमों पर अध्ययन की प्रस्तुति के लिए संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने 14-15 जनवरी 2016 को गुणता अवसंरचना पर भारत-जर्मनी कार्यकारी समूह की तीसरी बैठक आयोजित की। दो दिन की कार्यकारी समूह की इस बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की अपेक्षाओं को समझने तथा 2016 में भविष्य में सहयोग देने की कार्यनीति तैयार करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। परस्पर परामर्श के बाद दोनों पक्षों के बीच जानकारी के आदान-प्रदान के अनुभव और प्राथमिकताओं के आधार पर 2016 की कार्ययोजना पर हस्ताक्षर किए गए। अगले वर्ष की कार्ययोजना की रूपरेखा में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की गतिविधियों के अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्मार्ट ग्रिड/माइक्रो ग्रिड, एलवीडीसी, खाद्य सुरक्षा, चमड़ा एवं चमड़े के उत्पाद, वायु एवं जल की गुणता, उत्पाद सुरक्षा, सुरक्षित खिलौने, डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ तथा आईटी सुरक्षा भी शामिल हैं।
- गुणता अवसंरचना और उत्पाद सुरक्षा पर भारत-जर्मनी कार्यकारी समूह के तहत कार्ययोजना के अंग के रूप में आईएसओ 13485:2003 'चिकित्सा युक्तियाँ - गुणता प्रबंध पद्धति - नियामक प्रयोजन हेतु अपेक्षाएँ' पर 24-26 फरवरी 2016 को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीआईएस के 21 लोगों ने भाग लिया।

- 15 जनवरी 2016 को बीआईएस और जापानी शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में दोनों देशों ने पीएएससी मंच पर अधिक सक्रिय भागीदारी के बारे में बातचीत की ।
- कोरियन टेस्टिंग लेबोरेटरी, दक्षिण कोरिया के शिष्टमंडल ने 17 फरवरी 2016 को बीआईएस का दौरा किया। यह दौरा विद्युत एवं इलैक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए एक-दूसरे के अनुरूपता आकलन के परीक्षण परिणामों की परस्पर स्वीकार्यता हेतु द्विपक्षीय सहयोग करार पर हस्ताक्षर करने की संभावनाएँ जानने के लिए किया गया।

तकनीकी सूचना सेवाएँ

उद्योगों, आयातकों, निर्यातकों, लोगों तथा सरकारी एजेंसियों द्वारा मांगी गई जानकारी के प्रति उत्तर में बीआईएस तकनीकी सूचना सेवाएँ प्रदान करता है। अप्रैल 2015 से मार्च 2016 की अवधि में लगभग ऐसी 1 900 पूछताछों का उत्तर दिया गया।

डब्ल्यूटीओ-टीबीटी मामले

- वाणिज्य विभाग, भारत सरकार और सीआईआई ने बीआईएस एवं क्यूसीआई के साथ मिल कर 21-22 मई 2015 को नई दिल्ली में "अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मानकों की भूमिका : चुनौतियाँ, अवसर और मुद्दे" विषय पर मानक कन्क्लेव का आयोजन किया। बीआईएस ने "औद्योगिक वस्तुओं में अंतर्राष्ट्रीय मानकों से एकरूपता एवं मेक इन इंडिया कार्यक्रम में मानकों की भूमिका" पर एक प्रस्तुति दी।
- 20 नवम्बर 2015 को क्षेत्रीय मानक कन्क्लेव भी आयोजित किया जिसमें बीआईएस ने 'भारत में स्वैच्छिक मानक एवं तकनीकी विनियम' पर प्रस्तुति दी।
- वाणिज्य विभाग, भारत सरकार ने कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और भारतीय निरीक्षण परिषद् (ईआईसी) के साथ मिल कर बीआईएस के सहयोग से 3 व 5 फरवरी और 2 मार्च 2016 को क्रमशः लखनऊ, अहमदाबाद और चेन्नई में क्षेत्रीय मानक कन्क्लेव आयोजित किये, जिसमें बीआईएस एक को-पार्टनर था ।

पहचान संख्याओं की स्पोन्सरशिप

(i) जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन)

आईएसओ/आईईसी 7812 'पहचान कार्ड - जारीकर्त्ता पहचान' अंतर्राष्ट्रीय और/अथवा अंतर-उद्योग विनिमय में प्रयुक्त पहचान कार्डों के जारीकर्ताओं की पहचान के लिए एक संख्यांकन पद्धति विनिर्दिष्ट करता है। यह मुख्य उद्योग और कार्ड जारीकर्त्ता की पहचान करता है । बीआईएस, आईएसओ/आईसी 7812 के अनुसार आईआईएन जारी करने को सुगम बनाता है। बीआईएस, बैंकों/वित्तीय संगठनों के आवेदनों को अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) को प्रायोजित करके यह करता है। मैसर्स नेशनल पेमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) (भारत में रिटेल भुगतान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अम्ब्रेला संगठन के रूप में संस्थापित स्वायत्त निकाय) के आवेदन को कार्ड योजना ब्लॉक धारक के अंतर्गत 3000 आईआईएन प्रक्रमण के लिए भेजा गया।

(ii) विश्व विनिर्माता पहचानकर्त्ता (डब्ल्यूएमआई) संख्या

सोसायटी ऑफ़ आटोमोटिव इंजीनियर्स (एसएई), यूएसए के समन्वय से बीआईएस भारत में ऑटोमोबाइल निर्माताओं एवं निर्यातकों को इस अवधि में आईएसओ 3780:2009 'सड़क वाहन - विश्व विनिर्माता पहचानकर्त्ता (डब्ल्यूएमआई) कोड' के अनुसार डब्लूएमआई कोड आबंटित करता है। इस अवधि के दौरान 112 डब्ल्यूएमआई कोड आबंटित किए गए।

प्रशिक्षण सेवाएँ

बीआईएस के अंतर्गत 1995 में राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) की स्थापना की गई । इस संस्थान की स्थापना मानकीकरण, गुणता आश्वासन, प्रबंध पद्धति, प्रमाणन, प्रयोगशाला परीक्षण इत्यादि के क्षेत्र में उद्योगों की बढ़ती अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गुणतापरक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु की गई थी। एनआईटीसी एशिया, अफ्रीका, यूरोप, लेटिन और दक्षिणी अमरीका के विकासशील देशों के लिए भी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। ये कार्यक्रम बहुत अनुभवी, योग्य और प्रशिक्षित संकाय टीम द्वारा संचालित किए जाते हैं।

विकासशील देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईटीपी) और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

कई विकासशील देशों से कुल 87 भागीदारों ने प्रबंध पद्धति पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानकीकरण एवं गुणता आश्वासन पर 48वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति (एलक्यूएमएस) पर छठे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। भूटान स्टैण्डर्ड्स ब्यूरो के विशेष आग्रह पर 06 भागीदारों के लिए 14 से 19 मार्च 2016 तक "मानक निर्धारण प्रक्रिया/मानदंडों" पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

मानकीकरण एवं गुणता आश्वासन पर 48वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्योगों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान एनआईटीएस ने इंडस्ट्री के लिए 2 075 प्रतिभागियों के लिए 12 लीड ऑडिटर कोर्स सहित 111 कार्यक्रम आयोजित किए। ये कार्यक्रम प्रबंध पद्धति और प्रयोगशाला से संबंधित विषयों पर कार्यक्रम, जैसे प्रयोगशाला गुणता प्रबंधन पद्धति, मापन अनिश्चितता, आईएलसी/पीटी, उत्पाद विशिष्ट परीक्षण पर आयोजित किए गए। इसके ग्राहकों में केबिनेट सचिवालय, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद्, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कोर्पोरेशन, एयर इंडिया और जेट एयरवेज जैसे कुछ नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता संगठनों, विभिन्न प्रतिरक्षा संस्थानों, भारतीय रेलवे, हॉलमार्किंग गतिविधियों और तकनीकी समिति सदस्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बीआईएस के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान 21 कार्यक्रम विशेष रुप से भारतीय मानक ब्यूरो के कर्मचारियों के लिए आयोजित किए गए, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

क) नए नियुक्त किये गए वैज्ञानिक बी के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण

ख) ऊर्जा प्रबंध पद्धति पर भारतीय मानक ब्यूरो के 37 वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

ग) तकनीकी सहायकों और निम्न श्रेणी लिपिकों (एलडीसी) के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण ।

घ) सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), मॉडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम (एमएसीपी), आचरण नियम, छुट्टी के नियम, टिप्पण आलेखन आदि पर रिफ्रेशर कोर्स

ड़) हॉलमार्किंग पर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीओटी)।

च) अनुभाग अधिकारियों, निजी सचिवों की सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से भर्ती के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण।

छ) एलडीसीई के माध्यम से निम्न श्रेणी लिपिकों की भर्ती के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण

ज) केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और प्रथम अपीलेट प्राधिकारी (एफएए) हेतु आरटीआई अधिनियम पर सात प्रशिक्षण कार्यक्रम

झ) प्रमाणन अधिकारियों के लिए निवारक सतर्कता कार्यक्रम

ञ) जांच अधिकारियों (आइओ), प्रस्तोता अधिकारियों (पीओ) के लिए सतर्कता संबंधी मामलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम

बीआईएस के लगभग 541 अधिकारियों को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया।

एनआईटीएस द्वारा विकसित एवं संचालित किए गए नए कार्यक्रम

क) आईएस/आईएसओ 50001 : 2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबंध पद्धति के लिए लीड ऑडिटर कोर्स

ख) उद्योगों तथा बीआईएस ऑडिटरों के लिए आईएस/आईएसओ 9001:2015 के पुनरीक्षित संस्करण में चेंजओवर के लिए क्यूएमएस पर ट्रांसिशन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन ।

उपभोक्ता मामले

बीआईएस अपने सभी स्टेकहोल्डरों को केन्द्रित रूप से अपनी सेवाएँ और मानकीकरण तथा प्रमाणन के लाभ केंद्रित और समयबद्ध तरीके से देने का प्रयास करता है। बीआईएस का उपभोक्ता मामले विभाग उपभोक्ता संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित करता है। इन गतिविधियों में जन शिकायतों का निवारण, बीआईएस के स्टेकहोल्डरों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार तथा विश्व मानक दिवस आयोजित करना शामिल है।

i) **उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम** - उपभोक्ताओं में मानकीकरण, प्रमाणन और गुणता चेतना की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के माध्यम से नियमित आधार पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें से कुछ कार्यक्रम उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से आयोजित किए गए । वर्ष के दौरान, देश भर में ऐसे 166 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ii) **उद्योग जागरूकता कार्यक्रम** - उद्योगों में मानकीकरण की अवधारणा, उत्पाद प्रमाणन, प्रबंध पद्धति प्रमाणन तथा बीआईएस की अन्य गतिविधियों के प्रचार के लिए वर्ष के दौरान 49 उद्योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में व्याख्यान तथा परिचर्चाएँ शामिल थीं। इन कार्यक्रमों में उद्योगों की जरूरत के अनुरूप विशेष औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित मानकों पर प्रकाश डाला गया।

20 फरवरी 2016 को अहमदाबाद में आयोजित उद्योग जागरूकता कार्यक्रम

iii) **मानक शैक्षणिक उपयोगिता कार्यक्रम** - स्कूल और कॉलेज इत्यादि के छात्रों और अध्यापकों के लिए बीआईएस मानक शैक्षणिक उपयोगिता कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि युवा मन मानकीकरण की अवधारणा तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में समझ सकें। हमारे देश के औद्योगिक विकास में मानकीकरण के महत्त्व को देखते हुए यह आवश्यक है कि तकनीकी संस्थानों के छात्रों को मानकीकरण के सिद्धांतों और रीतियों से अवगत कराया जाए। वर्ष के दौरान बीआईएस द्वारा 30 मानक शैक्षणिक उपयोगिता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

iv) **विश्व मानक दिवस** - बीआईएस ने 14 अक्तूबर 2015 को विश्व के उन सभी विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए विश्व मानक दिवस मनाया, जिनके स्वेच्छा से विकसित किए गए तकनीकी करार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय मानकों के रूप में प्रकाशित होते हैं। 2015-16 के दौरान विश्व मानक दिवस का थीम "विश्व की आम भाषा - मानक" था। बीआईएस ने विश्व मानक दिवस मनाने के लिए 28 अक्तूबर 2015 को संगोष्ठी का आयोजन भी किया।



नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस का आयोजन



जमशेदपुर में विश्व मानक दिवस का आयोजन

v) **सार्वजनिक शिकायतें**- शिकायत निवारण प्रक्रिया के लिए बीआईएस सुव्यवस्थित प्रक्रिया अपनाता है। उपभोक्ता इसमें बीआईएस प्रमाणित उत्पादों के बारे में अपनी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से शिकायतें दर्ज कर सकते हैं । वर्ष के दौरान 51 शिकायतें (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) प्राप्त हुई एवं 35 शिकायतें निपटाई गईं।

vi) **सिटीजन चार्टर** - सिटीजन चार्टर कार्यान्वित किया गया है और प्रबंध नियंत्रण रिपोर्टों के माध्यम से प्रत्येक माह समय-सीमा की मॉनिटरिंग की जा रही है।

vii) **राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार (आरजीएनक्यूए)**- उत्कृष्ट प्रयास के लिए विनिर्माताओं और सेवा संगठनों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 1991 में ब्यूरो द्वारा राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार स्थापित किए गए। इन वार्षिक पुरस्कारों की तुलना यूएस के मैल्कम बाल्रिज राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार एवं

यूरोपियन गुणता पुरस्कार सदृश अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से की जाती है। इन पुरस्कारों का मूल्यांकन लीडरशिप, नीतियों, उद्देश्यों एवं कार्यनीतियों, मानव संसाधन प्रबंध, संसाधन, प्रक्रमण, उपभोक्ता पर केन्द्रित परिणामों, कर्मचारियों की संतुष्टि, व्यवसाय के परिणाम एवं पर्यावरण तथा समाज पर प्रभाव -इन नौ मानदंडों के आधार पर किया जाता है। लघु स्तर के संगठनों के लिए आकलन छह मानदंडों के आधार पर किया जाता है। वर्ष 2012 और 2013 के लिए राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार 28 अक्तूबर 2015 को आयोजित समारोह में प्रदान किए गए।

viii) **प्रवर्तन** - बीआईएस मानक मुहर (आईएसआई मुहर) गुणता की मुहर है। उपभोक्ताओं के साथ साथ संगठित क्रेता आईएसआई मुहर लगे उत्पादों को वरीयता देते हैं। कुछ धोखेबाज निर्माता बीआईएस से लाइसेंस प्राप्त किये बिना आईएसआई मुहर लगाकर उत्पादों का उत्पादन तथा मार्केटिंग करके उपभोक्ताओं को ठगने का प्रयास करते हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान बीआईएस ने देशभर में आईएसआई मुहर का दुरुपयोग करने वाली फर्मों पर तलाशी एवं जब्ती के अभियान चलाए और ऐसे उत्पाद जब्त किए गए। अपराधियों के खिलाफ न्यायालय में समय से अभियोजन शुरू करने के लिए प्रयास किए गए। बीआईएस ने मारे गए प्रवर्तन छापों के बारे में व्यापक प्रचार करते हुए कई प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं, ताकि आईएसआई मुहर का दुरूपयोग करने वाले निर्माताओं के विरूद्ध उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाई जा सके।

प्रचार

बीआईएस की प्रचार गतिविधियों का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं और उद्योगों के मध्य बीआईएस की गतिविधियों, मुख्य रूप से मानकीकरण, वस्तुओं एवं सेवाओं का प्रमाणन और सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इसके उल्लंघनकर्त्ताओं को रोकने के लिए नकली मुहरांकन जैसी अनैतिक व्यापारिक रीतियों को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान किया गया। प्रिंट और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के साथ-साथ प्रचार के अन्य माध्यमों, जैसे आउटडोर प्रचार, मैट्रो रेल, रेल संपर्क 139, पब्लिक यूटिलिटी, एयरपोर्टो एवं रेलवे स्टेशनों, सिनेमा हाल इत्यादि पर होर्डिंग लगाकर प्रचार किया गया ।

बीआईएस द्वारा प्रमाणित आईएसआई मुहर लगी वस्तुएँ तथा हॉलमार्क किए गए स्वर्ण आभूषणों एवं खरीदने हेतु आम उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जोर-शोर से प्रचार अभियान चलाया गया तथा बीआईएस प्रमाणित सामानों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई हेतु ब्यूरो द्वारा बनाई गई पद्धति के बारे में भी सूचित किया गया।

बीआईएस की विविध गतिविधियों की जानकारी प्रसारित करने के लिए बीआईएस ने लोकप्रिय उपभोक्ता और औद्योगिक व्यापार मेलों में भाग लिया । ऐसे मेलों एवं प्रदर्शनियों, जहाँ बहुत अधिक संख्या में लोगों के आने की संभावना रहती है, उन पर विशेष रूप से विचार किया गया।

वर्ष 2015-16 के दौरान इलैक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से की गई प्रचार गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है :

टीवी माध्यम से प्रचार

- प्रमुख इंटरटेन्मेंट चैनलों एवं न्यूज चेनलों, डीडी न्यूज तथा दूरदर्शन के क्षेत्रीय केंद्रों पर त्यौहारों के सीज़न के दौरान नवंबर 2015 में 16 दिन के लिए हालमार्किंग पर स्पॉट प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज तथा दूरदर्शन के क्षेत्रीय केंद्रों पर 3 दिनों के लिए (8-10 नवंबर 2015) हालमार्क स्पॉट प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज तथा दूरदर्शन के क्षेत्रीय केंद्रों पर 7 दिनों के लिए (10-16 जनवरी 2016) आईएसआई स्पॉट प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज पर यूनियन बजट दिवस 29 फरवरी 2016 को दो आईएसआई स्पॉट तथा एक हालमार्क स्पॉट प्रसारित किए गए।

रेडियो माध्यम से प्रचार

- वर्ष भर में 105 दिनों की अवधि के लिए आकाशवाणी के माध्यम से एफएम चैनलों एवं विविध भारती स्टेशनों, राष्ट्रीय समाचार, प्राइमरी चैनल/लोकल रेडियो स्टेशनों पर हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में आईएसआई मुहर एवं हॉलमार्किंग पर रेडियो स्पॉट प्रसारित किये गये। वर्ष 2015 में 30 अगस्त और 29 नवंबर को माननीय प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम के दौरान आईएसआई मुहर एवं हॉलमार्किंग के विज्ञापन प्रसारित किये गये।

प्रिंट माध्यम से प्रचार

- अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अप्रैल 2015 में हालमार्क का प्रचार करने हेतु 2 दिन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विज्ञापन जारी किये गये।
- प्रिंट मीडिया के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता के लिए अंग्रेजी-हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में वर्षभर विज्ञापन अभियान निम्नलिखित विवरणानुसार चलाये गये :

- आईएसआई मुहर एवं हॉलमार्क पर जून तथा जुलाई 2015 में विज्ञापन प्रकाशित किये गये।
- 'सड़क सुरक्षा' अभियान में हेलमेट तथा टायरों पर आईएसआई मुहर को बढ़ावा देने हेतु 23 दिसंबर 2015 से 4 सप्ताह के लिए सप्ताह में दो बार विज्ञापन जारी किये गये।
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी 2016 को हिंदी, अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में अखिल भारतीय स्तर पर एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया।
- उपभोक्ताओं एवं निर्माताओं हेतु मार्च 2016 में 'पंजीकरण योजना' पर अभियान 2 मार्च 2016 से 4 सप्ताह तक सप्ताह में दो बार विज्ञापन जारी करके चलाया गया।

वर्ष 2015-16 के दौरान आउटडोर मीडिया के माध्यम से किये गये प्रचार-प्रसार के विवरण नीचे दिये गये हैं :

- उपभोक्ता जागरूकता के लिए तीन महीनों तक 139 रेल सम्पर्क पर आईएसआई मुहर एवं हॉलमार्किंग पर जिंगल चलाये गये।
- जून/जुलाई 2015 में एक माह के लिए पब्लिक यूटिलिटी पर होर्डिंग्स लगाकर, रेलवे स्टेशनों, दिल्ली मैट्रो पर डिस्प्ले स्क्रीन लगाकर और दिल्ली एयरपोर्ट पर डिजिटल स्क्रीन तथा वीडियो वॉल लगाकर प्रचार किया गया।
- ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँचने हेतु 24 दिसंबर 2015 से 30 दिन की अवधि के लिए देशभर के 746 सिनेमा हालों में आईएसआई मुहर तथा हालमार्क का प्रचार करने हेतु टीवी स्पॉट प्रसारित किये गये।
- डाक विभाग द्वारा जारी की गई 50 लाख पासबुकों के पीछे 'पैकेजबंद पेयजल' तथा 'हालमार्क' के संदेश प्रकाशित किये गये। ये पासबुक देशभर में वितरित की गई।
- सूरजकुंड मेले 2016 में 4 बड़े होर्डिंग्स (आईएसआई मुहर लगे घरेलू उत्पादों पर 2 होर्डिंग्स और पैकेजबंद पेयजल पर 2 होर्डिंग्स) लगाये गये ।

अन्य मीडिया कवरेज

- बीआईएस की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने एवं लोकप्रिय बनाने के लिए महानिदेशक, बीआईएस एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साक्षात्कार रेडियो एवं टीवी पर वर्ष के दौरान आयोजित किये गये।
- वर्ष के दौरान बीआईएस प्रमाणित उत्पादों तथा हालमार्क, राष्ट्रीय भवन कोड, स्मार्ट सिटी पर मानक, वर्ष 2012 एवं 2013 के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार आदि सहित बीआईएस की विविध गतिविधियों के संबंध में विशिष्ट समाचार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किये गये ।
- बीआईएस की विभिन्न गतिविधियों से संबद्ध 19 प्रेस नोट जारी किये गये एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किये गये।

महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों संबंधी प्रचार

- **विश्व मानक दिवस समारोह-** विश्व मानक दिवस संबंधी विज्ञापन दिनांक 14 अक्तूबर 2015 को अखिल भारतीय स्तर पर 72 विभिन्न समाचार पत्रों में जारी किये गये।

मानकों एवं अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ब्यूरो मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखा कार्यालयों में स्थित 24 बिक्री केन्द्रों के माध्यम से भारतीय मानक और विशेष प्रकाशनों की बिक्री करता है। पंजीकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से भी बिक्री की जाती है। बीआईएस भारत में विदेशी मानकों (आईएसओ, आईईसी, बीएसआई लंदन, डीआईएन जर्मनी, जेआईएस, जापान) की भी बिक्री करता है। बीआईएस अपने ई-पोर्टल के माध्यम से भारतीय मानकों की बिक्री करता है। मानकों को बीआईएस के ई-पोर्टल से सॉफ्ट कॉपी के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है अथवा ई-पोर्टल द्वारा हार्ड कॉपी के लिए भी क्रयादेश दिया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा पोर्टल पर भुगतान किया जा सकता है। बीआईएस के पास उन ग्राहकों के लिए भी भुगतान की प्रणाली है जिनकी ई-खरीद रू. 50,000 से अधिक की हो, ऐसे ग्राहक डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा भी भुगतान कर सकते हैं। बीआईएस के खाते में सीधे एनईएफटी/आरटीजीएस (ऑनलाइन अंतरण) द्वारा भी ग्राहक मानकों हेतु भुगतान कर सकते हैं।

भारतीय मानक पूरे सेट के रूप में अथवा सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, टैक्सटाइल इत्यादि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए अलग-अलग विशेष सेटों के रूप में डीवीडी पर लीज के लिए भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए बीआईएस के ई-पोर्टल www.standardsbis.in से जुड़ा एक टच स्क्रीन कियोस्क मुख्यालय के बिक्री विभाग में लगाया गया है। ग्राहक इस पर अपनी आवश्यकता के मानक, मानकों का मूल्य, विषय क्षेत्र, संशोधन इत्यादि देख सकते हैं।

हिन्दी गतिविधियाँ

भारतीय मानक ब्यूरो राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करता है। तदनुरूप, वर्ष के दौरान हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी निम्नलिखित कार्य किए गए:

हिन्दी कार्यान्वयन - बीआईएस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चारों बैठकें समय से आयोजित की गईं। चार तिमाहियों की हिंदी की प्रगति रिपोर्ट समय पर उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को भेजी गई। वर्ष के दौरान बीआईएस के विभिन्न कार्यालयों में 26 हिन्दी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें 400 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्यालय में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2015 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें हिन्दी संबंधी निबंध लेखन, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन और राजभाषा से संबंधित ज्ञान सहित 4 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के सफल विजेताओं को 01 अक्तूबर 2015 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 25 पुरस्कार दिए गए। बीआईएस ने सरकार की हिंदी प्रोत्साहन की सभी योजनाओं का कार्यान्वयन करना जारी रखा। इसमें हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन की नकद पुरस्कार योजना, हिन्दी प्रोत्साहन भत्ता योजना, राजभाषा शील्ड योजना आदि सम्मिलित हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान सभी कंप्यूटरों पर अंग्रेजी सहित हिंदी के अद्यतन द्विभाषी सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराए गए। बीआईएस के विभिन्न कार्यालयों में हिंदी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित के लिए 24 निरीक्षण किये गये ।

संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण एवं अन्य बैठकें - इस अवधि के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने ब्यूरो के विशाखापटनम, राजकोट तथा मुम्बई कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अलावा संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य समिति ने उक्त अवधि के दौरान मुख्यालय तथा गाजियाबाद शाखा कार्यालय का निरीक्षण भी किया। समिति ने बीआईएस में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग पर संतुष्टि व्यक्त की। महानिदेशक, बीआईएस ने मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की दिनांक 08 जून 2015 तथा 12 फरवरी 2016 को क्रमशः दिल्ली एवं भुवनेश्वर में आयोजित बैठकों में भाग लिया। बैठकों में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाइयाँ की गई ।



राजकोट शाखा कार्यालय में संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण

345

मानक एवं सामान्य अनुवाद - भारतीय मानकों के अनुवाद कार्यों को गति प्रदान करने हेतु पैनल में अनुवादकों की संख्या बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए और तदनुसार उन्हें अनुवाद हेतु मानक भेजे गए । अवधि के दौरान 68 मानकों का अनुवाद किया गया और 670 मानकों के शीर्षक भी द्विभाषी किए गए ।

मानकों के अनुवाद कार्यों के अतिरिक्त ब्यूरो ने अपने विभिन्न विभागों से प्राप्त कई प्रोफार्मों, वार्षिक रिपोर्ट, हॉलमार्किंग, विश्व मानक दिवस, निविदा सूचनाओं, संसदीय प्रश्न, राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार, संसद की स्थायी समिति के लिए सामग्री, राजपत्र अधिसूचना, प्रशिक्षण सामग्री, ब्यूरो बैठकों की कार्य सूची एवं कार्यवृत्त आदि के लगभग 800 पृष्ठों का अनुवाद किया।

योजनागत परियोजनाएँ

हॉलमार्किंग

बीआईएस केंद्रीय सहायता के साथ भारत में सोना एसेइंग एवं हालमार्किंग (ए एंड एच) केंद्रों को स्थापित हेतु योजनागत परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। हॉलमार्किंग की इस योजना का प्रचालन 10वीं योजना से किया जा रहा है तथा 12वीं योजना में भी इसे जारी रखा गया है। इस योजना के घटक नीचे दर्शाए गए हैं।

क) अवसंरचना निर्माण - एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना

ख) निम्नलिखित को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के माध्यम से क्षमता निर्माण :

i) हॉलमार्किंग में लगे शिल्पकारों को प्रशिक्षण

ii) प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पर बीआईएस के ऑडिटरों को प्रशिक्षण दिया गया

iii) एसेइंग और हॉलमार्किंग केन्द्रों के कार्मिकों का प्रशिक्षण

वर्ष के दौरान अवसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत अवसंरचना के सृजन के लिए 2 किस्तों में केन्द्रीय सहायता दी गई। वर्ष के दौरान केन्द्रीय सहायता के रूप में 26 केन्द्रों को पहली किस्त तथा 24 केन्द्रों को दूसरी किस्त दी गई। इसके साथ योजना के आरंभ से लेकर अब तक ऐसे केन्द्रीय सहायता प्राप्त ए एंड एच केन्द्रों की संख्या बढ़कर 73 हो गई ।

2015-16 के दौरान बीआईएस ने सरकार से इस योजनागत योजना के अन्तर्गत रू. 375 लाख प्राप्त किये और रू. 372.69 लाख खर्च किये। शिल्पकार प्रशिक्षण पर 07 कार्यक्रम, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर 01 कार्यक्रम, एसेइंग व हॉलमार्किंग के कार्मिक प्रशिक्षण पर 04 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मानकीकरण की राष्ट्रीय पद्धति

ग्यारहवीं योजना के अन्तर्गत प्रचालित की जा रही मानकीकरण की राष्ट्रीय पद्धति पर योजना का प्रचालन निम्नलिखित घटकों के साथ जारी रखा गया है :

i) भारतीय मानकों की स्थापना/पुनरीक्षण हेतु अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएँ

ii) तकनीकी समिति बैठकों में बीआईएस तकनीकी समिति सदस्यों की सहभागिता को बढ़ाना

iii) संगोष्ठी/कार्यशाला और प्रशिक्षण

iv) अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण में बीआईएस अधिकारियों, तकनीकी समिति के सदस्यों, अन्य अधिकारियों तथा विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/द्विपक्षीय बैठकों/प्रशिक्षणों में सहभागिता बढ़ाना

v) भारत में आईएसओ/आईईसी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/सार्क बहुपक्षीय/द्विपक्षीय बैठकें/ कार्यशालाएँ/ प्रशिक्षण आयोजित करना

वर्ष के दौरान बीआईएस ने सरकार से इस योजना के अंतर्गत ₹ 580 लाख प्राप्त किये, ₹ 273.96 लाख खर्च किए।

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ

कंप्यूटरीकरण के लिए सरकार की पहलों के अनुरूप और बीआईएस के रोजमर्रा के कार्यों को पूर्णतया ऑनलाइन संचालित करने हेतु पद्धतियों के विकास एवं सतत सुधार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति को संसाधन के रूप में योजनाबद्ध तरीके से समर्थ बनाया जा रहा है । इसका समग्र उद्देश्य बीआईएस के स्टेकहोल्डरों के लिए दक्षता, पारदर्शिता बढ़ाकर एवं विश्वसनीयता और उनकी समय से डिलीवरी सुनिश्चित करके सेवाओं में सुधार लाना है। इस परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रगति हुई है।

सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना

भारतीय मानक ब्यूरो के सूचना प्रौद्योगिकी सेवा विभाग में दो अतिरिक्त सर्वर एवं सहायक सामग्री ली और स्थापित की गई है। हमारे नागपुर कार्यालय में एक लीज लाइन चालू की गई, इसके परिणामस्वरूप बैंडविड्थ 2 एमबीपीएस तक बढ़ी है। अपेक्षित हार्डवेयर लेने सहित हमारे नोएडा, कोच्ची, दुर्गापुर, जमशेदपुर तथा रायपुर कार्यालयों में बैंडविड्थ बढ़ाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी की गई हैं।

बीआईएस मुख्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना/संसाधनों को सरल एवं कारगर बनाने हेतु एक यूनिफाइड थ्रेट मैनेजमेंट (यूटीएम) युक्ति भी खरीदी गयी है।

एकीकृत बीआईएस वेब-पोर्टल

बीआईएस की प्रमुख गतिविधियों को स्वचालित करने के लिए एक एकीकृत वेब-पोर्टल विकसित किया जा रहा है । यह कार्य सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डेक), नोएडा को सौंपा गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीईआईटीवाई) के अधीन कार्य कर रहा है। पोर्टल का विकास सी-डेक एवं बीआईएस के संबंधित विभाग के साथ समन्वय से चरणबद्ध तरीके से हो रहा है।

चरण 1 में उत्पाद प्रमाणन के लिए मॉड्यूल में विकास, प्रयोगशाला प्रक्रमणों का प्रमाणन के साथ एकीकरण, भुगतान गेटवे, उपयोगकर्ता डैशबोर्ड तथा केंद्रीय लॉग इन सम्मिलित है। सॉफ्टवेयर के चरण 2 में प्रबंध पद्धति प्रमाणन, हालमार्किंग, उपभोक्ता मामले प्रक्रियाएँ और उनके उत्पाद प्रमाणन के साथ एकीकरण के लिए मॉड्यूल विकसित किए जायेंगे।

चरण 1 का मॉड्यूल पूरा हो गया है और इसका परीक्षण किया जा रहा है। पोर्टल में आवेदकों/लाइसेंसधारियों के पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए भी एक अलग पंजीकरण मॉड्यूल बनाया गया है और मौजूदा लाइसेंसधारियों और आवेदकों हेतु पूर्व-पंजीकरण प्रमाण पत्र जेनरेट करके शाखा कार्यालयों को ऑनलाइन उपलब्ध कराएगा जिससे वे बीआईएस पोर्टल पर ई-पंजीकरण करने में सक्षम होंगे ।

मानकीकरण गतिविधि हेतु सॉफ्टवेयर

बीआईएस में विभिन्न कार्यों को करने के लिए मानकीकरण गतिविधि हेतु एकीकृत सॉफ्टवेयर आपरेटिव बनाया गया है । इसके अलग-अलग माड्यूलों में मानक निर्धारण, समिति प्रबंध, सदस्यता प्रबंध, डिस्कशन फोरम, इंट्रा तथा इंटर विभागीय संपर्क इत्यादि शामिल हैं ।

यह सॉफ्टवेयर मानकों के निर्धारण से जुड़ी सभी स्थितियों को स्वचालित बनाता है। इन स्थितियों में नए विषय पर परियोजना के अनुमोदन से लेकर प्रारंभिक मसौदा तथा व्यापक परिचालन, मसौदा अपलोड करना, अंतिम मसौदे का परिचालन, अंतिम रूप से तैयार मानक/संशोधन इत्यादि का प्रकाशन शामिल है। यह सॉफ्टवेयर तकनीकी

विभागों के लिए रीयल टाइम प्रोग्राम ऑफ वर्क जेनरेट करता है। यह बीआईएस के अधिकारियों को सदस्य-सचिव के रूप में समिति एसाइन करने की स्वीकृति देता है, जिससे वे अंतर्राष्ट्रीय समितियों के संगत समिति के गठन, विषय क्षेत्र, बैठक मॉड्यूल तथा लाइजन डाटा को अद्यतन कर सकते हैं।

वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करने और मानकीकरण गतिविधि की समग्र मॉनीटरिंग करने के लिए डाटाबेस बनाया गया है। इसमें विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए एक विचार-विमर्श मंच की भी सुविधा दी गई है ।

प्रमाणन मुहर प्रबंध पद्धति (सीएमएमएस)

सीएमएमएस सॉफ्टवेयर निरीक्षण की योजना बनाने उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के गुणता कार्यकारिता पैटर्न के डाटा के विश्लेषण, आवेदकों/लाइसेंसधारियों तथा कार्यशालाओं के लिए विभिन्न पत्र जेनरेट करने तथा लाइसेंस प्रदान करने, नवीकरण तथा लाइसेंस में अतिरिक्त वेरायटी शामिल करने, इत्यादि की आंतरिक प्रोसेसिंग हेतु डाटा फॉरमेट विकसित करने के लिए बहु-उपयोगी रूपों में डाटा की उपलब्धता को सुगम बनाता है ।

प्रयोगशाला सूचना प्रबंध पद्धति (एलआईएमएस)

मौजूदा प्रयोगशाला सॉफ्टवेयर को ऑनलाइन प्रयोगशाला सूचना प्रबंध पद्धति (एलआईएमएस) के रूप में अपग्रेड किया गया है। ऑनलाइन परीक्षण आवेदन बनाने, नमूना प्राप्ति एवं स्वीकृति और परीक्षण रिपोर्ट अपलोड करने के अतिरिक्त अब यह पद्धति नमूना प्रकोष्ठों को संबंधित प्रयोगशालाओं को नमूने इलैक्ट्रॉनिक रूप में अग्रेषित करने में सक्षम बनाती है। इसके बाद प्रयोगशालाएँ इन परीक्षण रिपोर्टों को अपलोड कर सकती हैं जिन्हें संबंधित शाखा कार्यालय द्वारा तत्काल कार्रवाई हेतु ऑनलाइन देखा जा सकता है।

शिकायत सॉफ्टवेयर

शिकायत पंजीकरण के लिए वर्तमान सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया गया है। ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण तथा स्टेकहोल्डरों द्वारा ऑनलाइन ट्रेकिंग के अतिरिक्त यह पद्धति अब उपभोक्ता मामले विभाग (सीएडी) को ऑनलाइन शिकायतों को मॉनिटर करने, देखने तथा बंद करने की सुविधा देती है। आगे सीएडी को इस पद्धति में कागज/हार्डप्रति में की गई शिकायतों को सिस्टम में समावेश करने हेतु भी प्रावधान किया गया है।

स्मार्ट फोन से शिकायतें दर्ज कराने हेतु एक एंड्रॉइड एप्लिकेशन (बीआईएस केयर) भी विकसित किया गया है। यह माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री राम विलास पासवान द्वारा 01 जून 2015 को नेशनल मीडिया सेंटर में लांच किया गया। उपरोक्त ऐप गूगल तथा एम-सेवा ऐप स्टोर पर भी होस्ट किया गया है।

मानव संसाधन विभाग मॉड्यूल

स्थानांतरण तथा पदोन्नति और कर्मचारियों की प्रोफाइल को अपडेट करना सुगम बनाने हेतु मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी) के लिए एक मॉड्यूल विकसित किया गया है। यह उनके लिए स्थानांतरण तथा पदोन्नति आदेशों को स्वत: जेनरेट करना भी आसान बनाता है।

लोगो डिजाइन प्रतियोगिता

लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के लिए एक माड्यूल विकसित किया गया। इस माड्यूल ने भाग लेने वालों को अपने लोगो ई-सबमिट करने और ई-भुगतान करने में सक्षम बनाया है। इसे निर्णायकों द्वारा ऑनलाइन बहु-स्तरीय मूल्यांकन को सुगम बनाने हेतु भी अपग्रेड किया गया।

वेबसाइट विकास

भारतीय वेबसाइट दिशा निर्देशों (जीआईजीड्ब्ल्यू) के अनुरूप मौजूदा वेबसाइट के पुनर्निर्माण के आंतरिक कार्य का विकास पूरा कर लिया गया है। इस वेबसाइट में विषयवस्तु प्रबंध पद्धति (सीएमएस) जैसी विशेषताएँ सम्मिलित हैं जो विभिन्न विभागों के लिए अपनी विषयवस्तु को अपडेट करने को सुगम बनाएगी। वर्तमान में यह वेबसाइट परीक्षण की अवस्था में है।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित की वेबसाइट विकसित तथा ऑनलाइन की गई :

- पेसिफिक एरिया स्टैण्डर्ड्स कांग्रेस (पीएएससी) बैठक
- निम्न वोल्टता डायरेक्ट करंट (एलवीडीसी) पर आईईसी - बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
- आईएसओ / टीसी 207 की 22 वीं प्लेनरी बैठक - पर्यावरण प्रबंध
- आईएसओ / टीसी 61 की बैठक - प्लास्टिक
- आईएसओ / आईईसी / जेटीसी1 एससी 27 के कार्य समूह (डब्ल्यूजी) की बैठकें
- आईएसओ / टीसी 85 - की 20वीं प्लेनरी बैठक - नाभिकीय ऊर्जा, नाभिकीय प्रौद्योगिकियाँ एवं रेडियो लॉजिकल संरक्षण

इन वेबसाइटों ने भावी सदस्यों एवं अतिथियों के पंजीकरण के साथ-साथ ऑनलाइन संगत सूचना वितरण को आसान बनाया है। बीआईएस के लिए मॉनिटरिंग रिपोर्ट बनाने, निमंत्रण पत्र बनाने, आदि को सुगम बनाने हेतु एक प्रशासनिक मॉड्यूल भी विकसित किया गया है।

केंद्रीकृत लॉगइन

केंद्रीकृत लॉगइन का एक अद्यतन ऑनलाइन संस्करण बनाया गया है। यह लॉगइन एकलबिंदु से स्टेकहोल्डरों को बीआईएस की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं तक एक्सेस करने में समर्थ बनाता है।

डब्ल्यूटीओ-टीबीटी मॉड्यूल

डब्ल्यूटीओ-टीबीटी अधिसूचनाएँ जेनरेट करने के लिए एक मॉड्यूल निर्माणाधीन है। इसके माध्यम से अन्य स्टेकहोल्डर अपनी सम्मतियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे।

डिजिटाइज्ड एप्लिकेशन की मॉनिटरिंग हेतु राष्ट्रीय पोर्टल

प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) के निर्देशों के अनुसार 'राष्ट्रीय पोर्टल' हेतु वेब सेवा मॉड्यूल विकसित किया गया था। पीएमओ के परियोजना प्रबंध समूह (पीएमजी) के साथ इंटीग्रेशन परीक्षण करने के बाद होस्ट की गई वेब सेवा को ऑपरेशनल बनाया गया ।

परियोजना प्रबंधन और कार्य

बीआईएस कार्यालयों के नये भवनों के निर्माण एवं वर्तमान भवनों में नवीकरण का कार्य बीआईएस अपने परियोजना प्रबंधन एवं कार्य विभाग (पीएमड्ब्ल्यूडी) के माध्यम से कर रहा है।

भारतीय सौर ऊर्जा निगम के माध्यम से बीआईएस भवनों की छतों पर सौर पावर संयत्रों के संस्थापन हेतु पीएमड्ब्ल्यूडी "हरित पहल" परियोजनाएँ भी चला रहा है।

पीएमड्ब्ल्यूडी के अधीन विभिन्न कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है :

नई भवन परियोजनाएँ

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ भवन

भारतीय मानक ब्यूरो के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय ने मध्य मार्ग, चण्डीगढ़ में स्थित अपने नए भवन में दिसंबर 2015 से कार्य करना शुरू कर दिया है। नया भवन 4 044 वर्ग मीटर में निर्मित है, इसमें बेसमेंट तथा दो मंजिलें हैं। यह संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ प्रशासन से प्राप्त 4 492.43 वर्ग मीटर के प्लाट पर बनाया गया है। इस भवन का निर्माण सीपीड्ब्ल्यूडी द्वारा लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।



हैदराबाद कार्यालय भवन

बीआईएस के हैदराबाद शाखा कार्यालय ने दिनांक 28 सितंबर 2015 से औद्योगिक विकास पार्क, मौला अली, रंगा रेड्डी जिले में स्थित नये भवन में कार्य आरंभ किया है। नये भवन में बेसमेंट और तीन तल हैं और लिफ्ट लगी है और इसका बिल्ड अप क्षेत्र 2 110 वर्ग मीटर है। यह भवन आंध्र प्रदेश औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर निगम से प्राप्त 2 023.5 वर्ग मीटर के आकार के प्लॉट पर बनाया गया है। इस भवन का निर्माण सीपीड्ब्ल्यूडी द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

हैदराबाद शाखा कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन

राजकोट कार्यालय भवन

बीआईएस राजकोट शाखा कार्यालय ने जुलाई 2015 से कलवड रोड, राजकोट में स्थित नये भवन में कार्य करना आरंभ किया है। नये भवन में बेसमेंट और तीन तल हैं, 1 000 वर्ग मीटर में बने क्षेत्र में लिफ्ट लगी हुई है। यह राजकोट नगर निगम से प्राप्त 861.5 वर्ग मीटर आकार के प्लॉट पर बनाया गया है। इस भवन का निर्माण सीपीड्ब्ल्यूडी द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।



जम्मू कार्यालय भवन

बड़ी ब्रहमा, जम्मू में बीआईएस के जम्मू कार्यालय का भवन, जिसमें 2 तल हैं, का निर्माण 906 वर्गमीटर में लगभग पूरा होने वाला है। यह 2 094.35 वर्गमीटर के आकार के प्लॉट पर है, जिसे जम्मू एवं कश्मीर औद्योगिक विकास निगम से प्राप्त किया गया है। इसका निर्माण सीपीडब्ल्यूडी के माध्यम से लगभग रु. 4.3 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। बीआईएस का जम्मू एवं कश्मीर शाखा कार्यालय इस नये भवन से प्रचालित होगा। यह जम्मू एवं कश्मीर राज्य में बीआईएस का पहला कार्यालय होगा और इस राज्य में बीआईएस को अपना आधार खड़ा करने में सहायक होगा।



नवीकरण परियोजनाएँ

बीआईएस (मुख्यालय), नई दिल्ली में केंद्रीय एयर कंडीशनिंग एवं अन्य अपग्रेडेशन कार्य

केलोनिवि द्वारा बीआईएस मुख्यालय में एक सेन्ट्रल एसी सिस्टम लगाया गया है । इसके अतिरिक्त, केलोनिवि द्वारा वायरिंग बदलना, विद्युतीय फिटिंग बदलना, अग्नि-शमन यंत्रों, अग्निशामक पद्धति को बृहत् बनाना, नया लैन सिस्टम एवं नया इपीएबीएक्स सिस्टम भी उपलब्ध कराया गया है । इन कार्यों पर लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत आयी है ।

इसके अतिरिक्त बीआईएस (मुख्यालय) में कैंटीन के नवीकरण के कार्य एवं बीआईएस (मुख्यालय) में लिफ्ट बदलने की योजना भी बनाई गई है एवं ये कार्य केलोनिवि को लगभग 1.3 करोड़ रुपये की कुल लागत पर सौंपे गये हैं ।

बीआईएस गुवाहाटी शाखा कार्यालय में इंटीरियर रिनोवेशन एवं फर्नीचर कार्य

बीआईएस ने बीआईएस गुवाहाटी शाखा कार्यालय के परिसर के इंटीरियर रिनोवेशन का कार्य हाउसफैड, असम सरकारी एजेंसी को रु. 81.14 लाख की अनुमानित लागत पर सौंपा है।

बीआईएस उक्षेका प्रयोगशाला, मोहाली में विविध मरम्मत एवं आंतरिक फिनिशिंग कार्य

बीआईएस ने केलोनिवि को 21 लाख रु. की लागत पर उक्षेका प्रयोगशाला, मोहाली की आंतरिक फिनिशिंग एवं मरम्मत का कार्य सौंपा था। कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त बंगलुरु और कोलकाता स्थित बीआईएस भवनों के नवीकरण संबंधी परियोजनाएँ भी बनाई गई हैं और उनके जल्दी ही शुरु करने की उम्मीद है ।

हरित पहलें-सौर ऊर्जा परियोजनाएँ

बीआईएस (मुख्यालय), नई दिल्ली में संस्थापित 100 किलोवॉट क्षमता के रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र के अतिरिक्त बीआईएस के विभिन्न भवनों में निम्नलिखित रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र संस्थापित किये गये :

क्रमांक	कार्यालय/प्रयोगशाला का नाम एवं स्थान	क्षमता	दिनांक को पूर्ण
1	बीआईएस, दक्षेका प्रयोगशाला चेन्नई	100 कि.वॉट	जून 2015
2	बीआईएस, पक्षेका, मुम्बई	40 कि.वॉट	दिसंबर 2015
3	निट्स, नोएडा	50 कि.वॉट	मार्च 2016

सतर्कता गतिविधियाँ

बीआईएस के सतर्कता सेट-अप में प्रमुख, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) तथा इसके अंतर्गत बीआईएस के मुख्यालय में सतर्कता विभाग है और समूह 'ख', 'ग' और 'घ' कर्मचारियों के प्रत्येक प्रशासनिक अधिकारी के सचिवालय, जो बीआईएस के अलग-अलग कार्यालयों में हैं, जिनके प्रमुख उपमहानिदेशक स्तर के अधिकारी हैं, में भी सतर्कता अनुभाग है ।

दिनांक 26 से 31 अक्तूबर 2015 तक बीआईएस में सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान **''सुशासन के औजार के रूप में निवारक सतर्कता''** के विषय पर बैनरों का प्रदर्शन, क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखा कार्यालयों तथा केन्द्रीय प्रयोगशाला में सतर्कता सप्ताह मनाया गया ।

राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस), नोएडा में 19-20 नवंबर 2015 को बीआईएस के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सतर्कता संबंधी मामलों से संबद्ध विभिन्न पहलुओं सहित निवारक सतर्कता पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनमें सतर्कता संबंधी विभिन्न मुद्दे शामिल किए गए ।

8 एवं 9 फरवरी 2016 को बीआईएस के सभी जाँच प्राधिकारियों एवं प्रस्तोता अधिकारियों के लिए निट्स नोएडा में 'कन्डक्ट ऑफ इन्क्वायरी' विषय पर डेढ़ दिन की एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वर्ष के दौरान भोपाल शाखा कार्यालय, लखनऊ शाखा कार्यालय, नागपुर शाखा कार्यालय एवं हैदराबाद शाखा कार्यालय का निवारक सतर्कता के लिए ऑडिट किया गया ।

मानव संसाधन विकास, प्रशासन एवं सामान्य सेवाएँ

भर्ती

वर्ष के दौरान सीधी भर्ती के माध्यम से वैज्ञानिक बी के 71 पद भरे गये ।

31 मार्च 2016 तक कुल 1 532 व्यक्ति बीआईएस में कार्यरत थे । 2015-16 के दौरान बीआईएस की विभिन्न गतिविधियों में तैनात कार्मिक निम्नानुसार हैं :

गतिविधि	कार्मिको की समूहवार तैनाती (31 मार्च 2016 को)		
	ए (वैज्ञानिक संवर्ग)	(ए गैर वैज्ञानिक संवर्ग बी, सी एवं डी)	योग
मानक निर्धारण	95	59	154
प्रमाणन	340	328	668
प्रयोगशालाएँ	55	219	274
तकनीकी सहायी सेवाएँ	28	111	139
प्रशासन/एचआरडी/स्थापना	2	144	146
अन्य (कॉर्पोरेट)	8	143	151
योग	**528**	**1 004**	**1 532**



31 मार्च 2016 को समूहवार संख्या निम्नलिखित है :

समूह	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/ओबीसी/ दिव्यांग /भूतपूर्व सैनिक का प्रतिनिधित्व	योग
ए (वैज्ञानिक संवर्ग)	223	528
ए (गैर-वैज्ञानिक संवर्ग)	19	40
बी	123	458
सी	143	323
डी*	86	183
योग	**594**	**1 532**

** सरकार के निर्णय के अनुसार पहले के समूह 'घ' कर्मचारियों को विहित प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें समूह 'ग' का कर्मचारी माना जाता है ।*

एससी/एसटी/ओबीसी और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान आरंभ किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन- उपभोक्ता मामले विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 22 जून 2015 से 15 अगस्त 2015 के दौरान बीआईएस के सभी कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाये गये। बीआईएस कर्मचारियों ने सफाई अभियानों में भाग लिया और अपने कार्यक्षेत्र एवं कार्यालय परिसरों को साफ किया एवं उन्हें धूलमुक्त बनाया। पुरानी फाइलों को वीड-आउट किया गया एवं अनुपयुक्त/सेवा देने में अक्षम उपकरणों एवं फर्नीचरों की पहचान की गई एवं उनका निपटान किया गया ।

1 अक्तूबर 2015 को बीआईएस (मुख्यालय) में 'स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन पर सुझावों' पर एक प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं उस प्रतियोगिता में 41 बीआईएस कर्मचारियों ने भाग लिया ।

स्टाफ कल्याण - समूह बीमा योजना, होलीडे होम सुविधा, पार्ट-टाइम डॉक्टर की इन-हाउस सेवाएँ, आर्थिक सहायता प्राप्त अल्पाहार, चिल्ड्रन स्कॉलरशिप योजना इत्यादि जैसे कल्याण के कार्य बीआईएस ने अपने कर्मचारियों के लिए जारी रखे।

बीआईएस मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत निम्नलिखित हॉलीडे होम थे:

क) बीआईएस मुख्यालय - शिमला (11 सितम्बर 2015 से)

ख) पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय - पुरी (14 अक्टूबर 2015 तक)

ग) पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय - लोनावाला

पुस्तकालय सेवाएँ

बीआईएस के मुख्यालय में स्थित तकनीकी पुस्तकालय मानकों एवं संबद्ध विषयों पर जानकारी का एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र है और उद्योग, व्यापार, सरकार, अनुसंधानकर्ताओं और उपभोक्ताओं की आवश्यकता को पूरा करता है। 1 000 वर्ग मीटर के फ्लोर एरिया में फैला यह पुस्तकालय आज दक्षिण एशिया क्षेत्र का सबसे बड़ा पुस्तकालय है। इसके संग्रह में विश्वभर के लगभग 4 लाख मानक और 70 000 तकनीकी पुस्तकें हैं। 2 627 आगंतुकों को संदर्भ सेवाएँ प्रदान की गईं तथा विषयों के व्यापक संदर्भ ग्रंथ तैयार करके उनकी पसंद की संदर्भ सामग्रियां उन्हें उपलब्ध कराई गईं। इसने भारतीय व्यापार और उद्योग से प्राप्त होने वाली 1 840 छोटी-बड़ी पूछताछों इत्यादि का उत्तर तुरंत देकर उनकी सहायता की। पुस्तकालय प्राप्त मानकों के यंत्रीकृत डाटाबेस को नियमित रूप से

अद्यतन करके उसका रख-रखाव करता है। वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत 41 680 प्रकाशनों को इलैक्ट्रॉनिक रूप से सूचीबद्ध किया गया है ।

कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायत समिति का गठन

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए भारत के उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों के पालन के लिए फरवरी 1998 में भारतीय मानक ब्यूरो में एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई और चंडीगढ़ स्थित चार क्षेत्रीय कार्यालयों में भी आईसीसी गठित की गई हैं ।

आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी-मुख्यालय) ने दिनांक 08 मार्च 2016 को बीआईएस (मुख्यालय) नई दिल्ली में 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' आयोजित किया, जिसमें बीआईएस (मुख्यालय) नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित फरीदाबाद, गाजियाबाद, केंद्रीय प्रयोगशाला एवं निट्स नोएडा के बीआईएस कार्यालयों में तैनात महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा

लगातार 27वें वर्ष अर्थात् 2015-16 में भी भारतीय मानक ब्यूरो अपनी व्यय और देयताएं स्वयं पूरी करके आत्मनिर्भर बना रहा । वर्ष 2015-16 के दौरान कुल आय (निवेश से प्राप्त आय को छोड़कर) रु0 39082.83 लाख थी, जबकि गत वर्ष यह आय रु0 34542.86 लाख थीं, जिसके परिणामस्वरूप 13.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, इस आय में सबसे बड़ा हिस्सा प्रमाणन मुहरांकन शुल्क का था, जो गत वर्ष के रु0 30252.43 लाख की तुलना में इस वर्ष रु0 32611.05 लाख रहा अर्थात् इसमें 7.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 2015-16 के दौरान कुल राजस्व खर्च रु0 23503.26 लाख हुआ जबकि 2014-15 के दौरान यह रु0 21095.90 लाख था और इसमें 11.41 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

वर्ष 2015-16 के दौरान आय और व्यय का वर्ष 2014-15 के साथ तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित है :

(रु. लाखों में)

	2015-16	2014-15	वृद्धि / गिरावट (-) (%)
आय			
सेवाओं से आय	37 277.84	32 722.03	13.92
मानकों की बिक्री से आय	627.94	903.45	-30.50
आईएसओ एवं आईईसी से रेट्रोसेशन	476.75	340.68	39.94
शुल्क / अंशदान	234.53	222.46	5.43
अन्य आय	465.77	354.24	31.48
उप-योग	**39 082.83**	**34 542.86**	**13.14**
निवेशों से आय	2 743.58	1 739.50	57.72
योग	**41 826.41**	**36 282.36**	**15.28**
व्यय			
स्थापना व्यय	15 999.65	15 176.16	5.43
प्रशासनिक एवं प्रचालनात्मक व्यय आदि	7 076.50	5 506.42	28.51
मूल्यह्रास	427.11	413.32	3.34
उपयोग	**23 503.26**	**21 095.90**	**11.41**
पेंशन तथा ग्रेच्युटी देयता निधि लेखा में कमी के लिए अंशदान	17 732.12	0.00	
योग	**41 235.38**	**21 095.90**	
पूंजीगत निधि से अग्रनीत अधिशेष	591.03	15 186.46	

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष का पक्का चिट्ठा

(राशि रू0 में)

	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
कार्पस निधि एवं देनदारियां			
कार्पस/पूंजी निधि	1	5,40,78,80,066	5,35,08,38,482
रिजर्व और निधियाँ		-	-
उदिदष्ट/अक्षय निधि	2	14,49,41,34,257	11,88,43,92,402
प्रतिभूत ऋण और उधार		-	-
अप्रतिभूत ऋण और उधार		-	-
आस्थगित क्रेडिट देनदारियां		-	-
वर्तमान देनदारियां और प्रावधान	3	11,12,51,290	12,05,20,705
योग		**20,01,32,65,613**	**17,35,57,51,589**
परिसम्पत्तियां			
अचल परिसम्पत्तियां	4	1,31,76,90,186	1,26,71,32,873
निवेश : उदिदष्ट/अक्षय निधि से	5	1,16,11,02,309	1,16,75,01,480
निवेश : अन्य	6	-	-
वर्तमान परिसम्पत्तियों ऋण, अग्रिम इत्यादि।	7	17,53,44,73,118	14,92,11,17,236
विविध खर्च (बट्टे खाते या समायोजित न करने की सीमा तक)		-	-
योग		**20,01,32,65,613**	**17,35,57,51,589**
महत्वपूर्णलेखा सम्बन्धी नीतियां	16		
आकस्मिक देनदारियां और लेखों पर टिप्पणियां	17		
निवेश का विवरण	18		

(अलका पंडा)
महानिदेशक

(एच.आर. आहूजा)
उपमहानिदेशक (वित्त)

(विनोद कुमार)
निदेशक (वित्त)

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय का लेखा

(राशि रू० में)

	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
आय			
सेवा से आय	8	3,72,77,83,894	3,27,22,02,759
अनुदान/सब्सिडी		-	-
शुल्क/अंशदान	9	2,34,52,645	2,22,45,944
निवेशों से आय	10	27,43,58,316	17,39,49,513
रॉयल्टी, प्रकाशन इत्यादि से आय	11	11,04,69,303	12,44,13,291
अर्जित ब्याज	12	7,60,185	9,11,641
अन्य आय	13	4,58,16,677	3,45,13,263
योग (ए)		**4,18,26,41,020**	3,62,82,36,411
व्यय			
स्थापना खर्च	14	1,59,99,65,486	1,51,76,16,219
प्रचालनात्मक एवं प्रशासनिक खर्च	15	70,76,50,008	55,06,42,239
अनुदान, सब्सिडी इत्यादि पर खर्च		-	-
ब्याज		-	-
मूल्यह्रास	4	4,27,10,544	4,13,31,748
पैंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि खाते में कमी के प्रति अंशदान		1,77,32,12,013	-
योग(बी)		**4,12,35,38,051**	2,10,95,90,206
कार्पस/पूंजी कोष में डाला गया शेष अधिशेष		5,91,02,969	1,51,86,46,205
महत्त्वपूर्ण लेखा संबंधी नीतियां	16		
आकस्मिक देनदारियां और लेखों पर टिप्पणियां	17		
निवेश का विवरण	18		

(अलका पंडा)
महानिदेशक

(एच.आर. आहूजा)
उपमहानिदेशक (वित्त)

(विनोद कुमार)
निदेशक (वित्त)

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च, 2016 को पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 1 कार्पस/पूंजी निधि	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
वर्ष के प्रारंभ में आरंभिक शेष	5,35,08,38,482	3,83,00,35,277
जोडें: कार्पस/पूंजी निधि में अंशदान		
i) सरकार द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए प्राप्त सब्सिडी	-	21,57,000
ii) योजनागत स्कीम के अंतर्गत मंत्रालय की निधियों से पूंजीकृत परिसम्पतियों की लागत	33,440	-
iii) स्पाइस बोर्ड से प्राप्त निधियों से पूंजीकृत परिसम्पतियों की लागत	62,175	-
योग	**5,35,09,34,097**	3,83,21,92,277
घटायें: पिछले वर्ष में पूंजीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए सब्सिडी का रिवर्सल {संदर्भ अनुसूची 4(क–2)}	21,57,000	-
योग :	**5,34,87,77,097**	3,83,21,92,277
जमा : आय और व्यय लेखा से हस्तांतरित अधिशेष	5,91,02,969	1,51,86,46,205
वर्ष के अंत में शेष	**5,40,78,80,066**	5,35,08,38,482

भारतीय मानक ब्यूरो
31 मार्च, 2016 को पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू० में)

अनुसूची–2 उदिष्ट/अक्षय निधि	हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना हेतु योजनागत योजना के अंतर्गत उपभोक्ता मामले विभाग से सहायता	उपभोक्ता मामले मंत्रालय से योजनागत परियोजना के अंतर्गत सहायता- उपभोक्ता संरक्षण के लिए गुणता ढांचा (योजनागत)	सी.डब्ल्यू.एफ. के अंतर्गत उपभोक्ता मामले मंत्रालय से सहायता	हितकारी निधि	सामान्य भविष्य निधि	राष्ट्रीय पेंशन योजना निधि	पेंशन तथा ग्रेच्यूटी देयता लेखा	हॉलमार्किंग शिक्षा एवं संरक्षण निधि	योग	
									चालू वर्ष	पिछला वर्ष
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(क) निधियों का आरंभिक शेष	**18,55,163**	**6,49,15,298**	**4,39,672**	**4,78,860**	**1,47,58,34,856**	**1,05,45,509**	**10,32,99,17,613**	**4,05,431**	**11,88,43,92,402**	11,01,08,23,189
(ख) निधियों में जमा										
i) सहायता/अनुदान	3,75,00,000	5,00,00,000							8,75,00,000	5,00,00,000
ii) निधि खाते से किये गए निवेशों पर ब्याज से आय	8,47,825	15,96,670	6,377	13,766	12,63,41,423	5,09,528	1,06,18,74,650		1,19,11,90,239	1,16,59,86,635
iii) संबद्ध निधि में अंशदान				8,12,205	20,37,84,415	3,64,12,325	25,02,05,865	10,71,233	49,22,86,043	45,58,41,096
iv) पेंशन/ग्रेच्यूटी देयता निधि लेखा में कमी के लिए अंशदान							1,77,32,12,013		1,77,32,12,013	
v) अन्य		20,262					4,64,033		4,84,295	4,84,989
योग (क+ख)	**4,02,02,988**	**11,65,32,230**	**4,46,049**	**13,04,831**	**1,80,59,60,694**	**4,74,67,362**	**13,41,56,74,174**	**14,76,664**	**15,42,90,64,992**	12,68,31,35,909
ग) निधियों के उद्देश्यों के लिए उपयोग/खर्च										
i) पूंजीगत खर्च–अचल परिसम्पत्तियां		33,440							33,440	
ii) राजस्व खर्च										
– कर्मचारियों, पेंशनरों और हितधारियों को भुगतान				6,60,042	23,46,58,883	4,46,05,043	59,02,40,036		87,01,64,004	77,18,23,313
–हॉलमॉर्किंग केन्द्रों को सहायता	3,69,84,678								3,69,84,678	2,69,20,194
–बैठकें, यात्राएं एवं अन्य खर्च		2,77,48,613							2,77,48,613	
कुल राजस्व खर्च	3,69,84,678	2,77,48,613	0	6,60,042	23,46,58,883	4,46,05,043	59,02,40,036	0	93,48,97,295	79,87,43,507
योग (ग)	3,69,84,678	2,77,82,053	0	6,60,042	23,46,58,883	4,46,05,043	59,02,40,036	0	93,49,30,735	79,87,43,507
31.03.2016 के वर्ष के अंत में निवल शेष (क+ख–ग)	**32,18,310**	**8,87,50,177**	**4,46,049**	**6,44,789**	**1,57,13,01,811**	**28,62,319**	**12,82,54,34,138**	**14,76,664**	**14,49,41,34,257**	11,88,43,92,402

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च, 2016 के पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू. में)

अनुसूची 3 – चालू देनदारियाँ और प्रावधान		चालू वर्ष	पिछला वर्ष
ए. चालू देनदारियाँ			
	1. सामान और सेवाओं के लिए फुटकर लेनदारियाँ		
	क) अतःदेशीय	5,30,93,179	6,18,61,591
	ख) विदेश	1,97,84,495	1,82,50,535
	2. ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम:		
	क) बिक्री	4,94,625	4,70,576
	ख) प्रमाणन	1,32,03,134	1,08,69,537
	3. सांविधिक देनदारियाँ		
	अन्य – देय सेवाकर	2,44,357	34,38,857
	4. अन्य चालू देनदारियाँ		
	क) धरोहर राशि/प्रतिधारण मूल्य	2,09,49,862	2,20,51,971
	ख) लेखा कर्मचारियों को देय	9,28,054	11,66,583
	ग) गुजरात सरकार (एबीओ बिल्डिंग लेखा)	25,53,584	24,11,055
योग (क)		**11,12,51,290**	12,05,20,705
(ख) प्रावधान		-	-
योग (क+ख)		**11,12,51,290**	12,05,20,705

भारतीय मानक ब्यूरो
31 मार्च, 2016 को पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

	अनुसूची–4 अचल परिसम्पत्तियाँ	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास				निवल ब्लॉक	
	विवरण	वर्ष के प्रारंभ में लागत/ मूल्यांकन	वर्ष के दौरान जोड़	वर्ष के दौरान कटौती	वर्ष के अंत में लागत/ मूल्यांकन	यथा वर्ष के प्रारंभ में	वर्ष के दौरान परिवर्धन पर	वर्ष के दौरान कटौती	वर्ष के अंत तक योग	यथा चालू वर्ष 2015–16 के अंत पर	यथा पिछले वर्ष 2014–15 के अंत पर
क.	**अचल परिसम्पत्तियां:**										
1	भूमि	59,35,58,542	0	0	59,35,58,542	0	0	0	0	59,35,58,542	59,32,36,686
2	भवन	24,72,79,176	96,91,810	21,57,000	25,48,13,986	16,79,79,763	1,36,79,573	0	18,16,59,336	7,31,54,650	7,96,21,269
3	आवासीय फ्लैट	6,22,96,310	0	0	6,22,96,310	3,95,26,303	11,38,500	0	4,06,64,803	2,16,31,507	2,27,70,007
4	संयत्र, मशीनरी और उपस्कर	24,41,19,168	1,85,96,162	0	26,27,15,330	20,79,84,089	78,66,046	90	21,58,50,045	4,68,65,285	3,61,35,079
5	वाहन	40,28,549	0	0	40,28,549	24,55,954	2,35,890	0	26,91,844	13,36,705	15,72,595
6	फर्नीचर, कार्यालय उपस्कर और कम्प्यूटर	28,23,21,298	2,26,33,436	51,98,644	29,97,56,090	23,11,86,240	1,95,25,096	39,37,466	24,67,73,870	5,29,82,220	5,11,35,058
7	पुस्तकालय की पुस्तकें	2,70,48,008	2,36,174	1,52,935	2,71,31,247	2,69,62,016	2,65,439	1,52,935	2,70,74,520	56,727	85,992
	चालू वर्ष का योग (क)	**1,46,06,51,051**	**5,11,57,582**	**75,08,579**	**1,50,43,00,054**	**67,60,94,365**	**4,27,10,544**	**40,90,491**	**71,47,14,418**	**78,95,85,636**	78,45,56,686
	पिछले वर्ष	1,45,22,43,702	3,39,93,497	2,55,86,148	1,46,06,51,051	65,93,82,118	4,13,31,748	2,46,19,501	67,60,94,365		
ख.	**प्रगति में पूंजीगत कार्य**	**48,25,76,187**	**4,55,28,363**		**52,81,04,550**					**52,81,04,550**	48,25,76,187
									योग	**1,31,76,90,186**	1,26,71,32,873

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च, 2016 के पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 5 उद्दिदष्ट/अक्षय निधि से निवेश	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. पेंशन तथा ग्रेच्युटी देयता निधि लेखा		
1.1. डिबेंचर ओर बंधपत्र	2,00,00,000	2,00,00,000
योग (1)	2,00,00,000	2,00,00,000
2. कर्मचारियों की सामान्य भविष्य निधि		
2.1 भारत सरकार की प्रतिभूतियाँ	27,95,88,148	28,01,63,576
2.2 राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ	40,71,14,749	35,91,65,640
2.3 डिबेंचर ओर बंधपत्र	13,29,90,818	19,54,63,670
2.4 आरबीआईके पास विशेष जमा	31,27,08,594	31,27,08,594
2.5 इक्विटी एवं संबंधित निवेश– मुच्यअल निधियॉ	87,00,000	-
योग (2)	**1,14,11,02,309**	1,14,75,01,480
योग (1)+(2)	**1,16,11,02,309**	1,16,75,01,480

(राशि रू0 में)

अनुसूची 6 – निवेश – अन्य	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. **निवेश –कार्पस/पूंजीगत निधि में निवेश**	-	-
योग	-	-

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च, 2016 का पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 7 –चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण, अग्रिम इत्यादि	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
क. चालू परिसम्पत्तियाँ		
1. वस्तुसूची		
क) प्रयोगशाला उपकरण और स्टोर का सामान	12,38,631	13,35,510
ख) स्टेशनरी	24,66,675	28,52,686
ग) मरम्मत एवं रख–रखाव उपभोग्य सामग्री	5,86,048	6,60,646
घ) स्वर्ण आभूषण	7,62,018	7,62,018
योग (1)	**50,53,372**	56,10,860
2. फुटकर लेदनारियाँ		
क) प्रकाशनों की बिक्री		
i) छह माह से अधिक	60,230	60,230
ii) अन्य	16,967	45,862
ख) प्रमाणन		
i) छह माह से अधिक	19,96,053	19,77,836
ii) अन्य	1,39,123	6,64,639
ग) वसूली योग्य लेखा		
i) वसूली योग्य लेखा (कर्मचारी) (अनुसूची 17 की टिप्पणी सं. 2.10 देखें)	13,02,378	9,60,973
ii) सरकारी विभागों से वसूली योग्य (एमओएफ,एमईए एवं डीओसीए)	85,14,510	84,23,602
iii) वसूली योग्य लेखा (अन्य)	2,27,61,999	2,52,85,473
योग (2)	**3,47,91,260**	3,74,18,615
3. हाथ में रोकड़ शेष (अग्रदाय सहित)	5,24,230	7,27,728
4. बैंक में शेष:		
क) अनुसूचित बैंकों में		
i) चालू खातों में	12,68,43,372	8,71,96,034
ii) बचत खातों में	6,23,40,961	3,43,89,181
4(क) (i और ii) का उप–योग	**18,91,84,333**	12,15,85,215
iii) सावधि जमा खातों में		
क) निवेश–उद्दिष्ट निधि		
i) सामान्य भविष्य निधि	31,02,91,000	24,03,30,000
ii) अहमदाबाद शाखा कार्यालय भवन परियोजना खाता	23,33,410	23,33,410
iii) राष्ट्रीय पेंशन योजना निधि खाता	28,62,319	1,05,45,509
iv) पेंशन तथा ग्रेच्यूटी देयता निधि खाता	12,80,54,34,138	10,30,99,17,613
ख) निवेश –कार्पस/पूंजीगत निधि में सामान्य निवेश	2,15,95,03,543	2,66,43,36,878
4(क) (iii) का उप–योग	**15,28,04,24,410**	13,22,74,63,410
योग (4)	**15,46,96,08,743**	13,34,90,48,625
5. चैक हस्तांतरण में	6,50,000	0
6. फ्रैंकिंग मशीन शेष	2,09,560	1,53,075
योग (ए)	**15,51,08,37,165**	13,39,29,58,903

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च, 2016 का पक्के चिट्ठे की अनुसूची का भाग

(राशि रू० में)

अनुसूची 7 –चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण, अग्रिम इत्यादि	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
ख. ऋण, अग्रिम एवं अन्य परिसम्पत्तियाँ		
1. स्टाफ को ऋण :		
i) वाहन खरीद के लिए	14,30,936	16,48,049
ii) आवास निर्माण के लिए	37,98,561	48,44,977
iii) कम्प्यूटर के लिए	6,67,340	11,06,718
योग (1)	**58,96,837**	75,99,744
2. अग्रिम और वसूली योग्य अन्य राशियाँ अथवा प्राप्त किया जाने वाला मूल्य		
क) बाहरी पार्टियों को पूंजीगत लेखा और अन्य		
i) परियोजना – मुख्यालय केलोनिवि (अनुसूची 17 की टिप्पणी सं. 2.1(i) देखें)	70,11,676	1,18,01,872
ii) क्षेत्रीय/शाखा कार्या. में भवन निर्माण. केलोनिवि	1,27,99,773	2,37,30,142
iii) कंप्यूटीकरण परियोजना : सी–डीएसी	2,22,38,853	2,22,38,853
iv) अन्य (क्षे.कार्या/शा.कार्या/मुख्यालय)	1,13,74,256	1,33,43,889
v) उपभोक्ता कल्याण निधि (एनबीसीसी)	3,32,260	3,32,260
vi) परियोजना गत योजना *(अनुसूची 17 की टिप्पणी सं. 2.7 देखें)*	12,17,436	26,52,699
योग (2क)	**5,49,74,254**	7,40,99,715
ख) पूर्व प्रदत्त व्यय	15,21,244	1,27,02,676
ग) स्टाफ को निम्नलिखित के लिए अग्रिम:		
i) त्यौहार	7,15,415	8,06,390
ii) प्राकृतिक आपदाएँ	1,58,400	0
iii) यात्रा व्यय	17,47,495	35,32,163
iv) छुट्टी यात्रा	8,58,670	15,37,630
v) सामान्य भविष्य निधि	85,12,793	90,64,186
योग (2ग)	**1,19,92,773**	1,49,40,369
घ) पंजीयक – लघुवाद न्यायालय – मुम्बई (अनुसूची 17 की टिप्पणी सं. 1.3)	1,83,60,598	1,83,60,598
ङ) प्रतिभूति जमा	53,05,938	53,25,763
योग (2)	**9,21,54,807**	12,54,29,121
3. प्राप्त आय		
क) उद्दिष्टों/अक्षय निधियाँ एवं अन्य से निवेश		
i) बीआईएस निधियाँ	1,79,63,26,587	1,25,64,53,659
ii) सामान्य भविष्य निधि	10,82,74,830	8,16,94,307
योग (3)	**1,90,46,01,417**	1,33,81,47,966
4. प्राप्ति योग्य दावे		
क) आयकर वापसी	1,82,15,664	4,97,50,866
ख) प्राप्तियोग्य सेवाकर	27,67,228	72,30,636
योग (4)	**2,09,82,892**	5,69,81,502
योग (ख)	**2,02,36,35,953**	1,52,81,58,333
योग (क+ख)	**17,53,44,73,118**	14,92,11,17,236

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 8– बिक्री/सेवाओं से आय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1 उत्पाद प्रमाणन	3,26,11,05,239	3,02,52,43,095
2 अनुरूपता आकलन (पंजीकरण)	22,20,45,630	5,60,71,441
3 हॉलमार्किंग प्रमाणन	20,05,56,091	15,37,22,578
4 पद्धति प्रमाणन	4,40,76,934	3,71,65,645
योग	**3,72,77,83,894**	3,27,22,02,759

(राशि रू0 में)

अनुसूची 9– शुल्क/अंशदान	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. सम्मेलन व प्रशिक्षण शुल्क	2,06,63,245	1,92,25,246
2. पुस्तकालय सदस्यता शुल्क	27,04,000	28,79,000
3. स्टैंडर्ड्स इंडिया जर्नल का अंशदान	85,400	1,41,698
योग	**2,34,52,645**	2,22,45,944

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

	ईयरमार्क्ड निधि से निवेश		निवेश – अन्य	
अनुसूची 10–निवेशों से आय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
(उदिदष्ट/अक्षय निधि से निवेश से आय निम्नलिखित निधि में अंतरित)				
1. ब्याज	1,06,18,74,650	1,04,42,07,360	27,38,83,287	17,25,90,426
2. किराया	-	-	4,75,029	13,59,087
योग	**1,06,18,74,650**	1,04,42,07,360	**27,43,58,316**	17,39,49,513
(उदिदष्ट/अक्षय निधियों को अंतरित)	1,06,18,74,650	1,04,42,07,360		
[(संदर्भ अनुसूची 2, मद ख)ii), कालम 7]				

(राशि रू0 में)

अनुसूची 11–रायल्टी, प्रकाशन आदि से आय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
क **मानकों की बिक्री से आय**		
1 इलैक्ट्रॉनिक मीडिया	3,92,82,629	6,74,59,705
2 हार्ड प्रतियॉं	2,15,58,445	2,21,59,625
3 विदेशी निकायों के प्रकाशनों की बिक्री पर मार्जिन	18,41,093	7,25,435
4 भारतीय मानकों के पुनरोत्पादन से रॉयल्टी	1,12,000	0
योग (क)	**6,27,94,167**	9,03,44,765
ख. **भारत में आईएसओ और आईईसी के प्रकाशनों की बिक्री से आय**	4,76,75,136	3,40,68,526
योग (क+ख)	**11,04,69,303**	12,44,13,291

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 12–अर्जित ब्याज	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
बचत खाते पर	7,60,185	9,11,641
योग	**7,60,185**	9,11,641

(राशि रू0 में)

अनुसूची 13–अन्य आय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
क) वाहन, कम्प्यूटर व गृह निर्माण अग्रिम से ब्याज	54,12,839	58,37,158
ख) सीजीएचएस अंशदान	35,04,508	13,47,600
ग) स्टाफ क्वार्टरों से लाइसेंस शुल्क	4,51,844	3,91,256
घ) मुख्यालय में विविध आय	1,64,46,330	51,73,462
ड.) क्षे.कार्या./शा.कार्या. में विविध आय	1,10,72,148	69,10,786
च) प्रयोगशालाओं में विविध आय	89,29,008	1,48,53,001
योग	**4,58,16,677**	3,45,13,263

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 14–स्थापना व्यय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. वेतन और भत्ते		
क) वेतन	47,26,57,066	44,93,63,544
ख) भत्ते और बोनस	72,28,49,608	67,56,80,994
ग) टर्मिनल छुट्टी भुनाना	5,46,19,792	7,21,78,737
योग (1)	**1,25,01,26,466**	1,19,72,23,275
2. सेवा निवृत्ति लाभ		
क) पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि खाते में वार्षिक अंशदान (अनुसूची 17 की टिप्पणी संख्या 2.2.3(ii) देखें)	25,02,05,865	23,29,96,996
ख) नियोक्ता का राष्ट्रीय पेंशन योजना में अंशदान	1,82,04,435	1,39,91,431
ग) सामान्य भविष्य निधि खाते में घाटा	3,72,550	48,17,735
योग (2)	**26,87,82,850**	25,18,06,162
3. कल्याण खर्च		
क) चिकित्सा लाभ – कर्मचारी	2,73,32,177	2,46,79,082
ख) चिकित्सा लाभ – पेंशनधारी	3,49,37,881	1,88,93,334
ग) स्टाफ कल्याण	77,39,164	84,94,333
घ) छुट्टी यात्रा रियायत	1,10,46,948	1,65,20,033
योग (3)	**8,10,56,170**	6,85,86,782
योग (1+2+3)	**1,59,99,65,486**	1,51,76,16,219

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू0 में)

अनुसूची 15–प्रचालनात्मक और प्रशासनिक व्यय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. यात्रा व्यय		
क) विदेश	6,90,139	20,119
ख) घरेलू	3,84,14,752	4,22,56,549
ग) समिति सदस्य	3,68,359	3,60,393
योग (1)	**3,94,73,250**	4,26,37,061
2. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को चंदे		
क) अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन	3,09,45,885	2,88,47,095
ख) अंतराष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग	99,57,985	79,35,248
योग (2)	**4,09,03,870**	3,67,82,343
3. मुद्रण		
क) मानक	9,67,396	24,02,985
ख) बुलेटिन	5,77,614	2,60,615
योग (3)	**15,45,010**	26,63,600
4. परीक्षण और निगरानी		
क) परीक्षण शुल्क	13,30,72,280	7,38,79,756
ख) प्रयोगशाला एप्रिंटसों को छात्रवृत्ति	32,95,055	30,71,044
ग) प्रयोगशाला में खपत योग्य सामान और प्रयोगशाला उपस्कर की मरम्मत और रख–रखाव	93,71,043	52,93,039
घ) बाजार नमूने	38,43,034	38,22,175
ङ.) बाहरी एजेंसियों को निरीक्षण प्रभार	-	14,06,029
च) निरीक्षण कार्य के लिए टैक्सी किराए पर लेना	44,16,328	37,72,272
छ) भाड़ा और ढुलाई	1,40,92,399	1,41,90,973
योग (4)	**16,80,90,139**	10,54,35,288
5. प्रचार	**17,08,99,480**	13,38,73,826
6. कार्यालय व्यय		
क) लेखन सामग्री	1,82,05,064	1,69,44,206
ख) पोस्टेज	56,61,754	52,75,709
ग) दूरभाष	1,35,54,265	1,27,40,696
घ) भर्ती	2,08,67,789	9,69,272
ङ) जलपान और मनोरंजन	13,30,973	10,37,473
च) वर्दी	5,06,880	3,91,563
छ) बीमा और बैंक प्रभार	17,57,606	16,10,542
ज) विविध	20,69,393	30,51,597

भारतीय मानक ब्यूरो

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय व व्यय लेखा की अनुसूची का भाग

(राशि रू० में)

अनुसूची 15–प्रचालनात्मक और प्रशासनिक व्यय	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
झ) किराया और सांविधिक कर	2,80,96,806	3,03,57,977
ञ) बिजली और पानी प्रभार	4,45,76,412	4,34,78,277
ट) टैक्सी किराया प्रभार	89,57,065	72,31,388
योग (6)	**14,55,84,007**	12,30,88,700
7. मरम्मत और रखरखाव		
क) फर्नीचर एवं कार्यालय उपस्कर	76,70,116	54,53,291
ख) भवन	1,56,78,892	1,11,52,142
ग) वाहन	5,85,369	10,67,369
योग (7)	**2,39,34,377**	1,76,72,802
8. सम्मेलन, उपभोक्ता जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम		
क) सम्मेलन/संगोष्ठियाँ एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम	1,01,41,714	1,25,78,357
ख) एनआईटीएस में प्रशिक्षण व्यय	68,04,034	68,61,079
योग (8)	**1,69,45,748**	1,94,39,436
9. अन्य व्यय		
क) सूचना प्रौद्योगिक व्यय	1,88,35,210	1,23,26,481
ख) पुस्तकालय चंदा और व्यय	3,13,951	2,23,465
ग) लेखा परीक्षा शुल्क और अन्य परामर्श प्रभार	43,44,431	44,51,612
घ) विधि प्रभार	37,39,155	21,78,254
ङ.) श्रम व्यय	5,42,00,305	3,50,92,616
च) गृह निर्माण ऋण पर ब्याज में छूट	-	1,76,147
छ) डूबा ऋण और घाटा बट्टे खाते में डाला (अनुसूची 17 की टिप्पणी सं. 2.11 देखें)	2,64,800	7,63,794
ज) पूंजी निवेश (अचल परिसम्पत्तियाँ) बट्टे खाते में डाला (निवल)	2,82,303	-
झ) गुणता पद्धति प्रभार	99,84,532	1,03,53,586
ञ) हिन्दी प्रोत्साहन गतिविधियाँ	30,85,708	14,39,736
ट) प्रवर्तन आउटसोर्सिंग व्यय	2,14,566	2,23,465
ठ) विनिमय दर परिवर्तन	10,77,081	-
ड) सेनवेट क्रेडिट व्यय	39,32,085	18,20,027
योग (9)	**10,02,74,127**	6,90,49,183
योग (1 से 9)	**70,76,50,008**	55,06,42,239

भारतीय मानक ब्यूरो

दिनांक 31 मार्च, 2015 को समाप्त अवधि के लेखों की अनुसूची का भाग

अनुसूची 16– विशिष्ट लेखाकरण नीतियां

1. लेखाकरण परिपाटी

अन्यथा नियत न होने पर प्रमाणन आय एवं चूक वाले निवेशों पर देय ब्याज को छोड़कर, जिसका लेखांकन नकद आधार पर किया जाता है, वित्तीय विवरण एंतिहासिक लागत परिपाटी और सामान्यतः लेखांकन की उपार्जन पद्धति के आधार पर तैयार किए जाते हैं।

2. माल सूचियां

भारतीय मानकों तथा अन्य प्रकाशनों के स्टॉक के मूल्य का लेखा–जोखा नीतिगत रूप से नहीं रखा जाता। तथापि, कागज, प्रयोगशाला की उपभोग्य मदों, स्पेयर पार्ट, लेखन सामग्री एवं स्वर्ण के स्टॉक का मूल्यांकन लागत के आधार पर किया जाता है।

3. निवेश

3.1 निवेश का लेखा–जोखा सामान्यतः लागत पर रखा जाता है।

3.2 स्थायी निवेश के अधिग्रहण पर भुगतान किए गए प्रीमियम परिपक्वता तिथि तक समय अनुपात आधार पर परिशोधित किए जाते हैं।

4. अचल परिसम्पत्तियां

4.1 अचल परिसम्पत्तियों का लेखा–जोखा इन्वार्ड भाड़े, ड्यूटी एवं करों सहित अधिग्रहण की लागत पर रखा जाता है

4.2 मंत्रालयों की अनुदानों/सहायता से उपार्जित अचल परिसम्पत्तियां कार्पस/पूंजीगत निधि में वर्णित संगत मूल्य पर पूंजीगत की जाती है।

4.3 नॉन–मोनिटरी अनुदानों के रूप में प्राप्त अचल परिसम्पत्तियां कार्पस/पूंजीगत निधि पर संगत जमा द्वारा कथित मूल्य पर पूंजीकृत की जाती है।

5. मूल्यह्रास

मूल्यह्रास आयकर अधिनियम 1961 में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार रिटन डाउन मूल्य पद्धति पर किया जाता है।

6. सरकारी अनुदान/सहायता

6.1 सरकारी अनुदान/सहायता वसूली आधार पर लेखांकित होता है।

6.2 मंत्रालयों से प्राप्त सभी सरकारी अनुदान/सहायता एवं उनके उपयोग उद्धिष्ट/अक्षय निधि अनुसूची में दर्शाए गए हैं।

6.3 परियोजनाओं की नीतिगत लागत एवं अचल परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण के लिए प्रयुक्त सरकारी अनुदान/सहायता कार्पस/पूंजीगत निधि में जोड़ के रूप में दिखाई गई है।

7. विदेशी मुद्रा का लेनदेन

7.1 विदेशी मुद्रा का लेनदेन उसकी तिथि पर लागू विनियम दर पर लेखांकित होते हैं।

7.2 वर्तमान देनदारियां वर्ष के अंत में लागू विनियम दर पर परिवर्तनीय होती हैं तथा संबंधित लाभ/हानि आय एवं व्यय लेखा में अंतरित की जाती है।

8. वेतन और भत्ते

8.1 वेतन और भत्तों तथा छुट्टी नकदीकरण का भुगतान, वेतन एवं भत्तों के तहत नकद आधार पर आय एवं व्यय लेखा से प्रभारित किया जाता है।

9. सेवानिवृत्ति लाभ

9.1 एक्चुरियन मूल्यांकन पर आधारित सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के पेंशन एवं वर्तमान कर्मचारियों की पेंशन एवं ग्रेच्युटी की देयता पिछली सेवा का उपार्जित करके अनुसूची उद्धिष्ट/अक्षय निधि के तहत दर्शाए गए पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि के लेखा के अंतर्गत प्रावधान किया गया है।

9.2 एक्चुरियन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि लेखा में संगत क्रेडिट सहित आय और व्यय खाते में निधि के लिए वार्षिक अंशदान दिया जाता है।

9.3 वर्ष के दौरान सभी पेंशन लाभों के वास्तविक भुगतान पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि लेखा के नामे डाले जाते हैं।

10. कर्मचारियों को ऋण

कर्मचारियों को दिए गए भवन निर्माण, वाहन एवं कम्प्यूटर संबंधी ऋणों के ब्याज को ऋण के मूलधन की वसूली के बाद नकदी आधार पर लेखांकित किया जाता है।

11. सामान्य भविष्य निधि

कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि लेखा में अधिशेष/घाटे को ब्यूरो की आय/खर्च के रूप में माना जाता है।

भारतीय मानक ब्यूरो

दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त अवधि के लेखों की अनुसूची का भाग

अनुसूची 17– लेखा संबंधी तत्काल देयताएं एवं टिप्पणियां

1. तत्काल देयताएं

1.1 बीआईएस के निम्नलिखित कार्यालयों की सेवाकर संबंधी विवादित मांगे (जुर्माने एवं ब्याज को छोड़कर)

क्रम सं.		राशि (रू. लाखों में)
i	चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय	161.67
ii	मुम्बई शाखा कार्यालय	75.78
iii	पुणे शाखा कार्यालय	28.05
iv	कोच्ची शाखा कार्यालय	0.57
v	पटना शाखा कार्यालय	1.05
vi	भामा ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली	192.87

1.2 **जयपुर भवन तथा प्रशिक्षण संस्थान नौएडा भवन के सलाहकार एनबीसीसी** ने जयपुर में भवन और प्रशिक्षण संस्थान, नौएडा के लिए क्रमशः रू. 27.60 लाख और रू. 17.04 लाख के भुगतान का दावा किया है, परन्तु संविदाकार द्वारा किए गए कार्य का भौतिक सत्यापन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है चूंकि एनबीसीसी द्वारा कुछ सुधारात्मक कार्यवाहियां अभी की जानी हैं तथा उनके साथ लेखों का निपटान कार्य प्रगति पर है। चूंकि, करार के अनुसार राशि भौतिक सत्यापन पर दी जायेगी, इसलिए इसे 31-03-2016 तक परिसम्पत्तियों और देयताओं में एडीशन के रूप में शामिल नहीं किया गया है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि मुख्यालय के नए केन्द्रीकृत एसी संयंत्र संबंधी मामले का समाधान होने तक इन दो परियोजनाओं के लिए एनबीसीसी को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

1.3 **मुम्बई में रिक्त कर दिए गए बीआईएस के बिक्री कार्यालय के किराये के मामले के संबंध में लघुवाद न्यायालय, मुम्बई को भुगतान** : यदि बीआईएस द्वारा माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय, मुंबई के आदेश दिनांक 05.10.2015की रिट पेटिशन सं.7380/2006 के विरूद्ध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर स्पेशल लीव पीटिशन की अनुमति न मिलने पर रू. 3,66,60,598/- की आकस्मिक देयता (रू.1,83,60,598/- डिमांड ड्राफ्ट द्वारा और रू. 1,83,00,000/- बैंक गारंटी द्वारा, दोनों ही रजिस्ट्रार, स्माल कॉसिस कोर्ट, मुम्बई के पक्ष में) की आवश्यकता पड सकती है।

आरंभ में, माननीय लघुवाद न्यायालय, मुम्बई ने अपने दिनांक 09 सितम्बर 2005 के निर्णय में मध्यवर्ती लाभ लगाया है जिसका ब्यूरो द्वारा 205/- प्रति वर्गफीट की दर से प्रति माह 3255 वर्गफीट के क्षेत्र के लिए 01 जून 2000 से 30 अप्रैल 2004 तक 6 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज दर से आवेदन की तिथि से अर्थात 27.02.2002 से मध्यवर्ती लाभ की पूर्ण राशि वादी को भुगतान किया जाना है। न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ मुम्बई, ने दिनांक 07.09.2006 के निर्णय में, अपील को आंशिक रूप से अनुमत किया तथा प्रतिवर्ष वार्षिक ब्याज 6 प्रतिशत की दर से और मध्यवर्ती लाभ को प्रतिमाह रू. 5,17,545/-की दर से कम करके ब्यूरो को कुछ राहत दी है, किन्तु यह ब्यूरो को स्वीकार्य नहीं था। इसलिए ब्यूरो द्वारा दिनांक 08.11.2006 को न्यायविधान के कानूनी न्यायालय, मुम्बई में रिट याचिका सं. 7380/2006 दायर की।

माननीय उच्च न्यायालय ने बीआईएस की याचिका सं.7380/2006 को आदेश संख्या दिनांक 05.10.2015 द्वारा खारिज कर दिया है और निर्णय की तिथि से 12 सप्ताह तक कुल डिक्रीटल एमांउट के निष्पादन पर स्टे दिया गया (बीआईएस द्वारा 50 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट द्वारा और 50 प्रतिषत बैंक गारंटी द्वारा जमा करा दिया गया)।

किंतु भारतीय मानक ब्यूरो ने माननीय मुम्बई उच्च न्यायालय द्वारा घोषित दिनांक 05.10.2015 के आदेश को चुनौती दी है । माननीय उच्चतम न्यायालय ने विशेष अनुमति याचिका (सिविल) सं. 36289/2015 दायर की। उक्त एस.एल.पी. में माननीय उच्चतम न्यालयालय के दिनांक 14.03.2016 को निर्देश दिया है कि मामले का निपटान होने तक याचिकाकर्त्ता बैंक गारंटी का समय-समय पर नवीकरण करता रहे तथा प्रतिवादी ने विशेष रूप से कहा है कि न्यायालय की अनुमति के बिना वह उक्त बैंक गारंटी को इनकैश नहीं करायेगी। उक्त एसएलपी अभी भी माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष निर्णय के लिए लंबित है ।

रू. 1,83,60,598/- की दी गई राशि वर्तमान परिसम्पत्तियों, ऋण और अग्रिम (अनुसूची 7 ख मद 2(घ), के अंतर्गत रखी गयी है। यदि बीआईएस की इस मामले में जीत होती है तो वापस प्राप्त राशि को समायोजित कर दिया जायेगा अन्यथा दी गई राशि को आय एवं व्यय लेखा में प्रभारित किया जाना अपेक्षित होगा, जिसके लिए बजट में कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन से प्रावधान किया जायेगा।

1.4 माननीय मुबंई उच्च न्यायालय में 2010 का मुकदमा सं0 3016 :- मैसर्स नेशनल फूड प्रोडक्ट्स (इंडिया) प्रा.लि. ने भारतीय मानक ब्यूरो से ब्याज सहित रू. 7382.90 लाख रूपये का आकस्मिक देयता के रूप में क्षति के लिए दावा किया, जो उसे पैकेजबंद पेयजल के लाइसेंस के नवीकरण में विलम्ब के कारण कथित नुकसान उसे उठाना पड़ा, के लिए था।

1.5 बैंक गारंटी :-सिंडिकेट बैंक द्वारा आपदा, प्रतिक्रिया एवं अग्नि शमन सेवा महानिदेशक, हैदराबाद के पक्ष में रू. 5.00 लाख की 05.01.2020 तक वैध बैंक गारंटी जारी की गई।

2. लेखा संबंधी टिप्पणियां

2.1 पूंजीगत वचनबद्धताएं : पूंजीगत लेखा पर ऐसी संविदा, जिस पर कार्य होना शेष है और जिसका प्रावधान (अग्रिमों के निवल) नहीं किया गया है, के मूल्य निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	परियोजना	कुल अनुमानित लागत	सीपीडब्ल्यूडी को किया गया भुगतान	संविदा का मूल्य जिसका निष्पादन किया जाना है
(i)	मुख्यालय भवन का एयरकन्डीशनिंग	17.02	14.20	2.82
(ii)	चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय का भवन निर्माण	17.04	13.43	3.61
(iii)	राजकोट कार्यालय का भवन निर्माण	5.38	4.00	1.38
(iv)	हैदराबाद कार्यालय का भवन निर्माण	12.99	11.05	1.94
(v)	सरकार से योजना निधि के अंतर्गत प्राप्त सहायता से नोएडा प्रशिक्षण संस्थान के भवन का आधुनिकीकरण	6.51	6.43	0.08
(vi)	उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयोगशाला, मोहाली का नवीनीकरण	0.90	0.67	0.23

क्र.सं.	परियोजना	कुल अनुमानित लागत	सीपीडब्ल्यूडी को किया गया भुगतान	संविदा का मूल्य जिसका निष्पादन किया जाना है
(vii)	जम्मू कार्यालय का भवन निर्माण	4.33	4.22	0.11
(viii)	भामा ब्यूरो मुख्यालय की लिफ्ट बदलना	1.13	0.38	0.75
(ix)	भामा ब्यूरो मुख्यालय की कैन्टीन का नवीनीकरण	0.21	0.07	0.14

2.2 पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि लेखा (अनुसूची 2-कॉलम 7)

2.2.1 आईसीएआई के एएस-15 में दिये गये एवं एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुपालन से सेबी में पंजीकृत मैसर्स नलिन कपाड़िया कंसल्टेंट एंड एक्चुरियल द्वारा प्रस्तुत की गई एक्चुरियल मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, 31.03.2016 तक बीआईएस की कुल प्रोद्भूत पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निम्नानुसार रू. 12,82,54 लाख हो गई है :

क्र.सं.	प्रोद्भूत देयता के प्रति	राशि लाख रूपयों में
1.	वर्तमान कर्मचारियों की प्रोद्भूत पेंशन देयता (विगत सेवा हेतु)	6,47,49.36
2.	वर्तमान कर्मचारियों की प्रोद्भूत ग्रेच्युटी देयता (विगत सेवा हेतु)	57,00.13
3.	वर्तमान पेंशनरों/फैमिली पेंशनरों हेतु प्रोदभूत पेंशन देयता	5,78,04.85
	योग	**12,82,54.34**

2.2.2 दिनांक 26.11.2015 को आयोजित की गई 56वीं वित्तीय समिति की अनुशंसा पर 05.05.2016 को आयोजित हुई कार्यकारी समिति ने अपनी 130 वीं बैठक में दिनांक 15.12.2015 के पत्र सं. बीआईएस/ईसी/ए-2, 130 के सर्कुलेशन के माध्यम से अपने अनुमोदन को अभिपुष्ट किया है कि 31.03.2016 तक पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता के एक्चुरियल मूल्यांकन में 7वें वेतन आयोग के प्रभाव का हिसाब लगाया जाये। कार्यकारी समिति ने यह भी अनुमोदित किया है कि 2015-16 के सरप्लस एवं यदि अपेक्षित हो तो, पूंजीगत निधि में विगत सरप्लसों को तदनुरूप पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि की कुल प्रोद्भूत देयता पर निर्भर पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता निधि में हस्तांतरित किया जाये। 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अभी अधिसूचित एवं कार्यान्वित किया जाना है कि एक्चुरियल मूल्यांकन वर्तमान वेतन एवं भत्तों के आधार पर किया गया है। 7वें वेतन आयोग रिपोर्ट के कार्यान्वयन के बाद 2016-17 के दौरान पेंशन एवं ग्रेच्युटी देयता का एक्चुरियल मूल्यांकन फिर से किया जाएगा ।

